नई दिल्ली, मंगलवार 9 जनवरी 2024 | पौष मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी | वर्ष : 27, अंक : 275 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00 | मौसम अधि. 12.9 न्यून. 8.4 | haribhoomi.com


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


# राम मंदिर में अनूठा घंटा

## 10 किमी तक सुनाई देगी 'ॐ' की ध्वनि

**अयोध्या।** राम मंदिर को भव्य बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली हर एक चीज चर्चा में है। राम मंदिर में लगने वाले घंटे को रामेश्वरम में तैयार कर अयोध्या लाया गया है। राम मंदिर के लिए एक अनोखा घंटा भेंट किया गया है। इस घंटे की आवाज 10 किलोमीटर तक सुनाई देगी। इसकी चौड़ाई 3.9 फीट है और इसकी लंबाई 4 फीट है। इस घंटे की खास बात ये है कि एक बार बजने पर ॐ की आवाज निकलेगी। तमिलनाडु के रामेश्वरम से 613 किलो वजन का यह विशेष घंटा राम मंदिर के लिए भिजवाया गया है। इस विशाल घंटे को तमिलनाडु के रामेश्वरम से 4500 किलोमीटर की यात्रा कर अयोध्या लाया गया है।

**613** किलो वजन

**3.9** फीट चौड़ा

**4** फीट लंबा

### घंटे पर लिखा है राम का नाम

घंटे पर राम का नाम लिखा है। इस घंटे को अष्टधातु से तैयार किया गया है। इस घंटे को तैयार करना कोई आसान काम नहीं था बल्कि इसे तैयार करने में 400 के करीब कर्मचारी लगे थे जिन्होंने दिन-रात एक कर इस घंटे को तैयार किया है। रामलला को यह विशेष घंटा तमिलनाडु की लीगल राइट काउंसिल की ओर से भेंट किया गया है।



400 कर्मचारियों ने किया तैयार

# अनुष्ठान में होंगे 11 यजमान, 12 अधिवास

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा का दिन, समय के बारे में विस्तार से बताया। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में 11 यजमान, 12 अधिवास होंगे। श्री रामलला की मूर्ति का जिस कुटिया में निर्माण किया गया, 16 जनवरी को पूजन का प्रारंभ उसी कर्म कुटी से होगा। इसके बाद मूर्ति का निर्माण करने वाले शिल्पी का प्रायश्चित पूजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ब्रह्मा गणेश्वर शास्त्री द्राविड़, प्रमुख आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित, सुनील दीक्षित, गजानंद जोगकर, अनुपम दीक्षित, घटाटे गुरुजी प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। इसमें 11 यजमान भी होंगे। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और धर्माचार्य संपर्क प्रमुख अशोक तिवारी ने बताया कि 17 जनवरी को श्री विग्रह का परिसर भ्रमण कराया जाएगा। गर्भगृह का शुद्धिकरण होगा।

**श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जारी किया वीडियो**



### निकटवर्ती राम मंदिर जाकर करें प्रभु के दर्शन

चंपत राय ने बताया कि 22 जनवरी को जो मेहमान आने हैं वह तय हो गए हैं। सभी लोग उस दिन नहीं आ सकते इसलिए वह अपनी निकटवर्ती राम मंदिर जाकर प्रभु के दर्शन करें। साथ ही घर पर पांच दिए जलाएं। उन्होंने पीएम के आगमन और पूजा की पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया।

## हनुमान फिल्म की हर टिकट से 5 रुपए राममंदिर के लिए


**हैदराबाद।** तेलुगु अभिनेता तेजा सज्जा और निर्देशक प्रशांत वर्मा की 'हनुमान' 12 जनवरी को पूरे देश में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में मेगास्टार चिरंजीवी चीफ गेस्ट के रूप में मौजूद थे। इवेंट में 'भोला शंकर' अभिनेता ने खुलासा किया कि फिल्म 'हनुमान' के निर्माताओं ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए प्रत्येक टिकट से 5 रुपये दान करने का वादा किया है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा। साउथ इंडियन सुपरस्टार चिरंजीवी को भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया है।

**प्री-रिलीज इवेंट में मेगास्टार ने की घोषणा**

## 40 साल बाद जूता पहनेंगे बलराम

**भोपाल।** दमोह जिले में रहने वाले भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त 56 वर्षीय बलराम पांडे पिछले 40 वर्ष से अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण का संकल्प लेकर नंगे पैर चल रहे हैं। अब उनका यह संकल्प पूरा हो गया है। अब जल्द ही अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करेंगे। उसके बाद वहीं पर पैरों में चप्पल-जूते पहनेंगे। बटियागढ़ निवासी बलराम पांडे के पूर्वज अयोध्या में ही रहते थे। बाद में परिवार बटियागढ़ में बस गया। बलराम पांडे अक्सर अयोध्या जाते रहते थे। जब उनकी आयु 16 वर्ष थी, तब 1983 में स्वजनों के साथ अयोध्या गए थे। उन्होंने संकल्प लिया कि जब तक राम मंदिर का निर्माण नहीं हो जाता वे नंगे पैर ही चलेंगे। बलराम पांडे का कहना था कि जिस दिन अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा वे अयोध्या जाएंगे और वहीं पर पैर में जूते-चप्पल पहनेंगे।

**दमोह के बलराम पांडे ने 16 साल में ली थी प्रतिज्ञा**


inh 24x7 — छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें — TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


# विकसित भारत संकल्प यात्रा के 50 दिन पूरे, 11 करोड़ लोग इससे जुड़े

# पीएम मोदी: हम समाज में 'अंतिम' पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे

पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से की बात, अलग-अलग राज्यों के लाभार्थियों से वर्चुअली जुड़े



◆ यात्रा में अब तक 2 करोड़ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई है जिसमें 1 करोड़ टीबी जांच और 22 लाख सिकल सेल जांच शामिल हैं

**विकास भारत संकल्प यात्रा न केवल सरकार की बल्कि 'देश की यात्रा'**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार दोपहर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से संवाद किया। देश भर से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के हजारों लाभार्थी इस आयोजन में शामिल हुए। पीएम मोदी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है, कोई भी हक़दार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। मोदी की गारंटी की गाड़ी गांव-गांव जा रही ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पिछले 10 वर्षों में 10 करोड़ महिलाएं महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं

पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में 10 करोड़ महिलाएं महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, जहां उन्हें 7.5 लाख करोड़ रु. से अधिक की सहायता प्रदान की गई है। इसके कारण पिछले कुछ वर्षों में कई बहनें लखपति दीदी बन गई हैं। वीबीएसवाई के दौरान लगभग 1 लाख ड्रोन का प्रदर्शन किया गया है।

## सीएम यादव ने बाणगंगा बस्ती के निवासियों के साथ सुना पीएम का संवाद और उदबोधन

विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम में भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने की शपथ दिलाई गई



**भोपाल।** विकसित भारत यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राजधानी भोपाल स्थल बाणगंगा बस्ती में पहुंचे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअली उदबोधन हुआ। मुख्यमंत्री ने पूरी टीम के साथ प्रधानमंत्री का संवाद व उदबोधन सुना। इस मौके पर उन्होंने भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा पर केंद्रित लघु ▶▶ शेष पेज 5 पर


### किसान, गरीब, महिला और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभा स्थल पर उपस्थित मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसान,गरीब, महिला और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। सभी के पास काम हो, हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए और प्रधानमंत्री मोदी का हर सपना साकार हो, इसके लिए हम संकल्पित भाव के साथ कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता के अनुरूप ▶▶ शेष पेज 5 पर

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# ऑनलाइन गेमिंग : 28 फीसदी जीएसटी पर केंद्र से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के खिलाफ ई-गेमिंग फेडरेशन की याचिका पर सोमवार को केंद्र और अन्य संबद्ध पक्षों से से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश की पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी करने से पहले फेडरेशन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमणी की दलीलों पर गौर किया। माल एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय को भी दो सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब देने को कहा गया है। शीर्ष अदालत ने दोनों वकीलों की दलीलों पर गौर किया कि कई उच्च न्यायालयों में इसी तरह की याचिकाएं हैं और वे आदेश पारित कर रहे हैं। याचिकाकर्ताओं में 'ड्रीम 11', 'गेम्स 24x7' और 'हेड डिजिटल वर्क्स' भी शामिल हैं।

### जीएसटी परिषद ने लागू की जीएसटी दरें

*जीएसटी परिषद ने पिछले साल जुलाई में अपनी एक बैठक में सिफारिश की थी कि कसीनो और घुड़दौड़ के साथ-साथ ऑनलाइन गेमिंग पर एक समान दर से कर लगाया जाए। जीएसटी परिषद ने निर्णय लिया था कि 'कौशल के खेल' और 'किस्मत के खेल' के बीच कोई अंतर नहीं होना चाहिए।*

# पायलट अब करेंगे 48 घंटे का विश्राम

डीजीसीए की नई गाइडलाइन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




विमानन सुरक्षा नियामक नागर विमानन महानिदेशालय ने चालक दल के सदस्यों के लिए उड़ान ड्यूटी समय सीमा को संशोधित करते हुए साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ा कर 48 घंटे कर दी है। रात्रि में 'लैंडिंग' की संख्या पूर्व के छह की तुलना में घटा कर केवल दो कर दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ये नियम एक दशक से अधिक समय से थकान संबंधी विमानन ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### आज पीएम मोदी ग्लोबल समिट का करेंगे शुभारंभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 से 10 जनवरी तक गुजरात का दौरे पर हैं। इस दौरान वह विश्व नेताओं, शीर्ष वैश्विक निगमों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। 9 जनवरी को सुबह करीब 9.30 बजे प्रधानमंत्री मोदी गांधीनगर के महात्मा मंदिर पहुंचेंगे, जहां वह विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इसके बाद शीर्ष वैश्विक निगमों के सीईओ के साथ बैठक करेंगे।




### विधानसभा में प्रबोधन कार्यक्रम आज व कल

**भोपाल।** मप्र की 16 वीं विधानसभा के सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम 9 एवं 10 जनवरी को मप्र विस भवन के मानसरोवर सभागार में होगा। प्रबोधन कार्यक्रम में विधानसभा के पहली बार निर्वाचित एवं अनुभवी सदस्यों को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना आदि द्वारा संसदीय प्रक्रियाओं का मार्गदर्शन मिलेगा।



शपथ लेने के बाद कमलनाथ का बयान

## दिल्ली क्यों जाऊं...? मैं एमपी में ही सक्रिय रहूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि आगे वे मध्यप्रदेश में ही सक्रिय रहेंगे, दिल्ली नहीं जाएंगे। नाथ ने सोमवार को विधानसभा में विधायक पद की शपथ ली।

वे निजी कारणों के चलते सत्र के दौरान शपथ नहीं ले पाए थे। ऐसे में उन्होंने सोमवार को विधायक पद की शपथ ग्रहण की। उनके साथ सोहन वाल्मिकी ने भी विधायक ▶▶ शेष पेज 5 पर


■ दो अन्य विधायकों ने भी ली शपथ

पहली बुलेट ट्रेन को लेकर खुशखबर

## रेल कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने कहा है कि उसने बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर के लिए 100 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण कर लिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी एक्स पर भूमि अधिग्रहण की जानकारी को शेयर करते हुए कहा कि परियोजना के लिए आवश्यक 1389.49 हेक्टेयर ▶▶ शेष पेज 5 पर


■ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी

लोन के लिए तलाशी थी कंपनी

## इंश्योरेंस कंपनी की डिप्टी मैनेजर से 39 लाख की ठगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एजुकेशन लोन के लिए ऑनलाइन सर्च कर रही जनरल इंश्योरेंस कंपनी की डिप्टी मैनेजर को 39 लाख रुपए का चूना लगा है। दिल्ली के रोहिणी में रहने वाली प्रतिष्ठा गर्ग तमिलनाडु के कांचीपुरम में इंश्योरेंस कंपनी में काम करती हैं। उन्होंने रोहिणी साइबर पुलिस थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया- लोन ▶▶ शेष पेज 5 पर


■ लोन के लिए डिटेल भरी और फंसती चली गई

2002 के दंगों का मामला

# दो सप्ताह के भीतर दोषियों को जेल भेजने का निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के फैसले को सोमवार को रद्द कर दिया और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि सजा में छूट का गुजरात सरकार का आदेश बिना सोचे समझे पारित किया गया और पूछा कि क्या महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध के मामलों में सजा में छूट की अनुमति है, चाहे वह महिला किसी भी ▶▶ शेष पेज 5 पर



### सुप्रीम कोर्ट ने और क्या कहा?

**मुकदमा महाराष्ट्र में, सजा में छूट गुजरात ने क्यों दी?**

▶▶ शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि जिस राज्य में किसी अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, उसे ही दोषियों की सजा में छूट संबंधी याचिका पर निर्णय लेने का अधिकार होता है। दोषियों पर महाराष्ट्र द्वारा मुकदमा चलाया गया था।

▶▶ शीर्ष अदालत ▶▶ शेष पेज 5 पर

5 वर्षों के लिए 500 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी कंपनी

# वियतनाम की विनफास्ट तमिलनाडु में लगाएगी ईवी प्लांट... 2 अरब डॉलर का करेगी निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विनफास्ट तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की दुनिया में एक महत्वपूर्ण नाम और ब्रांड बनकर उभर रहा है। वियतनाम की यह कंपनी पहले ही दुनिया भर के कई बाजारों में अपना विस्तार कर चुकी है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका भी शामिल है।

और अब उसने तमिलनाडु में इलेक्ट्रिक वाहन प्लांट में 2 अरब डॉलर के निवेश के जरिए भारत में एंट्री की पुष्टि की है। विनफास्ट ने एक आधिकारिक बयान में ऐलान किया है कि उसने इस परियोजना के पहले पांच वर्षों के लिए 500 मिलियन डॉलर का निवेश करने का इरादा किया है। और उसने तमिलनाडु की राज्य सरकार के साथ एक संयुक्त समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। बैटरी प्लांट और एक ईवी ▶▶ शेष पेज 5 पर




### मैन्युफेक्चरिंग प्लांट निर्माण 2024 में शुरू होने की उम्मीद

कंपनी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, विनफास्ट तमिलनाडु परियोजना का लक्ष्य 150,000 यूनिट तक की वार्षिक क्षमता के साथ क्षेत्र में एक प्रथम श्रेणी के इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन केंद्र के रूप में विकसित होना है। मैन्युफेक्चरिंग प्लांट का निर्माण 2024 में शुरू होने की उम्मीद है। इस परियोजना का मकसद तमिलनाडु और पूरे भारत में आर्थिक विकास की एक मजबूत ▶▶ शेष पेज 5 पर

बतौर रिपोर्टर तब अयोध्या आंदोलन में मौजूद रहे प्रभात झा की 'आंखों-देखी'

# दो घंटे में तीनों गुंबद ढहा दिए और रामलला गुलाबी चादर में लपेटकर स्थापित कर दिए

तत्कालीन सीएम कल्याण सिंह ने प्रशासन को सख्त निर्देश दिए थे कि कार सेवकों पर गोली नहीं चलेगी

### 6 दिसंबर को जैसे ही घड़ी की सुई दिन के 11 पर गई अचानक हजारों कारसेवक विवादित ढांचे के परकोटे की ओर कूद पड़े

जैसा दीपेश कौरव को बताया



6 दिसंबर को जैसे ही घड़ी की सुई दिन के 11 पर गई अचानक हजारों कारसेवक विवादित ढांचे के परकोटे की ओर कूद पड़े। अशोक सिंहल माइक से आग्रह करते रहे, लेकिन रामभक्तों के मन में अग्नि की तरह धधकता राम ज्वार विवादित ढांचे पर फूट पड़ा। देखते-देखते कुछ लोगों ने ढांचे के गुंबदों पर चढ़कर भगवा ध्वज फहरा दिया और जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। कंटीली तारों से लहूलुहान लोग विवादित ढांचे को ध्वस्त कर रहे थे। पुलिस भीड़ को तितर-बितर कर रही थी। इस बीच पता चला कि तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने प्रशासन को सख्त निर्देश दिए थे कि चाहे जो मजबूरी हो, लेकिन कार सेवकों पर गोली नहीं चलेगी। 11:25 बजे पहला गुंबद ढहने लगा। डेढ़ से दो घंटे में पूरा विवादित ढांचा धूल-धूसरित हो गया। तीनों गुंबद ढहा दिए गए, इस घटना ▶▶ शेष पेज 5 पर




### हमने मोटरसाइकिल से पार किया था आग का दरिया

हम 6 दिसंबर दिन के 2 बजे मोटरसाइकिल से अयोध्या से निकल पड़े। छिपते-छिपाते फैजाबाद पहुंचे। वहां से लखनऊ। लखनऊ पहुचकर पता चला कि सिर्फ अयोध्या में नही बल्कि पूरे उप्र में कर्फ्यू लग चुका है, अयोध्या और फैजाबाद में आग की लपटें देख हम भी घबरा गए थे। वहां से जैसे तैसे शाम 6-7 बजे कानपुर पहुंचे। वहां से बीहड़ों से होते हुए इटावा आ गए। रात लगभग 10:30 बजे इटावा से ग्वालियर के लिए रवाना हुए। इटावा से भिंड के बीच रात्रि में भरकों के बीच से निकलना खतरे से खाली नहीं था। ▶▶ शेष पेज 5 पर

# हाईकोर्ट ने संजय सिंह की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

## दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाले' में अगली सुनवाई के लिए 29 जनवरी की तारीख तय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाले' से संबंधित धन शोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांत शर्मा ने जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया और मामले में अगली सुनवाई के लिए 29 जनवरी की तारीख तय की। पिछले साल चार अक्टूबर को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए राज्यसभा सदस्य ने धन शोधन मामले में अपनी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के 22 दिसंबर के आदेश को चुनौती दी है। सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर ने कहा कि वरिष्ठ आप नेता पिछले तीन महीने से हिरासत में हैं और इस अपराध में उनकी कोई भूमिका सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि ईडी के 'स्टार गवाह' के बयान के बाद सिंह को गिरफ्तार किया



गया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि सिंह ने अब खत्म हो चुकी आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे कुछ शराब निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को धन लाभ हुआ। निचली अदालत ने कहा था कि वह 'अपराध से दो करोड़ रुपये तक की अर्जित आय' के मामले से जुड़े हुए थे और उनके खिलाफ मामला 'वास्तविक' था। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के निर्माण और इसे लागू करने में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है, जिसे बाद में रद्द कर दिया गया था। उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना की सिफारिश के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित भ्रष्टाचार को लेकर प्राथमिकी दर्ज की। निचली अदालत ने कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय के 'मूल मामले' को सुप्रीम कोर्ट ने 'मंजूरी' दी थी, जिसने इस बात का भी 'समर्थन' किया था कि 2021-22 के दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के निर्माण के लिए रिश्वत का भुगतान किया गया था। अ दा ल त ने सिंह की दलीलों को खारिज कर दिया था कि उन्हें धन शोधन मामले में आरोपी नहीं बनाया जा सकता क्योंकि सीबीआई द्वारा मुख्य प्राथमिकी में उनका नाम नहीं है। निचली अदालत ने कहा था कि समीर महेंद्रू, अमित अरोड़ा, विजय नायर, अरुण रामचंद्रन पिल्लई, अमनदीप ढल और अभिषेक बोइनपल्ली सहित अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाएं पहले ही खारिज कर दी गई थीं और आवेदनों को खारिज करते समय हाईकोर्ट द्वारा धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों की इसकी व्याख्या को खारिज नहीं किया गया था। अदालत ने कहा कि ईडी ने दिखाया कि आरोपी से सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा ने सिंह को दो करोड़ रुपये का भुगतान किया था।


---

राजेंद्र नगर : रेस्तरां एवं बार में हादसा

# लिफ्ट में फंसे 10 लोगों को सुरक्षित निकाला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में स्थिति एक रेस्तरां एवं बार की लिफ्ट में फंसे 10 लोगों को तीन घंटे की मशक्कत के बाद उसमें निकाल लिया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।



दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने कहा कि रविवार-सोमवार की दरमियानी रात दो बजकर करीब 57 मिनट पर उन्हें कुछ लोगों के लिफ्ट में फंसने की सूचना मिली थी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि जल्द ही तीन दमकल गाड़ियों को काम पर लगाया गया। तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया, जिसमें लिफ्ट की छत काटकर कुल 10 लोगों को निकालने में लगभग तीन घंटे लगे। अधिकारियों ने बताया कि मामले की आगे की जांच के लिए स्थानीय पुलिस को सूचित कर दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि फंसे हुए सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। किसी को कोई चोट नहीं आई है। मामले की आगे की जांच शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि हम लिफ्ट के सीसीटीवी की भी जांच कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि कोई मानवीय चूक थी या नहीं।

---

# इजराइली दूतावास के पास मिले धमकी भरे पत्र में अंगुलियों के निशान नहीं : पुलिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने सोमवार को कहा कि 26 दिसंबर को यहां इजरायली दूतावास के पास कम तीव्रता वाले विस्फोट स्थल से बरामद किए गए धमकी वाले पत्र पर किसी की उंगलियों के निशान नहीं पाए गए हैं।

विस्फोट भूखंड संख्या 4 पर स्थित एक बंगले और पृथ्वीराज रोड पर भूखंड संख्या 2 ए पर केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान की दीवारों के बीच के क्षेत्र में हुआ था। यह जगह पृथ्वीराज रोड के समानांतर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर इजरायली दूतावास के पीछे है। पुलिस को विस्फोट स्थल के पास धमकी भरा एक पत्र मिला था जिसमें अपशब्द लिखे गए थे और यह इजराइली राजदूत को संबोधित था। सूत्रों ने कहा कि मौके से पत्र मिलने के बाद इसे अंगुलियों के निशानों की जांच के लिए विशेषज्ञों को भेज दिया गया था। एक सूत्र ने कहा कि प्रारंभिक निष्कर्षों के अनुसार, पत्र पर उंगलियों के किसी तरह के निशान नहीं पाए गए हैं। संभावना है कि संदिग्ध ने दस्ताने पहने होंगे या पत्र को इस तरह से रखा होगा कि कोई उंगलियों के निशान न रह जाएं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक कारकों की संभावना को भी खारिज नहीं किया जा सकता है। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली पुलिस विशेष प्रकोष्ठ ने संदिग्ध के आने के मार्ग का पता लगाने के लिए कई सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की लेकिन अभी तक स्पष्ट फुटेज नहीं मिला है। जांचकर्ताओं का मानना है कि एक संदिग्ध ऑटोरिक्शा में जामिया नगर इलाके से आया था।


## भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय
खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा-131305
(2006 के अधिनियम 31 द्वारा स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
(एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'बी++' ग्रेड विश्वविद्यालय)

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुबंध आधार पर फार्माश्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च विभाग, साउथ कैम्पस, भैंसवाल कलां, बीपीएसएमवी में फार्माकोलॉजी/फार्माश्युटिकल कैमिस्ट्री/फार्माश्युटिक्स विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (अस्थायी) के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

अधिक विवरण हेतु कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.bpsmv.ac.in** पर पधारें।

संवाद विज्ञा. सं.-1239/11/49/2024/24018/सी/88/7 दि. 08.01.24 — रजिस्ट्रार



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गोपन, पुत्र संतन,** निवासी सी–114, टैगोर गार्डन एक्सटेंशन, नई दिल्ली ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1061/2014, धारा 354/323 भा.द.सं.** के तहत थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गोपन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गोपन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1061/2014, धारा 354/323 भा.द.सं.** के तहत थाना राजौरी गार्डन,दिल्ली के उक्त अभियुक्त **गोपन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 20.02.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
आकांक्षा गौतम
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–08 (पश्चिम)
महिला न्यायालय, कमरा नं. 252
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/288/WD/2024


## खबर संक्षेप

### लाजपत नगर: इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के अमर कॉलोनी इलाके में सोमवार को एक इमारत में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के मुताबिक, उन्हें शाम चार बजकर मिनट पर इमारत की पहली मंजिल में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल की तीन गाड़ियों को सेवा में लगाया गया और शाम चार बजकर 45 मिनट पर आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। आग से किसी की झुलसने की खबर नहीं है। लाजपत नगर की अमर कॉलोनी मार्केट में कई दुकानें हैं, जिनमें फर्नीचर बेचने वाली दुकानें भी शामिल हैं।

### सीबीआई ने किया अपने पूर्व हेड कांस्टेबल पर आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने पूर्व हेड कांस्टेबल और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोप है कि आरोपी ने चार वर्षों में दो करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित की जो आय के वैध स्रोतों से 70 प्रतिशत अधिक है। अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिकी में सीबीआई की भ्रष्टाचार रोधी तृतीय इकाई में तैनात अकील-उज-जमां खान, उसकी पत्नी और बेटे को नामजद किया गया है जिन्होंने एक अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2018 तक संबंधित संपत्ति कथित तौर पर अर्जित की। सीबीआई ने आरोप लगाया कि खान की संपत्ति, जांच की अवधि की शुरुआत यानी एक अप्रैल 2014 के 8,515 रुपये से बढ़कर 31 मार्च 2018 यानी जांच की अवधि की समाप्ति तक, 3.73 करोड़ रुपये हो गई। सीबीआई ने यह भी पाया कि आरोपी ने इस अवधि के दौरान 1.26 करोड़ रुपये कथित तौर पर खर्च किए थे। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों द्वारा अर्जित 2.93 करोड़ रुपये की वैध आय को घटाने के बाद वह 2.07 करोड़ रुपये का संतोषजनक हिसाब नहीं दे सका, जो उसकी कुल आय से 70 प्रतिशत अधिक है।

---

## द्वारका : व्यक्ति ने महिला का गला घोंटने की कोशिश की, सामान लूटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका में एक व्यक्ति ने एक सुनसान सड़क पार कर रही महिला का कथित तौर पर गला घोंटने का प्रयास किया और उनका पर्स एवं मोबाइल फोन छीनकर भाग गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने बताया कि घटना छह जनवरी को सुबह करीब साढ़े छह बजे उत्तम नगर इलाके में एक सुनसान सड़क पर हुई।

द्वारका के पुलिस उपायुक्त हर्षवर्धन ने बताया कि महिला की शिकायत प्राप्त होने के बाद आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि टीम ने इलाके की कई सीसीटीवी फुटेज खंगाली और आरोपी को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान 38 वर्षीय शिव कुमार के रूप में हुई है, जो यहां चाणक्यपुरी इलाके का रहने वाला है। घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। वीडियो में आरोपी, महिला के पीछे से आता हुआ दिखाई दिया और उसने महिला का गला घोंटने का प्रयास किया। उसके बा\द आरोपी ने महिला का पर्स व मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपी पहले भी छह आपराधिक मामलों में संलिप्त पाया गया है।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### परिणाम

विज्ञा. सं. 29/2022 और शुद्धिपत्र दिनांक 20.03.2023 के तहत विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा में सब डिवीजनल इंजीनियर (सिविल) (श्रेणी-II) के पदों हेतु उम्मीदवारों की अनुशंसा के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग ने परिणाम को अंतिम रूप दे दिया है। नीचे दर्शाये गये अनुक्रमांक आरोही क्रम में हैं और मेरिट के क्रम में नहीं हैं :-

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 220 | 224 | 225 | 229 | 231 | 251 | 258 | 263 | 265 | 278 |
| 284 | 285 | 294 | 304 | 311 | 314 | 328 | 333 | 335 | 349 |
| 351 | 354 | 361 | 363 | 367 | 374 | 375 | 377 | 383 | 388 |
| 392 | 404 | 405 | 406 | 412 | 413 | 414 | 415 | 418 | 423 |
| 425 | 429 | 431 | 441 | 442 | 449 | 452 | 453 | 454 | 456 |
| 459 | 463 | 465 | 467 | 468 | 469 | 471 | 473 | 480 | 481 |
| 484 | 488 | 492 | 507 | 509 | 510 | 512 | 516 | 517 | 520 |
| 521 | 525 | 527 | 528 | 529 | 532 | 539 | 541 | 542 | 546 |
| 554 | 557 | 558 | 560 | 564 | | | | | |

**टिप्पणी :-**
1. यद्यपि परिणाम तैयार करते समय पूर्ण सावधानी बरती गई है। तथापि अनजाने में किसी त्रुटि की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आयोग के पास बाद में किसी भी स्तर पर किसी त्रुटि को सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।
2. उपरोक्त परिणाम आयोग की वेबसाइट अर्थात https://hpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

**दिनांक : 07.01.2024** — हस्ता/- सचिव
संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/233/2024/24026/88/7 दि. 08.01.24 — हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला



## गुमशुदा की तलाश



पूनम

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में प्रदर्शित) **नामः** पूनम **पत्नीः** कुलदीप पाल **निवासीः** मकान नं. ई–83, एलआईसी कॉलोनी, पश्चिम विहार, दिल्ली जो दिनांक 18.12.2023 से अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में डीडी सं. 128ए दिनांक 18.12.2023 थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:–

**उम्रः** 24 वर्ष, **कदः** 5', **रंगः** साफ, **शरीरः** पतला, **चेहराः** गोल, **कपड़ेः** पीले रंग की साडी पहने हुये है।

यदि किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें। ई–मेल आईडी–**cic@cbi.gov.in** वेबसाइट **http://cbi.nic.in**

थानाध्यक्ष
थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली
बाहरी जिला, दिल्ली
दूरभाष सं. 011-25268394, 25278900, 25280979, 7065036130

फोन: 011-24368638,24368641
फैक्स नं.:011-24368639
DP/14725/OD/2023



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हांसी | नाबार्ड स्कीम (आरआईडीएफ-XXIX) (जीएसटी के बिना) के तहत हिसार जिले में कि.मी. 0.60 से 8.17 (रोड आईडी 5310 और 10809) में चौड़ा करने, मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा हांसी से ढाणी कुतुबपुर, खरड़ डिवीजन बाउंड्री तक का सुधार + 1 कार्य। | 05.01.2024 25.01.2024 | 1096.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | कलानौर (रोहतक) में 50 बिस्तर वाले हस्पताल में इमरजेंसी ब्लॉक सहित ओपीडी का निर्माण (ईआई का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 04.01.2024 24.01.2024 | 73.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818025971 pwd-eeed-rothak@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम में सेशन हाउस में वाटर प्रूफिंग और एल्यूमीनियम पार्टिशन के केबिन सहित ड्राई वे पर कोटा स्टोन का प्रावधान व बिछाना। | बंद होने की तिथि 17.01.2024 | 7.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1- gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में कादरपुर तहसील में एल्यूमीनियम पार्टिशन का प्रावधान व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 17.01.2024 | 4.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1- gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | गांव तालाब जादुपुर (ग्राउंड वाटर केबल रिचार्जिंग हेतु दोहन नदी के निकट) हेतु दोचाना माइनर के कि.मी. 6.360/एल से 600 मिमी डाया एनपी-2 आरसीसी पाइप लाइन बिछाना (अटल भू-तल योजना के तहत) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.01.2024 | 66.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हांसी | आरडी 129150/एल पर बरवाला ब्रांच में गांव सिंघवा राघो आउटफॉल के खेतों से एचडीपीई पाइप लाइन बिछाकर पानी निकालना। | बंद होने की तिथि 30.01.2024 | 937.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466063030 xen-wshansi.irr@hry.gov.in |
| 7 | बागवानी विभाग हरियाणा मुनीमपुर, झज्जर | सीओई मुनीमपुर झज्जर में संरक्षित संरचनाओं की मरम्मत करना। | 08.01.2024 15.01.2024 | ईएमडी 29000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज फतेहाबाद | बीडीपीओ कैम्पस ब्लॉक टोहाना, जिला फतेहाबाद में पंचायत भवन, बीडीपीओ कार्यालय भवन, आवासों का निर्माण। | 03.01.2024 24.01.2024 | 1878.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव मेहराना, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (पंचायत समिति) में बीसी चौपाल में हॉल का निर्माण + 11 कार्य। | 03.01.2024 10.01.2024 | 63.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव चरखी, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में ड्रेन्स की क्रॉसिंग (X-ING) पर स्टील ग्रिल्स की आपूर्ति व फिक्सिंग। | 03.01.2024 10.01.2024 | 14.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव भागवी, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (पंचायत समिति) में नाला पर आर.सी.सी. कवर स्लैब (पुलिया) का निर्माण। | 03.01.2024 10.01.2024 | 2.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज गुहला, कैथल | गांव हंशुमाजरा में अमर सिंह पुत्र बंत सिंह के मकान से करनैल सिंह का बाडा तक 300 मिमी आरसीसी पाइप लाइन का प्रावधान व बिछाना + 10 कार्य। | 06.01.2024 11.01.2024 | 61.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416043370 sdopr.guhla@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | एचजीवीवाई - गांव छामला में गली का निर्माण, गांव धारडी ब्राड में रिटेनिंग वॉल का निर्माण, गांव छामला पारोली, जी.पी. भोज कोटी ब्लॉक मोरनी में गली का निर्माण। | 05.01.2024 11.01.2024 | 10.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी | गांव कान्हरा में विजेन्द्र के मकान से गजेन्द्र सिंह पुत्र चिरंजी लाल के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण, गांव डोहका दिना ब्लॉक बाढड़ा, जिला चरखी दादरी में ग्राम सचिवालय में टॉयलेट और बाथरूम / शैड का निर्माण (डी-प्लान) + 12 कार्य। | 05.01.2024 12.01.2024 | 114.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 15 | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां, सोनीपत | सभी इलैक्ट्रिक कंट्रोल पैनल के सीएमसी हेतु ई-निविदा। | 09.01.2024 23.01.2024 | 90000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 16 | कार्यालय उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी फतेहाबाद | फतेहाबाद स्टेशनरी एवं इलैक्शन मैटीरियल + 2 अन्य कार्य। | 03.01.2024 11.01.2024 | 21 लाख | www.ceoharyana.gov.in | 01667-230146 elt_ftb@yahoo.in |
| 17 | कार्यालय उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी फतेहाबाद | वीडियोग्राफी / फोटोग्राफी + 4 अन्य कार्य। | 03.01.2024 24.01.2024 | 162 लाख | www.ceoharyana.gov.in | 01667-230146 elt_ftb@yahoo.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/340/24027/I/88/7 दि. 08.01.24



## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
(वेबसाइट : www.hssc.gov.in)

### परीक्षा सूचना

**विज्ञा. सं. 3/2023 के तहत ग्रुप सं. 11, 12, 13, 19, 24, 28, 35, 46, 51, 52 और 55 के तहत सभी श्रेणियों के लिए सीईटी ग्रुप-सी पदों (द्वितीय फेज) की लिखित परीक्षा (ओएमआर आधारित) हेतु उम्मीदवारों को सूचना**

सभी सम्बन्धितों की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग विज्ञा. सं. 03/2023 के तहत ग्रुप सं. 11, 12, 13, 19, 24, 28, 35, 46, 51, 52 और 55 के तहत सभी श्रेणियों के लिए सीईटी ग्रुप-सी पदों (द्वितीय फेज) की लिखित परीक्षा (ओएमआर शीट आधारित) का आयोजन 14.01.2024 (रविवार) को निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुरूप करेगा :-

**कार्यक्रम**

| क्र. सं. | ग्रुप सं. | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय | परीक्षा का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रुप नं. 11 | 3/2023 | 14.01.2024 (प्रातःकालीन सत्र) पूर्वा. 10:15 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपस्थिति समय पूर्वा. 08:30 बजे (पूर्वा. 09:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) | प्रवेश-पत्र के अनुरूप |
| 2. | ग्रुप नं. 12 | | | |
| 3. | ग्रुप नं. 13 | | | |
| 4. | ग्रुप नं. 19 | | | |
| 5. | ग्रुप नं. 28 | | | |
| 6. | ग्रुप नं. 35 | | | |
| 7. | ग्रुप नं. 46 | | | |
| 8. | ग्रुप नं. 51 | | | |
| 9. | ग्रुप नं. 52 | | | |
| 10. | ग्रुप नं. 24 | 3/2023 | 14.01.2024 (सायंकालीन सत्र) अप. 03:15 बजे से अप. 05:00 बजे तक उपस्थिति समय अप. 01:30 बजे (अप. 02:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) | |
| 11. | ग्रुप नं. 55 | | | |

2. **चयन मानदंड और अन्य महत्वपूर्ण निर्देश**

**उपरोक्त पदों हेतु चयन मानदंड पहले ही विज्ञा. सं. 03/2023 दिनांक 07 मार्च 2023 में वर्णित किए गए हैं।**

उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर 10.01.2024 से अपलोड किए जाएंगे। सभी शार्टलिस्टेड उम्मीदवारों (ग्रुपवार सूची आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर जल्द अधिसूचित की जाएगी) जो ऊपर वर्णित ग्रुपों में परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं वे अपने प्रवेश-पत्र 10.01.2024 से डाउनलोड कर सकते हैं। **उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये निर्देशों को और नीचे वर्णित महत्वपूर्ण निर्देशों को परीक्षा में आने से पूर्व ध्यानपूर्वक पढ़ना और उनका सख्ती से अनुपालन अवश्य करना चाहिए।**

टिप्पणियां :-
1. **उम्मीदवारों हेतु लिखित परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण निर्देश आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर उपलब्ध हैं जिन्हें उम्मीदवारों द्वारा परीक्षा में आने से पूर्व ध्यानपूर्वक पूरा पढ़ा जाना चाहिए।**
2. **यदि किसी उम्मीदवार ने इन ग्रुपों के तहत आवेदन किया है किन्तु वे अपना अनुक्रमांक आयोग द्वारा अपलोडेड नहीं पाता/पाती है तो उम्मीदवार आयोग कार्यालय में सभी सम्बद्ध दस्तावेजों सहित 12.01.2024 को अप. 2.00 बजे तक उपस्थित हो सकता/सकती है।**

आयोग द्वारा डाक के माध्यम से उम्मीदवारों को अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएंगी।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- सचिव
दिनांक : 04 जनवरी 2024 — हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला
संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/601/2024/23996/88/7 दि. 08.01.24





दिल्ली में कोहरे से भरी सुबह, ट्रेन पर लटक कर यात्रा करते लोग। फोटो : एजेंसी

## राजधानी में कड़ाके की ठंड

नई दिल्ली। दिल्ली वाले कड़ाके की ठंड झेलने के लिए तैयार रहे, क्योंकि आज और कल यानी 9-10 जनवरी 2024 को दिल्ली एनसीआर में बारिश की संभावना बन रही है। अगर बारिश हुई तो कड़ाके की सर्दी और बढ़ जाएगी। इस बारे में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि मंगलवार– बुधवार को दिल्ली सहित पड़ोसी राज्यों में बारिश की प्रबल संभावनाएं बन रही है। जिसके बाद दिल्ली एनसीआर में पारा तेजी से गिर सकता है और कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। वहीं बारिश व कड़ाके की ठंड की वजह से दिल्ली एनसीआर में कोहरा और सघन होगा जिसके चलते सड़क, रेल व हवाई यात्रा बाधित होगी। मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ों में इस समय बर्फबारी हो रही है। वेर्स्टन डिस्टर्ब का असर दिल्ली पहुंचने वाला जिसके असर से राजधानी में दो दिन बारिश की संभावना बन रही है। निजी मौसम वैज्ञानिक एस के सुल्के ने बताया कि इस बार सर्दियों के मौसम में दिल्ली में अभी तक बारिश नहीं हुई है। जिसका नुकसान किसानों को हो सकता है। हालांकि अभी अगले एक सप्ताह में अगर बारिश हो जाती है तो किसानों की फसलों के लिए फायदेमंद होगी। वहीं अगर बारिश नहीं आई तो नुकसान की आशंका बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि इस समय दिल्ली में किसानों ने गेहूं व सरसों की फसल लगा रखी है, जिनके लिए इन दिनों होने वाली बारिश बहुत फायदेमंद होती है।

**खबर संक्षेप**

### इमरान हुसैन ने कसाबपुरा में 11 सड़कों के पुनर्निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के मार्गदर्शन में खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने सोमवार को बल्लीमारान विधानसभा के वार्ड 89 के अंतर्गत आने वाले कुरैश नगर क्षेत्र के कसाबपुरा में ग्यारह सड़कों और गलियों के पुनर्निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान डीयूएसआईबी और दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के रहने वाले मुशरफीन, धर्मेन्द्र महावर, नबाबुद्दीन, आरिफ, फुरकान अहमद, शमी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। बल्लीमारान क्षेत्र की जनता से किए वादों को पूरा करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए मंत्री इमरान हुसैन ने जनता को कई विकास कार्य समर्पित किए। उन्होंने बल्लीमारान विधानसभा में विकास कार्यों को गति देते हुए लगभग 1.5 करोड़ रुपए की लागत से ग्यारह गलियों में आरएमसी रोड के पुनर्निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।

### दिल्ली में कोविड-19 सब वेरिएंट जेएन-1 के 24 मामले आए सामने

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना के सब वेरिएंट जेएन-1 के 24 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इन मरीजों में तीन मरीज दिल्ली के बाहर के रहने वाले हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक सभी मरीज संक्रमण से उबर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि मरीजों में हल्के लक्षण हैं। एक अधिकारी ने बताया कि जेएन.1 सब वेरिएंट की पहली मरीज एक अस्पताल में भर्ती हुई थी। वह तनाव में थी लेकिन कुछ ही दिनों के भीतर संक्रमण से उबर गई। बाकी बचे मरीज भी उबर रहे हैं। दिल्ली के बाहर के तीन मरीजों में कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई। अभी तक अधिकतर मरीज घर में पृथकवास में रहकर ठीक हुए हैं। दिल्ली में पिछले साल दिसंबर में जेएन.1 का पहला मामला सामने आया था। अधिकारी ने जोर देकर कहा कि मरीजों में बमुश्किल से ही लक्षण दिखाई दे रहे हैं और वे दो से तीन दिनों के भीतर ठीक हो रहे हैं। पिछले सप्ताह तक दिल्ली में जेएन.1 के 16 मामले थे। अधिकारियों ने बताया कि जीनोम अनुक्रमण की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 29 नमूनों में से छह में कम जीनोम पाया गया।

### तीन रिक्तियों को भरने के लिए 19 जनवरी को होगा चुनाव

# संजय सिंह, मालीवाल और एनडी गुप्ता ने राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली







दिल्ली से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए 19 जनवरी को होने वाले चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवारों संजय सिंह, स्वाति मालीवाल और एनडी गुप्ता ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। तीनों आप नेताओं ने सिविल लाइंस स्थित दिल्ली परिवहन आयुक्त कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। तीन रिक्तियों को भरने के लिए चुनाव 19 जनवरी को होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 जनवरी है जबकि नामांकन पत्रों की जांच 10 जनवरी को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 12 जनवरी है। बता दें कि संजय सिंह, सुशील कुमार गुप्ता और एन डी गुप्ता का छह साल का कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त हो रहा है। इस बार आप ने सुशील गुप्ता की जगह दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष मालीवाल को उम्मीदवार बनाया है। निर्वाचित होने के बाद एनडी गुप्ता और संजय सिंह का दूसरा कार्यकाल होगा। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रहीं स्वाति मालीवाल ने राज्यसभा के नामांकन दाखिल करने के बाद सोमवार को कहा कि दो करोड़ दिल्लीवासियों की नुमाइंदगी करते हुए संसद में अपनी आवाज़ बुलंदी से उठाने की कोशिश करुंगी। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं बहुत भावुक हूं।

सबसे पहले मैं अरविंद केजरीवाल और पार्टी नेतृत्व मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को हाथ जोड़कर नमस्कार करती हूं और उनका शुक्रिया करती हूं कि उन्होंने मुझ जैसी आम महिला को राज्यसभा में भेजने का निर्णय लिया। 2006 में यह आंदोलन हमने अरविंद केजरीवाल के साथ सुंदर नगरी की झुग्गियों से शुरू किया थ और आज ये आंदोलन संसद में जाकर बोलेगा। इस बात की मुझे बहुत खुशी है मैं पिछले आठ साल दिल्ली महिला आयोग में शिद्दत से काम किया है। बहुत मेहनत की है। दिन रात तपस्या की है। कई बार अनशन करके देश में कानून बदलवाए हैं। 1 लाख 70 हजार मामलों की सुनवाई करवाई है। अब जो आवाज महिलाओं के लिए सड़क से गूंजती थी वहीं आवाज संसद में गूंजेगी। यह आवाज महिलाओं के लिए भी और देश के सभी शोषितों और वंचितों के लिए भी गूंजेगी।

#### दिल्ली महिला आयोग को बहुत मिस करूंगी

स्वाति मालीवाल ने कहा कि वह दिल्ली महिला आयोग को बहुत मिस करेंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली महिला आयोग मेरी जिंदगी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आयोग एक ऐसा बच्चा है जिसे मैंने बड़ा किया है। मैं जब आयोग में घुसी थी तबकी अध्यक्ष ने पिछले आठ सालों में एक केस की सुनवाई की थी। मैंने पिछले आठ सालों में एक लाख सत्तर हजार केसों की सुनवाई करवाई है। आज दिल्ली महिला आयोग में हर दिन दो हजार से चार हजार कॉल आ रहे हैं। वहीं काफी संख्या में बच्चियों को रेस्क्यू करवाया है। मैं दिल्ली महिला आयोग के काम से काफी गर्व महसूस करती हूं। मैं आयोग से इतनी जुड़ी हुई हूं कि राज्यसभा सदस्य बनने की खुशी भी महसूस नहीं कर पा रही हूं। लेकिन मैं मानती हूं कि मेरी टीम बहुत शानदार और मेहनती हैं। जो दिल्ली महिला आयोग को और ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

## कर्मचारियों को वेतन देकर 24 घंटे में चालू किया जाए स्मॉग टावर : राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने स्मॉग टावर को एक बार फिर बंद करने पर सोमवार को दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के चेयरमैन अश्विनी कुमार को कड़ी फटकार लगाते हुए इसे सुप्रीम कोर्ट की अवमानना बताया है। राय ने प्रमुख सचिव (पर्यावरण एवं वन एवं वन्यजीव) को 24 घंटे के भीतर कर्मचारियों का वेतन जारी कर कनॉट प्लेस में स्थापित स्मॉग टावर को पुनः चालू करने के निर्देश दिए। स्मॉग टावर पर तैनात कर्मियों के वेतन का भुगतान न होने के मुद्दे पर मंत्री गोपाल राय ने प्रमुख सचिव (ईएंडएफ) को एक पत्र भी भेजा है, जिसमे उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। मंत्री गोपाल राय ने यह सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं कि भविष्य में सभी भुगतान समय पर जारी किये जायें, ताकि स्मॉग टावर के संचालन में कोई व्यवधान न हो। उन्होंने डीपीसीसी चेयरमैन को विभाग द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति बरती गई इस लापरवाही पर 48 घंटों के भीतर (यानी 10 जनववरी 2024 तक) एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

राय ने प्रधान सचिव (ई एंड एफ) को लिख पत्र में कहा कि दिल्ली के कनॉट प्लेस में स्थित स्मॉग टावर को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एमसी मेहता बनाम भारत संघ 2020 मामले में डीपीसीसी ने स्थापित किया गया था। इस स्मॉग टावर का संचालन अगस्त 2021 से हुआ। इस टावर को लगाने की कल्पना दिल्ली में होने वाली प्रदूषण संबंधी समस्या का समाधान करने के लिए एक वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास परियोजना के रूप में की गई थी। परियोजना के सुचारू रूप से संचालन के लिए डीपीसीसी, एनबीसीसी और टाटा प्रोजेक्ट्स के बीच एक एमओयू साइन हुआ था। उन्होंने आगे कहा है कि अगस्त 2023 में डीपीसीसी के अध्यक्ष ने दूसरे वर्ष के लिए ओ एंड एम (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) फंड को रोककर स्मॉग टॉवर के संचालन को रोक दिया गया था। यह कार्रवाई दिल्ली सरकार के मंत्री परिषद के निर्णय के उल्लंघन में डीपीसीसी अध्यक्ष द्वारा स्वतंत्र रूप से की गई थी।

### वेतन न मिलने से कर्मचारियों ने ही बंद कर दिया स्मॉग टावर : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सोमवार को कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली में प्रदूषण पर नियंत्रण में तो पूरी तरह नाकाम रही ही है, इसकी आड़ में सरकारी खजाने पर करोड़ों रुपए का डाका डाला है। यह राशि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्रिमंडल के साथियों से वसूल की जानी चाहिए। एक बार फिर वेतन न मिलने के कारण स्मॉग टावर को कर्मचारियों ने ही बंद कर दिया है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में पिछले ढाई महीने में एक भी दिन दिल्ली को स्वच्छ हवा नहीं मिल पाई। दिल्ली सरकार प्रदूषण से निपटने के कितने इंतजाम कर पाई, उसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि करोड़ों की लागत से कनॉट प्लेस में बना स्मॉग टावर लगातार दूसरी बार बंद हो गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस स्मॉग टॉवर का उद्घाटन 2021 में बड़े जोर-शोर से किया था और 23 करोड़ की लागत से बने इस स्मॉग टावर के विज्ञापन पर भी करोड़ों रुपए खर्च किए गए थे। अब हालत यह है कि इसके कर्मचारियों ने खुद ही इस टावर पर ताला लगा दिया है। पिछले साल अप्रैल में भी यह बंद कर दिया गया था और सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद दिल्ली सरकार ने इसे फिर से चालू किया था लेकिन अब दिसंबर का वेतन न दिए जाने के कारण कर्मचारियों ने काम करने से इनकार कर दिया और टावर बंद कर दिया। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार केवल प्रचार के लिए इस तरह की हवाई योजनाएं बनाती है और उसमें नियमों-कायदों का भी पालन नहीं किया जाता।

### दोनों मंत्री दूसरों पर दोषारोपण करने की बजाय अपनी सरकार के भ्रष्टाचार पर दें जवाब : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि यह खेदजनक है कि अरविंद केजरीवाल सरकार की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज दिल्ली में विकास परियोजनाओं पर काम करने के बजाय पार्टी प्रचार करना जारी रखें हैं। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली की जनता दिल्ली के मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज से जानना चाहती है कि अगर शराब घोटाला नहीं हुआ तो मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अन्य को जमानत क्यों नहीं मिल रही है। बेहतर होगा कि दोनों मंत्री दूसरों पर दोषारोपण करने की बजाय अपनी सरकार के भ्रष्टाचार पर जवाब दें। अध्यक्ष सचदेवा ने आप मंत्रियों से कहा है कि उन्हें नकली दवाओं के वितरण, पैथोलॉजिकल परीक्षण घोटाला, क्लास रूम घोटाला, मोहल्ला क्लिनिक मरीज घोटाला, प्रदूषण पर अंकुश लगाने में विफलता और भ्रष्टाचार के सवालों की सूची पर दिल्लीवासियों को जवाब देना है। सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के युवाओं के लिए दिल्ली में रोजगार के अवसर पैदा करने में विफल रही है और लोग चाहते हैं कि केजरीवाल के मंत्री बताएं कि उनकी सरकार ने दिल्ली में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए 9 वर्षों में क्या किया है।

### दिल्ली सरकार को अब हाई कोर्ट को देना होगा जवाब : भाजपा

नई दिल्ली। पिछले 9 सालों से दिल्ली भाजपा दिल्ली सरकार से पूछती रही है कि उसने स्वास्थ्य क्षेत्र में क्या किया है, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया और अस्पतालों में घोटाले करती रही, लेकिन अब उसे दिल्ली हाई कोर्ट को जवाब देना होगा। न्यायालय ने दिल्ली सरकार से 29 जनवरी तक जवाब दाखिल करने को कहा है। दिल्ली भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को दिल्ली सरकार को घेरते हुए कहा है कि यह अफसोस की बात है कि आज जिस समय दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज अपने भ्रष्ट पार्टी सहयोगियों के बचाव में जनसंवाद करने में व्यस्त थे और केंद्र सरकार पर झूठे आरोप लगा रहे थे लगभग उसी समय दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली में खराब स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे पर दिल्ली सरकार की खिंचाई की।

### एलजी ने भर्ती को लेकर गैर-क्रीमी लेयर, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों के मानकीकरण को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए ने भर्ती प्रक्रिया में काम आने वाले गैर-क्रीमी लेयर, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों के मानकीकरण को मंजूरी दे दी है। एलजी के की इस मंजूरी के बाद ऐसे प्रमाण पत्रों के लिए आवेदकों को गैर-क्रीमी लेयर तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रमाणपत्र जारी करना सरल और मानकीकृत हो जाएगा। राज निवास के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा भर्ती के उद्देश्य से गैर-क्रीमी लेयर और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) प्रमाण पत्रों को मानकीकृत करने के क्रम में एलजी ने एक उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव द्वारा गठित समिति ने केंद्र सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के प्रारूप के अनुरूप राजस्व विभाग के प्रमाण पत्र के निर्धारित प्रारूप को अपनाने की सिफारिश की है। अधिकारी की माने तो एलजी की मंजूरी से आवेदकों को गैर-क्रीमी लेयर तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रमाणपत्र जारी करना सरल और मानकीकृत हो जाएगा। राजस्व विभाग द्वारा जारी ऐसे सभी प्रमाणपत्र अब डीओपीटी के निर्धारित प्रारूप के अनुरूप होंगे।

### यूजीसी नेट परीक्षा को लेकर समस्त अनियमितताएं की जाए दूर : एबीवीपी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने यूजीसी नेट परीक्षा में कुछ विषयों की जारी उत्तर कुंजी (आंसर की) में पचास प्रतिशत से अधिक उत्तर गलत होने पर संज्ञान लेकर, तत्काल सुधार किए जाने की मांग को लेकर यूजीसी एवं एनटीए को पत्र लिखा है। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि एनटीए द्वारा आयोजित यूजीसी नेट की परीक्षा में बार बार इस प्रकार गंभीर अनियमितताओं का आना दुर्भाग्यपूर्ण एवं अस्वीकार्य है। जहां देश एनईपी के माध्यम से देश में शिक्षा क्षेत्र में व्यापकता एवं अवसरों का निर्माण कर रहा है, वहीं एनटीए द्वारा परीक्षाओं में इस प्रकार की अनियमितताएं छात्रों के भविष्य को अधर में डालने वाली हैं। एबीवीपी यह मांग करती है कि इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर एनटीए द्वारा इन अनियमितताओं को दूर करना चाहिए।

## दिल्ली नगर निगम की अवैध निर्माण पर कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम ने अवैध निर्माण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई को जारी रखते हुए सोमवार को नरेला जोन के वार्ड नंबर 29 के पूठ खुर्द औद्योगिक क्षेत्र में अवैध निर्माण पर पीला पंजा चलाया। इसके साथ ही करोलबाग जोन के वार्ड नंबर 90 मोतीनगर के कैलाश पार्क इलाके में एक अवैध निर्माण को सील किया एवं एक अन्य अवैध निर्माण को गिराया। निगम ने दक्षिणी जोन के वार्ड नंबर 158 फतेहपुर बेरी के डेरा मंडी इलाके में 3 अवैध निर्माण गिराया। वार्ड नंबर 157 के आया नगर में 1 जगह पर सीलिंग की कार्रवाई की। इसके अलावा कई जगह अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की गई। वहीं, सिटी एसपी जोन के वार्ड 71 सराय रोहिल्ला के पदम नगर एवं वार्ड 79 कोतवाली के फाटक राशिद खान जोगीवारा में अवैध निर्माण को सील किया गया।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ताओं को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का दिलाया संकल्प

# केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से लाइव संवाद को सुनने के लिए कार्यक्रमों में शामिल हुए जगत प्रकाश नड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से लाइव संवाद को सुनने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के अलावा वरिष्ठ केन्द्रीय मंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं अन्य नेता सोमवार को सात स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने जंगपुरा विधानसभा के प्रताप कैम्प में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं अर्जुन मुंडा, भाजपा की राष्ट्रीय विजया राहटकर, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी एवं विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की उपस्थिति में 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने का संकल्प दिलाया। नड्डा ने इस अवसर पर लाभार्थी मेले में लगे केन्द्रीय योजनाओं के कैम्पों में योजनाओं की जानकारी पा रहे लोगों एवं लाभार्थियों से चर्चा की और केन्द्रीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रताप कैम्प में आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉ. हर्षवर्धन एवं गौतम गंभीर, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख संजय मयूख, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रत्यूष कंठ, प्रदेश पदाधिकारी दिनेश प्रताप सिंह, अभय वर्मा, योगिता सिंह, बांसुरी स्वराज, सरदार इम्प्रीत सिंह बक्शी, सारिका जैन, प्रवीण शंकर कपूर, जिलाध्यक्ष विजेन्द्र धामा, विधायक विजेन्द्र गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा एवं अनिल बाजपेई और पूर्व विधायक सरदार तरविन्दर सिंह मारवाह के अलावा केन्द्र सरकार की योजनाओं के हजारों लाभार्थी शामिल हुए।

#### सिंधिया ने सांसद प्रवेश साहिब सिंह की उपस्थिति में पीएम मोदी का लाइव संवाद सुना

उत्तम नगर में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सांसद प्रवेश साहिब सिंह की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव संवाद सुना और उपस्थित लाभार्थी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने का संकल्प दिलाया। पटेल नगर विधानसभा के रंजीत नगर में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल एवं राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर की उपस्थिति में वहां उपस्थित लाभार्थी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री योगेंद्र चांदोलिया एवं कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग उपस्थित रहे।

#### दिल्ली वालों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं से जोड़ें : पांडा

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली के प्रभारी बैजयंत जय पांडा ने सोमवार को एक कार्यक्रम में आह्वान किया कि दिल्ली भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विकसित भारत संकल्प यात्रा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं से दिल्ली वालों को जोड़ें। पांडा ने कहा कि आज हमें खुशी हो रही है कि पूरे देश भर के अंदर करोड़ों की संख्या में लोग विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़ रहे हैं।

## एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने लोधी गार्डन में 'मेरे प्रभु राम' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय और रोहिणी से विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने लोधी गार्डन में सम्पूर्णा द्वारा श्री राम के जीवन पर आयोजित, "मेरे प्रभु राम" विषय पर बच्चों के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उपाध्याय ने बताया कि प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में बांटा गया और इस समारोह का उद्देश्य 22 जनवरी, 2024 को होने वाले श्री राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर बच्चों को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का प्रचार और प्रसार करना है और देशवासियों को एक साथ जोड़कर इस ऐतिहासिक घटना को साझा करना है। उन्होंने कहा कि जनवरी 22 को हम सभी को मिलकर दिवाली से भी बड़ी दिवाली अपने अपने घरों में मनानी है।

इस अवसर पर 100 बच्चे भगवान और देवियों के पोशाकों में सजे हुए थे, सभी ने "मेरे प्रभु राम" विषय पर अपनी भावनाएं चित्रकला के माध्यम से व्यक्त की। इसमें अनाथालयों और विशेष घरों में रहने वाले बच्चे भी शामिल थे। बता दें कि सम्पूर्णा ने 22 जनवरी 2024 के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है जिसमें प्रत्येक घर, दुकान, संस्थान, और घरों पर शाम को 6 बजे 11 दीपक जलाने का अनुरोध किया है।

# अध्यात्म का अर्थ है श्रीराम के कथा को जीवन में उतारना

# 7 शहरों से होते हुए 14 को अयोध्या पहुंचेगी मंगलदीप श्रीराम रथयात्रा

मंगलदीप श्रीराम रथयात्रा दिल्ली के प्राचीन हनुमान मंदिर से शुरू हुई। जिसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अध्यात्म से जोड़ना है। प्राचीन हनुमान मंदिर की अखंड ज्योति से प्रज्वलित ज्योति लेकर मंगलदीप रथ यात्रा प्रथा फाउंडेशन द्वारा आरंभ की गई।

**खास बातें**
- मंगलदीप श्रीराम रथयात्रा दिल्ली के प्राचीन हनुमान मंदिर से शुरू हुई
- नौसेना के पूर्व कमांडर सीडीआर कार्तिकेय सैनी रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम/फरीदाबाद

प्रथा फाउंडेशन के तत्वावधान में निकाली गई मंगलदीप श्रीराम रथयात्रा 7 शहरों से होते हुए 14 को अयोध्या पहुंचेगी। मंगलदीप श्रीराम रथयात्रा दिल्ली के प्राचीन हनुमान मंदिर से शुरू हुई। जिसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अध्यात्म से जोड़ना है। प्राचीन हनुमान मंदिर की अखंड ज्योति से प्रज्वलित ज्योति लेकर मंगलदीप रथ यात्रा प्रथा फाउंडेशन द्वारा आरंभ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में नौसेना के पूर्व कमांडर सीडीआर कार्तिकेय सैनी रहे। वहीं उनके बेटे रणवीर सिंह सैनी भी शामिल रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि अध्यात्म का अर्थ है श्रीराम के कथा को



जीवन में उतारना और संकल्प लेना स्वास्थ्य से शुरू करके परहित की दिशा में जाना। उन्होंने बताया कि मंगलदीप श्रीराम रथ यात्रा सात शहरों से होते हुए 14 तारीख को अयोध्या पहुंचेगी। यह रथ रोज 12 बजे से 3 बजे तक रामचरितमानस की चौपाइयों के साथ जिस शहर में पहुंचेगा, वहां हजारों लोग संकल्प सूत्र, प्राचीन हनुमान मंदिर से लगाए हुए ध्वज पर बांधेंगे। मंगलदीप उत्सव में संध्या काल में मंगलदीप सुगंध के साथ 1008 दीप प्रज्वलित होंगे। रामायण के प्रसंगों का मन को छूने वाला विश्लेषण, मन को स्थिर करने की ध्यान विधि, सामूहिक हनुमान चालीसा और प्रसाद वितरण होगा।

## खबर संक्षेप

### सरकार के लिए सब हरियाणवी एक समान



**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा है कि हरियाणा की मनोहर सरकार के लिए हर हरियाणवी एक समान है। बिना भेदभव के हर व्यक्ति तक शासन की नीतियों का लाभ पहुंच रहा है। वह यहां प्रतापगढ़ में डंपिंग यार्ड के विरोध में चल रहे धरने में बोल रहे थे। इस अवसर पर स्थानीय विधायक नयनपाल रावत भी मौजूद रहे। दोनों विधायकों के आश्वासन के बाद लोगों ने धरने को समाप्त करने की घोषणा कर दी।

### नाबालिगों ने किया बच्ची के साथ दुष्कर्म

**गाजियाबाद।** थाना कौशाम्बी इलाके में दो लड़कों ने एक आठ वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म



कर दिया। पुलिस ने दोनों को पकड़कर किशोर न्याय बोर्ड में पेश कर दिया। जहां से उन्हें बाल संरक्षण गृह भेज दिया गया।एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मेडीकल प्रपत्र व चिकित्सक के बयान के आधार पर मामला आईपीसी की धारा 376 में तब्दील हो गया। दोनों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया।

### बंद घरों में चल रहे बिजली मीटरों का सर्वे

**गाजियाबाद।** विद्युत निगम के नियमों की उल्लंघन कर बिजली के मीटर घरों के अंदर चल रहे हैं। ऐसे



में घर बंद होने पर विद्युतकर्मियों को रीडिंग लेने में परेशानी होती है। इसके अलावा बिलों में गड़बड़ी मिलती है। विद्युत निगम इस प्रकार बंद पड़े घरों का सर्वे कराएगा।नगर निगम में शामिल फ्री होल्ड कॉलोनियों के कई घरों में बिजली के मीटर अंदर ही लगे हैं। विद्युत निगम के नियमानुसार, मीटर घरों के बाहर लगा होना चाहिए।

### नाली को लेकर विवाद में हथियार से हमला



**गाजियाबाद।** गांव फजलगढ़ में नाली के को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे चल गए। एक पक्ष ने घर में घुसकर धारदार हथियार से वार कर तीन लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मोहित सिंह और सतेंद्र सिंह के मकान आस - पास हैं। नाली को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। रविवार को सतेंद्र ने साथियों के साथ मोहित के घर पर हमला बोला और धारदार हथियार से वार कर तीन को घायल कर दिया। राज सिंह की हालात गंभीर है। एसीपी ने बताया कि सतेंद्र, भूपेंद्र, नितिन व सागर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

### शराब पीकर पुलिसकर्मी से मारपीट, भेजा जेल

**गुरुग्राम।** सेक्टर-56 थाना एरिया में शराब पीकर हंगामा कर रहे युवक ने पुलिसकर्मी को ही पीट



दिया। पुलिस युवक को हंगामा करने से रोक रही थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, सिपाही विनोद अपने साथी एसपीओ के साथ सेक्टर-56 थाना एरिया में गश्त पर थे। इस दौरान सेक्टर-56 में एक शराबी हंगामा करते हुए पुलिसकर्मियों को गाली देने लगा। मना करने पर इसने एसपीओ को पीटने के साथ ही उसकी वर्दी भी फाड़ दी।

## शीघ्र गाजियाबाद प्रवेश द्वार फाउंटेन की होगी मरम्मत

# गाजियाबाद का विकास व सौंदर्यकरण को लेकर महापौर व आयुक्त ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

आय, विकास कार्य तथा शहर के सौंदर्यकरण को लेकर महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर घंटों मंथन किया। इस बैठक में मुख्य चौराहों के सौंदर्यकरण, पार्कों का सौंदर्यकरण, गाजियाबाद एंट्री के प्रवेश द्वार, चौराहों पर लगे फाउंटेन की मरम्मत, शहीद स्थलों का सौंदर्यकरण व अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिसमें शहर की सुंदरता पर जोर देते हुए महापौर तथा नगर आयुक्त ने संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। जिसमें जलकल विभाग को फाउंटेन की मरम्मत तथा लाइटिंग लगाने के लिए कहा गया। पार्कों की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए भी निर्देश दिए गए। शहीद स्थलों को गमले इत्यादि से सजाने के लिए भी कहा गया, मुख्य चौराहा को सुव्यवस्थित करने के लिए निर्देश दिए गए।। गाजियाबाद प्रवेश द्वार बनाने के लिए कार्यवाही तेज करने के लिए निर्माण को कहा।

> महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर घंटों मंथन किया। इस बैठक में मुख्य चौराहों के सौंदर्यकरण, पार्कों का सौंदर्यकरण, गाजियाबाद एंट्री के प्रवेश द्वार, चौराहों पर लगे फाउंटेन की मरम्मत, शहीद स्थलों का सौंदर्यकरण व अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई।

**खास बातें**
- निगम की आय बढ़ाने के लिए योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश
- आपातकालीन कार्य तत्काल कराए जाएंगे



### अवैध विज्ञापन के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाए जाने पर दिया बल

बैठक में नगर आयुक्त द्वारा अवैध विज्ञापन पर विशेष कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिसमें अवैध यूनीपोल, क्योस्क, होर्डिंग, पोस्टर व अन्य विज्ञापन को अविलंब कार्यवाही कर हटाने के लिए निर्देश दिए गए। बैठक में विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई जिसमें महापौर ने सभी वार्डों में समान कार्य करने की निर्देश दिए। इमरजेंसी के कार्यों को तत्काल करने के लिए भी कहा। महापौर तथा नगर आयुक्त ने निगम की आय और अधिक बढ़ाने के लिए योजना बनाकर कार्य करने की निर्देश दिए। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, महाप्रबंधक जल केपी आनंद, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज, प्रकाश प्रभारी आस कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी उपस्थित रहे।

## बायोटेक संस्थान में ब्रोशर का लोकार्पण

# 17 से 20 अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान में 17 जनवरी से 20 जनवरी तक इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने सोमवार को संस्थान के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में समरोह का कर्टन रेजर जारी किया और वहां उपस्थित युवा वैज्ञानिकों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रोशर का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य भारत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचारों के क्षेत्र में उपलब्धियों की एक विस्तृत श्रृंखला का जश्न मनाना और उजागर करना है। आईआईएसएफ 2023 का विषय अमृतकाल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक आउटरीच है।

**स्कूली बच्चों को साइंस एण्ड टैक्नोलोजी का लाभ मिलेगा**

हरियाणा प्रदेश के उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने आईआईएसएफ 2023 के आयोजन स्थल के रूप में फरीदाबाद को चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। आयोजन से बड़ी संख्या में हरियाणा के अन्य जिलों के स्कूली बच्चों को साइंस एण्ड टैक्नोलोजी का लाभ मिलेगा। आयोजन स्थल को विकसित करने में किए गए काम के लिए उन्होंने आईआईएसएफ 2023 के आयोजकों को बधाई दी और सफलता बनाने में सरकार की ओर से सभी सहयोग का वादा किया।

**एशिया की सबसे बड़ी औद्योगिक नगरी फरीदाबाद**

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि फरीदाबाद देश और दुनिया में तथा एशिया की सबसे बड़ी औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां सूई से लेकर हवाई जहाज और चंद्रयान तक बनाए जाते हैं। विश्व में उद्योगिक क्षेत्र में फरीदाबाद की सात कंपनियों का विशेष योगदान रहा है। इसी कारण से फरीदाबाद औद्योगिक नगरी के क्षेत्र में एशिया में यह मुकाम है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि साइंस फेस्टिवल महाकुंभ में जो भी जिम्मेदारी उन्हें सरकार हरियाणा सरकार को 17 से 20 जनवरी तक मिलेगी उसकी हर संभव रूप से पूर्ण किया जाएगा।

# अतिथि प्राध्यापक कल से अधिकार रैली में होंगे शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अतिथि अध्यापकों की बैठक जिला संयोजक ईनामी सिंह तेवतिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में यमुनानगर में अतिथि अध्यापकों पर हुए लाठीचार्च पर रोष जताते हुए सरकार द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही की निन्दा की । संयोजक ने अतिथि अध्यापकों से अपील की कि वे अपने हकों की लड़ाई के लिए 10 जनवरी को जगाधरी में होने वाली अधिकार रैली में बढ़-चढ़कर भाग लें। इस रैली में आगामी संघर्ष के लिए बड़ा फैंसला लिया जाएगा।

जिला प्रधान रघु वत्स ने बताया कि अतिथि अध्यापक 18 वर्षों से विद्यालयों में बड़ी ईमानदारी के साथ शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए बुनियाद तैयार कर रहे हैं।

## वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन द्वारा संस्कार परिवार मिलन

# एकल नृत्य, भजन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**युवाओं में एकता का भाव पैदा करना होगा**

पूर्व उद्योग मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश के उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने कहा कि ऐसे आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता एवं समानता का भाव जागृत करना है। उन्होंने वंचित बच्चों के भरण पोषण मे सहयोग करने के साथ-साथ लोगों को भी तन-मन-धन से सहयोग करने के लिए प्रेरित भी किया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन द्वारा समाज के वनवासी एवं कमजोर वर्गों के के सहयोग के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें पूर्व उद्योग मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि संगठन प्रभारी वीरेंद्र बतौर मुख्य वक्ता अपने विचार रखते हुए कहा कि परिवारों में नैतिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार जरूरी है। महर्षि वाल्मीकि विकास केंद्र, ज्योति विकास केंद्र, प्रभात विकास केंद्र में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य, एकल गीत, एकल नृत्य, भजन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। बच्चों को आरएसएस प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्रा आशीर्वचन भी प्राप्त हुआ।

## अफगानिस्तान व पाकिस्तान से आए

# 10 नागरिकों को शपथ के साथ दिलाई गई भारत की नागरिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिलाधीश विक्रम सिंह ने अफगानिस्तान-पाकिस्तान से आए 10 विदेशी नागरिकों को शपथ दिलाकर भारतीय नागरिकता प्रदान की। नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 5 के अधीन भारत के नागरिक



के रूप में रजिस्ट्रीकृत करने या धारा 6 के अधीन उसे देशीकरण संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान कर जिलाधीश ने नागरिकता प्रदान की है।

## बिल्डर की कार दो कारों से टकराकर पलटी, दो सिपाहियों की मौत

# बिल्डर की सुरक्षा में तैनात थे दोनों सिपाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात में कनावनी पुलिया के पास एक इनोवा कार डिवाइडर से टकरा कर असंतुलित होकर सड़क किनारे खड़ी दो कारों से जा टकराई, जिसमे एक दिल्ली पुलिस और एक उत्तर प्रदेश पुलिस के सिपाहियों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों ही सिपाही एक बिल्डर की सुरक्षा में थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों सिपाही बिल्डर निखिल चौधरी की सुरक्षा में तैनात थे। निखिल चौधरी शालीमार गार्डन में रहते हैं। निखिल चौधरी



देर रात्रि सीआईएसएफ रोड की तरफ से इनोवा कार से आ रहे थे। कार ड्राइवर चला रहा था। उनकी सुरक्षा में तैनात दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल जय ओम शर्मा और यूपी पुलिस के कांस्टेबल जगबीर राघव भी कार में साथ थे।

जब ये लोग कनावनी पुलिया के पास पहुंचे तो कार असंतुलित होकर दाहिनी ओर डिवाइडर से टकरा गई इसके बाद दूसरी ओर एक बैंक्वेट हाल के बाहर खड़ी दो कारों से टकराकर पलट गई। कार में सवार दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल और यूपी पुलिस के कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बिल्डर कार चालक सुरक्षित हैं। जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया।

पुलिस ने सिपाहियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए हैं। उधर प्रदेश के मंत्री नरेंद्र कश्यप भी पुलिसकर्मियों के परिजनों से मिले और अपनी शोक संवेदनाएं पेश की।

## धौलाना विधायक ने फाउंडेशन के प्रयासों को सराहा

# साथी फाउंडेशन ने डासना में टीबी से ग्रसित दो सौ रोगियों को गोद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डासना पर आयोजित ब्लॉक स्वास्थ्य मेला के दौरान साथी फाउंडेशन ने 20 क्षय रोगी और गोद लिए। फाउंडेशन की ओर से काजल छिब्बर ने गोद लिए सभी क्षय रोगियों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे धौलाना विधायक धर्मेश तोमर ने क्षय रोगियों के लिए साथी फाउंडेशन की ओर से किए जाए कार्यों को सराहा। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह से कहा कि वर्तमान सरकार बहुत ही संवेदनशील है, और बिना किसी भेदभाग के सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

विधायक ने कहा कि साथी फाउंडेशन के जरिए काजल छिब्बर क्षय रोगियों के लिए बहुत पुण्य का कार्य कर रही हैं। पोलियो की तरह ही हम टीबी मुक्त भारत का निर्माण करने



की राह पर हैं। इस कार्य में उन्होंने जन सहयोग की भी अपील की।

कार्यक्रम के दौरान डासना नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि मुजाहिद हुसैन, रजापुर ब्लॉक प्रमुख मोनिका चौधरी और खंड विकास अधिकारी आदेश कुमार सिंह और जिला क्षय रोग अधिकारी अमित विक्रम भी मौजूद रहे।

**लक्षण नजर आए तो जांच कराएं**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी या बुखार, खांसी में बलगम या खून आना, रात में सोते समय पसीना आना, वजन कम होना और भूख न लगना, यह सब टीबी के लक्षण हो सकते हैं। इनमें से एक भी लक्षण नजर आने पर टीबी की जांच कराना जरूरी है। सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी की जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मियों को जिंदा जलाने की कोशिश



**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा के मोरो थाने के अंदर ही पुलिसकर्मियों को जलाने की कोशिश की गई है। पुलिसकर्मियों की सजगता के कारण समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। सीसीटीवी में एक एक युवक डब्बे से कुछ ज्वलनशील पदार्थ छिड़कता हुआ नजर आ रहा है। सिटी एसपी सागर कुमार ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द पूरे मामले का पर्दाफाश करेंगे।

### रील्स के खुमार में पति का किया कत्ल



**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में पति का रील्स बनाने से रोकना पत्नी को इतना नागवार गुजरा कि उसने अपनी बहिन के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पुलिस ने पत्नी और साली को हिरासत में ले लिया है। मामला बेगूसराय के थाना क्षेत्र के फफौत गांव का है। जहां रविवार की देर रात ससुराल आए युवक की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत के बाद युवक के परिवार में कोहराम मच गया है।

### पांच नक्सली गिरफ्तार हथियार बरामद



**रांची।** झारखंड के चतरा जिले में पांच माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। इनमें एक राइफल, दो पिस्तौल, 14 जिंदा कारतूस, एक चाकू और प्रतिबंधित संगठन के पर्चे थे। एसपी राकेश रंजन ने बताया कि टंडवा पुलिस स्टेशन क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए नक्सली तृतीया सम्मेलन प्रस्तुति समिति से जुड़े हैं।

### जिंदा जलीं छह माह की जुड़वां बहनें



**मैनपुरी।** यूपी के मैनपुरी स्थित कस्बा औंछा में सोमवार की दोपहर अलाव की चिंगारी से चारपाई में आग लग गई। आग में चारपाई पर सो रही दो मासूम जुड़वां बहनों की जलने से दर्दनाक मौत हो गई। थाना क्षेत्र में मैनपुरी रोड के पास गौरव उर्फ दिलीप कुमार की पत्नी रजनी छह माह की जुड़वां पुत्रियों रिद्धि और सिद्धि को छत पर बने कमरे में निवाड़ की चारपाई पर सुला रही थी। थोड़ी देर बाद देखा तो मासूम बच्चियां आग की लपटों में घिरी हुईं थीं। अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# 5 लाख मूल्य की चांदी से बनी अखंड ज्योति पहुंची अयोध्या, एक बार प्रज्वलित होने पर 72 घंटे तक काला धुआं किए निरंतर जलती रहेगी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्तों में खासा उत्साह है। प्राण प्रतिष्ठा की तारीख नजदीक आती जा रही है और राम भक्त अलग-अलग तरीके से भगवान रामलला को कुछ न कुछ उपहार भेंट कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के एक राम भक्त ने भगवान रामलला के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए एक अखंड ज्योति दान की है। ये अखंड ज्योति जयपुर और उदयपुर के कारीगरों ने बनाई है।



### रामलाल के मंदिर में स्थापित की जाएगी

भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में 7 दिनों तक जो लगातार पूजा होगी उसमें इस अखंड ज्योति को प्रचलित किया जाएगा और प्राण प्रतिष्ठा के बाद इसको मंदिर में स्थापित कर दिया जाएगा। इस अखंड ज्योति की खास बात ये है कि ये मंदिर के आकार का बना हुआ है और यह लगभग 5 किलो का है। जिसकी लागत 5 लाख बताई जा रही है। राम भक्त शैलेंद्र सोनी ने बताया कि ये अखंड ज्योति जयपुर और उदयपुर के कारीगरों ने मिलकर तैयार की है। रतलाम मध्य प्रदेश से इसको श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के लिए लेकर आए हैं।

**इसका नाम श्री राम अखंड ज्योतिः** नृत्य गोपाल दास के शिष्य पुनीत राम दास ने बताया कि इसका नाम श्री राम अखंड ज्योति है। एक बार घी भरने पर दीया 5 दिन तक लगातार जलता रहेगा। ये अखंड ज्योति मंदिर के आकार का बना हुआ है। मंदिर के संगमरमार में कोई क्षति नहीं होगी। ये दीया कुल वजन 5 किलो चांदी का है और ये 5 लाख की लागत से तैयार हुआ है।

### 5 किलो वजनी शुद्ध चांदी से बनाया

*शैलेंद्र सोनी ने बताया कि ये 5 किलो वजनी शुद्ध चांदी से बनी हुई है। इसका दीपक एक बार प्रज्वलित करने पर 72 घंटे निरंतर जल सकता है। इसके अंदर जो वाट लगे हुए हैं एक साल तक उसको बदलने की आवश्यकता नहीं है। उसमें दीपक से निकलने वाले लौ से जो काला धुआं होता है वह नहीं होगा उसके अंदर ही रहेगा। 7 दिनों की जो पूजा होगी उस समय से इसको प्रज्ज्वलित किया जाएगा। पूजा पूर्ण होने के बाद इसको गर्भगृह के अंदर श्री राम भगवान जी के पास विराजमान किया जाएगा।*



### मां सीता के लिए पहुंचेगी अनूठी साड़ी

**एजेंसी, सूरत/ अयोध्या।** टेक्सटाइल उद्योग से मशहूर गुजरात के सूरत शहर से एक खास साड़ी अयोध्या भेजी जाएगी। राम मंदिर और भगवान राम की तस्वीर की प्रिंट की गई साड़ी को अयोध्या भेजी जाएगी। व्यवसायी ललित शर्मा ने बताया कि ये साड़ी भगवान राम की पत्नी सीता के लिए है, जिन्हें मां जानकी के नाम से जाना जाता है। ललित शर्मा ने कहा कि पूरी दुनिया में खुशी है कि कई वर्षों के बाद अयोध्या मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्रतिष्ठा होने जा रही है।

इस खुशी को साझा करते हुए हमने भगवान राम और अयोध्या मंदिर की तस्वीरों वाली एक विशेष साड़ी तैयार की है। हमने इसे यहां एक मंदिर में मां जानकी को अर्पित किया। यह साड़ी अयोध्या में राम मंदिर को भेजी जाएगी। शर्मा ने कहा कि अगर उन्हें अनुरोध मिलता है, तो वे भगवान राम के उन सभी मंदिरों में मुफ्त साड़ी भेजेंगे, जहां मां जानकी विराजमान हैं।

## सीएम योगी ने 'एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था' के लिए जारी प्रयासों की समीक्षा करते हुए कहा

# यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने की 'एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था' के लिए जारी प्रयासों और परिणामों की समीक्षा करते हुए कहा कि यूपी आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यूपी आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के राष्ट्रीय मानकों का आंकलन करें इसमें भी हमें अपने प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं।

नियोजन विभाग द्वारा आयोजित बैठक में सरकार के विभिन्न मंत्रीगणों की उपस्थिति रही। बैठक में नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव और फाइनेंस सेक्टर की कंसल्टिंग कंपनी डेलॉयट के प्रतिनिधियों ने विस्तार से प्रदेश के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी।

**खास बातें**

- वर्ष 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य पूरा
- 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले
- निर्यात बढ़कर 1.74 लाख करोड़ हुआ
- बेरोजगारी दर घटकर 2.4% रह गई



### यूपी की अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में

योगी ने कहा कि विगत साढ़े छह वर्षों के नियोजित प्रयासों से यूपी की अर्थव्यवस्था आज सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी जो 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। राष्ट्रीय आय में यूपी 9.2% का योगदान कर रहा है। यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है।

### हमारी नीयत साफ और लक्ष्य स्पष्ट है

योगी ने कहा कि वर्तमान स्थिति में 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी 25.55 लाख करोड़ से अधिक होने के अनुमान हैं, वर्ष 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी विभागों को अपने प्रयास तेज करने होंगे। अपने कार्यों की और बेहतर योजना करनी होंगी। हमारी नीयत साफ है, लक्ष्य स्पष्ट है। सभी को मिलकर सही नीति और नियोजित क्रियान्वयन के लिए प्रयास करना होगा। हमारी योजना लक्ष्य के अनुरूप हो, इसके लिए आंकड़ों का संग्रहण शुद्धता के साथ होना आवश्यक है। विभिन्न सेक्टर की स्थिति के सही आकलन के लिए विभागवार सांख्यकीय अधिकारियों के लिए कार्यशाला/ प्रशिक्षण का आयोजन करें। हमारे पास पोटेंशियल है। आज अनुकूल अवसर हैं। इसका पूरा लाभ उठाना होगा। तय लक्ष्यों के सापेक्ष नियोजन विभाग हर महीने सभी विभागों की प्रगति समीक्षा करे।

### प्रदेश में व्यापार अनुकूल माहौल

योगी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के माध्यम से प्रदेश में कुल 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इसमें 11.8 लाख करोड़ के प्रस्ताव केवल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए है। प्रदेश की बेहतर ब्रांडिंग, व्यापार अनुकूल माहौल और निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों का ही परिणाम है 2017-18 में जहां मात्र 0.89 लाख करोड़ का निर्यात था, वह आज बढ़कर 1.74 लाख करोड़ हो गया है। प्रदेश की बेरोजगारी दर 2017-18 में जहां 6.2% थी आज 2.4% रह गई है। इसके साथ ही महिला श्रम बल में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। यह 2017-18 में 13.5% थी आज 2022-23 में 31.2% तक पहुंच गया है।

### एमएसएमई सेक्टर को 1.5 लाख

सीएम योगी ने बताया कि देश में सबसे बड़ा एमएसएमई सेक्टर यूपी का है। एमएसएसई उद्योग के प्रोत्साहन के लिए वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। 2016-17 में जहां मात्र 28 हजार करोड़ का ऋण वितरित किया जा सका वहीं 2023-23 में 1.5 लाख करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया। चालू वित्तीय वर्ष में यह 1.75 लाख ऋण उपलब्ध कराने की तैयारी है। इस सेक्टर को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। हमारी ओडीओपी योजना निर्यात बढ़ोतरी का बड़ा आधार बन रही है। इनके प्रमोशन के लिए नए बाजार भी तलाशे जाएं।

### पिछले साल 31.8 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ

सीएम योगी ने कहा कि होटल/रेस्टोरेंट, ट्रांसपोर्ट, संचार, रियल एस्टेट, प्रोफेशनल सर्विस, लोक सेवा, रक्षा व अन्य सेवाओं वाले तृतीयक खंड में प्रदेश तेजी से तरक्की कर रहा है। पर्यटन सेक्टर से जुड़ी सेवाओं में अभूतपूर्व विकास हुआ है। 2023 में आई पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पर्यटक आगमन वाला प्रदेश हो गया है। 2022-23 में प्रदेश में 31.8 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ। वाराणसी, मथुरा और अयोध्या इसके प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं। आने वाले दिनों में इसमें उत्तरोत्तर विकास सुनिश्चित है। घरेलू पर्यटकों के साथ-साथ हमें विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनानी होगी। संभावित देशों को चिन्हित करें।

**यूपी आंकड़ों में एक नजर**

- कुल जीडीपी 22.58 लाख करोड़ से अधिक
- राष्ट्रीय आय में योगदान 9.2%
- 2022-23 में विकास दर 14.3%
- महिला श्रम बल 31.2% तक पहुंचा


### डिजिटल टेक्नोलॉजी का समावेश किया

योगी ने कहा कि अर्थव्यवस्था के प्राथमिक खंड में सुधार के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का समावेश किया गया है। डिजिटल क्रॉप सर्वे जैसे प्रयास किए गए हैं। इसे सभी 75 जिलों में प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। गन्ना के अन्तर्गत क्षेत्रफल तथा उत्पादन के वर्ष 2021-22 में 26.8 प्रतिशत, उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में 31.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विभिन्न फसलों में उच्च प्रजाति की किस्मों के आँकड़ों का समावेश किया गया है। दलहन तथा तिलहन में उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिये राज्य प्रायोजित स्कीमों का क्रियान्वयन के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। फसल विविधीकरण एवं बेहतर सप्लाई चेन मैनेजमेंट और बेहतर करने की आवश्यकता है। दुग्ध उत्पादन में राज्य पुनः शीर्ष स्थान पर है।

# युवाओं को वैध तरीके से विदेश भेजकर रोजगार दिलाने में मदद कर रही

## कच्चे कर्मचारियों को शोषण से मुक्ति दिलवाई : मुख्यमंत्री मनोहर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



- अरब देशों व मध्य एशिया के देशों में 41 श्रेणियों में रोजगार को विज्ञापन जारी किया गया

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कच्चे कर्मचारियों को ठेकेदारों के चंगुल से बचाने के लिए आउटसोर्सिंग पालिसी को तर्कसंगत बनाया है। कच्चे कर्मचारियों को ईपीएफ अंशदान और ईएसआई के नाम पर ठेकेदारों द्वारा किये जा रहे शोषण की शिकायतों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया और इससे राहत दिलाने के लिए उन्होंने हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन करवाया है। मुख्यमंत्री ने कबूतरबाजी, अवैध तरीके व डोंकी के रास्ते से नौकरी के लिए विदेशों में जाने वाले युवाओं की सुध ली है ताकि हरियाणा के युवा विदेशों में न भटकें और वैध तरीके से नौकरी के लिए विदेशों में जाएं। मुख्यमंत्री मानते हैं कि जिन विभागों में तत्काल मैनपॉवर की आवश्यकता है उसे पूरा करने के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम अहम भूमिका निभा रहा है। लगभग 20 दिनों में विभागों की आवश्यकता के अनुसार कर्मचारियों को जॉब ऑफर लेटर जारी किये जाते हैं और अभी भी निगम ने विभिन्न विभागों के लिए 28 श्रेणियों के लिए आवेदन मांगें हैं जिनमें विधि स्नातक से लेकर हिंदी लिखने व पढ़ने वाले साक्षर भी 14 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। राज्य सरकार ने हरियाणा कौशल रोज़गार निगम के माध्यम से फिनलैंड, उज़्बेकिस्तान, जापान, यूके, यूएई, सऊदी अरब और इज़रायल में 41 श्रेणियों की नौकरियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक युवाओं के पास 10 जनवरी, 2024 तक आवेदन करने का यह आखिरी मौका है। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, अबू धाबी में हैवी ड्यूटी ड्राइवर, लाइट व्हीकल ड्राइवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, मेसन, कारपेंटर व कंस्ट्रक्शन वर्क्स से जुड़े कार्यों के लिए आवेदन किये जा सकते हैं। इसी प्रकार, इज़रायल के लिए 10,000 मज़दूर, यूके में कैमब्रिज यूनिवर्सिटी अस्पताल के लिए 50 स्टाफ नर्स और दुबई में 50 बाउंसरों (सुरक्षा गार्ड) की भर्ती के लिए भी आवेदन किये जा सकते हैं।

इसके आलावा, यूके में नर्स के लिए भी 2,500 पदों की मांग है। इसके लिए 26,000-29,000/वर्ष (लगभग 27.6 लाख रुपये से 30.7 लाख रुपये) और उज़्बेकिस्तान में हिंदी, अंग्रेज़ी और रूसी भाषा के ज्ञान वाले ट्रांसलेटर्स के लिए 1,000 डॉलर/माह (83,243 रुपये) पर भी उम्मीदवारों की तलाश की जा रही है। सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विगत वर्षों में हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से 1 लाख 10 हजार नौकरियां दी गई है। इसके अलावा, 60 हजार नौकरियां पाइपलाइन में हैं। इतना ही नहीं, पहले से अनुबंध आधार पर कार्यरत 1.08 लाख से अधिक मैनपावर को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में समायोजित किया गया है। इसके अलावा अनुबंध आधार पर 17,785 नए कर्मी भर्ती किए गए हैं।

### ग्रुप-डी के 1949 कर्मियों की मनपसंद जगह पर स्थानांतरण के आदेश

**चंडीगढ़।** सरकार ने ग्रुप-डी कर्मचारी अधिनियम, 2018 के तहत ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए कॉमन कैडर के तहत स्थानांतरण अभियान शुरू किया है। प्रथम चरण में पसंदीदा जिले का चयन करने वाले 1949 कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए है कि वे इन कर्मचारियों को शीघ्रता से कार्य भार मुक्त करें ताकि ये जल्द नये पद पर कार्यभार ग्रहण कर सके।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदीः हम समाज...

हैं। हमारी सरकार ने किसानों की हर कठिनाई को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किया है, जिसमें पीएसीएस, एफपीओ जैसे संगठनों के साथ कृषि क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना, भंडारण सुविधाओं में वृद्धि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देना शामिल हैं। वीबीएसवाई ने हाल ही में 50 दिन पूरे किए हैं और लगभग 11 करोड़ लोगों से जुड़ चुका है। विकसित यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है, कोई भी हक़दार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। मोदी ने बताया कि यात्रा शुरू होने के बाद से सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, पीएम स्वनिधि के लिए लाखों आवेदनों के साथ उज्ज्वला कनेक्शन के लिए 12 लाख नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। हम गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के भविष्य पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अब तक 2 करोड़ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई है, जिसमें 1 करोड़ टीबी जांच और 22 लाख सिकल सेल जांच शामिल हैं।

### सीएम यादव ने बाणगंगा ...

फिल्म का प्रदर्शन किया गया। सभा स्थल पर जन कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री गिरिराज सिंह ने भी वर्चुअली संबोधित किया।

### किसान, गरीब, महिला ...

प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन, फर्टिलाइजर के उपयोग में कमी लाने, विश्वकर्मा योजना सहित स्वरोजगार के लिए संचालित सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हमारी सरकार कार्यरत है।

### पायलट अब करेंगे ...

सुरक्षा जोखिमों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण हैं। बयान में कहा गया है कि एयरलाइन को संशोधित नियमों का एक जून तक अनुपालन करने की जरूरत है। डीजीसीए ने पायलट थकान रिपोर्ट का विश्लेषण किया है। अध्ययन और विश्लेषण के आधार पर थकान होने के कुछ प्रमुख कारणों में अधिकतम उड़ान ड्यूटी अवधि, रात्रिकालीन ड्यूटी, साप्ताहिक आराम की अवधि, उड़ान ड्यूटी अवधि विस्तार शामिल हैं।

### रेल कॉरिडोर के लिए ...

भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। मुंबई और अहमदाबाद के बीच हाई स्पीड रेल लाइन बनाई जा रही है। एनएचएसआरसीएल ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि उसने गुजरात के वलसाड जिले के जरोली गांव के पास स्थित 350 मीटर लंबी और 12.6 मीटर व्यास वाली पहली पहाड़ी सुरंग को केवल 10 महीने में पूरा कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इसमें कहा गया है कि 70 मीटर लंबा और 673 मीट्रिक टन वजन वाला पहला स्टील पुल सूरत में एनएच-53 पर बनाया गया था। इसी के तहत 28 में से 16 ऐसे पुलों का निर्माण विभिन्न चरणों में हैं। इस कारिडोर पर 24 में से छह नदियों पर पुल का निर्माण पूरा हो चुका है। नर्मदा, ताप्ती, माही और साबरमती नदियों पर काम चल रहा है।

### इंश्योरेंस कंपनी की ...

के लिए सर्च किया, डीटेल भरी और फंसती चली गई। प्रतिष्ठा ने पुलिस को बताया कि मुझे एजुकेशन लोन चाहिए था। इसके लिए मैं ऑनलाइन ऐसी कंपनियां सर्च कर रही थी, जो एजुकेशन लोन देती हैं। तभी मुझे सुलेखा डॉट कॉम नाम की कंपनी का लिंक मिला। मैंने कंपनी की साइट पर विजिट की। अपनी डिटेल भरी थी। इसके बाद मुझे नकुल नाम के व्यक्ति का कॉल आया। उसने खुद को लोन ब्रोकर बताया और कहा कि वह आरएस इंटरप्राइजेज नाम की किसी कंपनी में है। प्रतिष्ठा ने पुलिस को बताया कि नकुल के अलावा कंपनी के अन्य लोगों से भी मेरी बात हुई। कोई खुद को अकाउंटेंट बताता था तो कोई अन्य पदों पर होने की बात कहते थे। उन लोगों ने मुझे अपनी बातों में फंसा लिया था।

**70 ट्रांजेक्शन में 39 लाख रुपए ऐंठेः** प्रतिष्ठा ने पुलिस को बताया कि इन लोगों ने एजुकेशन लोन के लिए एप्लीकेशन फीस, वेरिफिकेशन चार्ज, लोन अप्रूवल फीस, एडवांस ईएमआई और एनपीसीआई अप्रूवल खर्च सहित कई सारे चार्जेज लिए। मैंने 70 बार ट्रांजेक्शन किए और 39 लाख का पेमेंट कर दिया था। प्रतिष्ठा के मुताबिक, जब मुझे लगा कि मैं ठगी जा रही हूं तो मैंने इन लोगों से अपना पेमेंट वापस मांगा, लेकिन इन लोगों यह कहते हुए रुपए वापस देने से इनकार कर दिया कि यह नॉन-रिफंडेबल है। प्रतिष्ठा की शिकायत पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 420 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### दो सप्ताह के भीतर...

धर्म या पंथ को मानती हो। घटना के वक्त बिलकिस बानो 21 साल की थीं और पांच माह की गर्भवती थीं। बानो से गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद 2002 में भड़के दंगों के दौरान दुष्कर्म किया गया था। दंगों में मारे गए उनके परिवार के सात सदस्यों में उनकी तीन साल की बेटी भी शामिल थी।

### मुकदमा महाराष्ट्र में, ...

के 13 मई, 2022 के आदेश का लाभ उठाते हुए अन्य दोषियों ने भी सजा में छूट के लिए अर्जी दायर की थी। गुजरात (सरकार) की इसमें मिलीभगत थी और उसने इस मामले में प्रतिवादी संख्या तीन (दोषियों में से एक) के साथ मिलकर काम किया। तथ्यों को छिपाकर अदालत को गुमराह किया गया। शीर्ष अदालत ने यह भी माना कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत बिलकिस बानो द्वारा सजा में छूट को चुनौती देने के लिए दायर जनहित याचिका विचारणीय है। अनुच्छेद 32 के अनुसार यह एक मौलिक अधिकार है, जिसमें कहा गया है कि व्यक्तियों को संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य मौलिक अधिकारों को लागू कराने के लिए उच्चतम न्यायालय (एससी) से संपर्क करने का अधिकार है।

### वियतनाम की विनफास्ट...

निर्माण सुविधा का निर्माण इसी कैलेंडर वर्ष में तमिलनाडु के थूथुकुडी से शुरू होगा। और जब दोनों पूरी तरह से काम करना शुरू कर देंगे, तो राज्य में 3,500 तक नौकरियां पैदा होंगी। भारत में इस समय एंट्री करना विनफास्ट के लिए उतना ही फायदेमंद हो सकता है जितना यह भारत में ईवी अपनाने को रफ्तार दे सकता है। बिक्री के मामले में, भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा कार बाजार है। लेकिन ईवी पैठ अभी भी काफी कम है। इसका मतलब यह हो सकता है कि विनफास्ट उस विशाल क्षमता का फायदा उठाना चाहता है। और तमिलनाडु को देश में अपने संचालन का आधार चुनना इस आकलन से उपजा है कि राज्य में भारत का ईवी हब बनने की अपार संभावना है।

### मैन्युफेक्चरिंग प्लांट...

नींव रखना है। आर्थिक फायदों के अलावा, यह परियोजना ग्रीन ट्रांसपोर्टेशन डेवलपमेंट (हरित परिवहन विकास) के लिए रास्ता बनाएगी। जिसका लक्ष्य नव-पंजीकृत निजी कारों का 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक होना है। यह परिवहन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए राज्य सरकार की पहलों के अनुरूप है।

### दो घंटे में तीनों गुंबद...

के घटते ही तत्काल पूरे उप्र में कर्फ्यू लगा दिया गया । इसी बीच पुजारियों ने रामलला को गुलाबी चादर में लपेटकर उन्हें उचित स्थान पर स्थापित कर दिया। ढांचा तोड़ते समय अनेक लोग घायल हुए, कई लोगों की मृत्यु भी हुई । थोड़ी देर बाद वहां पर परमहंस रामचंद्र दास, महंत नृत्य गोपाल दास और अशोक सिंहल वहां आए और उन्होंने रामलला के दर्शन किए। (प्रभात झा राज्यसभा सांसद भी रहे हैं।

### हमने मोटरसाइकिल से ...

हम और ओमप्रकाश तिवारी मोटर साइकिल से आगे बढ़ रहे थे । आखिर रामजी का काज था, कोई कैसे रोक सकता था । रात्रि 12 बजे हम मध्यप्रदेश की सीमा भिंड में प्रवेश कर चुके थे । अब हमें 70-75 किमी की यात्रा और करनी थी ।

### दिल्ली क्यों जाऊं, ...

पद की शपथ ली। वाल्मिकी भी निजी कारणों से सत्र में शपथ नहीं ले पाए थे। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने इन दोनों नेताओं को विधायक पद की शपथ दिलवाई। इधर, शपथ ग्रहण करने के बाद कमलनाथ ने मीडिया से चर्चा में कहा कि मैं मध्यप्रदेश में ही सक्रिय रहूंगा। मैं दिल्ली क्यों जाऊंगा। इंडिया गठबंधन पर उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की बात चल रही है। कुछ ना कुछ निचोड़ जरूर निकलेगा, हालांकि मैं इसकी चर्चा में शामिल नहीं हूं। बता दें, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव 2023 लड़ा था, लेकिन कांग्रेस को इसमें करारी हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस को सिर्फ 66 सीटें मिली। इसके बाद कांग्रेस ने बड़ा बदलाव करते हुए जीतू पटवारी को मध्यप्रदेश कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। चुनाव परिणाम आने के बाद से ही कमलनाथ विदेश प्रवास पर रवाना हो गए थे। इसके बाद वे 7 जनवरी को भोपाल वापस लौटे हैं।

**अब इनकी होनी है शपथः** कसरावद से विधायक चुने गए सचिन यादव विधायक पद की शपथ लेने के लिए अभी रह गए हैं। वे आज भी शपथ नहीं ले पाए। इसके पहले उन्होंने सत्र में भी शपथ नहीं ली थी। अब विधानसभा में 230 विधायकों में से 229 की शपथ हो चुकी है। सिर्फ एक सचिन यादव ही शेष हैं। आगे उन्हें भी इसी प्रकार से अध्यक्ष के कक्ष में शपथ दिलवाई जाएगी। शपथ के बाद ही वे विधानसभा की कार्यवाही में भाग ले पाएंगे।

## हेमंत सोरेन की बहन का बड़ा बयान

# जरूरत पड़ी तो कल्पना बन सकती हैं झारखंड की सीएम



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड सीएम हेमंत सोरेने ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं। बीते दिनों सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक विधायक ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद चर्चाओं का बाजार गर्म है कि सीएम हेमंत सोरेन भी सीएम पद से इस्तीफा दे सकते हैं और उनकी जगह उनकी पत्नी कल्पना सोरेन राज्य की नई सीएम बन सकती हैं। अब सीएम हेमंत सोरेन की बहन के बयान ने भी इन चर्चाओं को और हवा दे दी है।

### आदिवासी होने से कर रहे प्रताड़ित

अंजली सोरेन ने ईडी के समन मिलने पर कहा कि 'एक तरफ हमें ऊपर उठाया जा रहा है और दूसरी तरफ हमारा उत्पीड़न किया जा रहा है। हेमंत सोरेन सरकार एक आदिवासी सरकार है। मैं कह सकती हूं कि आदिवासी होने की वजह से हमें प्रताड़ित किया जा रहा है। सरकार को डर है कि अगर हेमंत सोरेन की सरकार काम करती रहेगी तो उन्हें आदिवासियों के वोट नहीं मिलेंगे। यही वजह है कि वह यह सब कर रहे हैं।'

# मेरे पूछे गए प्रश्नों से यदि देश भर के लोगों की कहीं न कहीं भलाई हो रही है, प्रश्न सामाजिक सरोकार से जुड़े हैं तो मेरे लिए सौभाग्य की बात



मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता को इस वर्ष के सांसद रत्न पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित।

हरि अग्रहरि ▶▶ भोपाल

मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता को इस वर्ष के सांसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सांसद गुप्ता को अब तक में सांसद रत्न व वेस्ट सांसद के कुल 5 पुरस्कार मिल चुके हैं। इस पुरस्कार को मिलाकर लोकसभा का कुल छठवां पुरस्कार होगा। सबसे अधिक प्रश्न उठाने का पुरस्कार भी उन्हें मिल चुका है। उनमें से कुछ ऐसे प्रश्न मसलन ई-सिगरेट का मुद्दा उठाने पर सरकार ने तत्काल उसे बैन कर दिया। कई बार तो प्रश्न उठाने से सरकार ने अपनी सतर्कता बढ़ाई और उसका लाभ देश भर लोगों को मिला। इस बार भी पुरस्कार लोकसभा सचिवालय की विभिन्न गतिविधियों, सबसे अधिक प्रश्न उठाने समेत अन्य क्रियाकलापों की वजह से मिलेगा। सांसद गुप्ता पिछले 10 सालों में लोकसभा में एक हजार से अधिक प्रश्न उठा चुके हैं। इन्हीं सब मुद्दे को लेकर हरिभूमि ने सांसद गुप्ता से विस्तृत बातचीत की। उन्होंने कहा कि लोकसभा सचिवालय ने एक मानक तय किया है। इसमें सांसदों के परफारमेंस की बारीकी से अध्ययन कराया जाता है। उसमें अव्वल आने वाले सांसद को बेस्ट सांसद व सांसद रत्न पुरस्कार से नवाजा जाता है। कुछ देर पहले (लगभग शाम 6 बजे) ही मुझे सांसद रत्न पुरस्कार मिलने की जानकारी मिली है।

हरिभूमि चर्चा

### सांसद गुप्ता के एक प्रश्न, जिसमें ई-सिगरेट का मुद्दा उठाने पर सरकार ने तत्काल उसे बैन कर दिया था

**प्रश्न:** सांसद रत्न पुरस्कार प्राप्त होने की सूचना आपके पास भी आई है, इस बारे में क्या कहेंगे आप? ऐसा आपने क्या कुछ किया है, जिसकी वजह से पुरस्कार प्राप्त हुआ है?

**उत्तर:** पिछले 10 सालों के दौरान वे कभी भी चैन से नहीं बैठें। सांसद बनने के बाद से ही उनके मन में यह बात हमेशा आती है कि यदि क्षेत्र के लोगों ने मुझे चुनकर भेजा है तो ऐसा कुछ करें कि मानव मात्र की भलाई हो सके। बस इसी बात को ध्यान में रखकर काम करते हैं। यदि 10 सालों के कार्यकाल को देंखे तो एक हजार से अधिक प्रश्न उठा चुके हैं। इन प्रश्नों की भी केटेगरी है। लगभग हर उस मुद्दे पर मेरे प्रश्न रहे हैं जो सामाजिक सरोकारों से जुड़े हैं। शायद इसी वजह से लोकसभा सचिवालय उन्हें चुनता है। पिछली बार तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर बधाई दी थी। इस पुरस्कार की सूचना भी अभी कुछ देर पहले ही मुझे मिली है।

### लोस सचिवालय ने तय किया मानक, सांसदों की परफारमेंस का होता है बारीक अध्ययन

**प्रश्न:** एकाक ऐसे प्रश्न के बारे में बताएं, जिस वजह से सरकार को त्वरित एक्शन लेना पड़ा हो?

**उत्तर:** वे लगभग हर मुद्दे पर प्रश्न उठाते हैं, खासकर ऐसे प्रश्न ज्यादा होते हैं, जो सामाजिक सरोकारों से ज्यादा जुड़े हो। पिछली बार उन्होंने ई-सिगरेट को लेकर प्रश्न उठाया था। बच्चों के बीच में ई-सिगरेट ज्यादा चलन में हो गया था। आम लोग भी विरोध कर रहे थे। मेरे प्रश्न उठाने के तत्काल बाद सरकार ने उसे बैन कर दिया। हालांकि ऐसा नहीं है कि सरकार सचेत नहीं थी, बल्कि मेरे प्रश्न उठाने के बाद अफसर व संबंधित विभागों ने तत्काल एक्शन लिया और परिणाम सबके सामने है। इसी तरह के अनेक ऐसे प्रश्न हैं, जिस वजह से आम लोगों को लाभ है।

### अब तक संसद में उठा चुके हैं एक हजार से अधिक प्रश्न, इन पर हुई है कार्रवाई, जनता को मिली राहत

**प्रश्न:** इतने प्रश्न उठाने पर कई तरह की कार्रवाई हुई होगी। इसे क्या आपने संग्रहित करके पुस्तक का आकार दिया हैं या फिर देने पर काम कर रहे हैं? किस तरह के प्रश्नों को अवॉर्ड के लिए चुना जाता है?

**उत्तर:** मेरा उद्देश्य यह कभी नहीं रहा कि प्रश्नों की कोई पुस्तिका बनाई जाए। मेरा तो एक ही उद्देश्य होता है कि यदि ज्वलंत मुद्दों खासकर जिससे जनता की भलाई होती है, उन प्रश्नों की वजह से यदि देश भर के लोगों की कहीं न कहीं भलाई हो रही है, वह सामाजिक सरोकार से जुड़ा हुआ है तो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। कभी भी पुस्तक का रूप नहीं दिया। प्रश्न समाज के विभिन्न पहलुओं को छूने वाले होने वाले हैं, इससे लोगों को काफी लाभ हुआ है। लोकसभा सचिवालय भी पुरस्कार के लिए ऐसे सांसदों को चुनता है, जो विभिन्न तरह के प्रजेंटेशन, विभिन्न क्रियाकलाप, प्रश्नों की संख्या, विभिन्न मुद्दों पर होने वाले डिबेट, क्षेत्र, देश व समाज को लेकर पूछे जाने वाले प्रश्न आदि में अव्वल होते हैं। इसका भी एक मानक बना हुआ है। उसी मापदंड के आधार पर सांसदों को चुना जाता है।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में फिर से हुई ईडी की कार्रवाई तेज

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई तेज हो गई है। महादेव एप सट्टा मामले में भ्रष्टाचार को लेकर ईडी ने अपने 1800 पन्नों के पूरक आरोप पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम का उल्लेख किया है। इसमें महादेव एप मामले में 508 करोड़ के लेनदेन का भी जिक्र है। वहीं ईडी की जांच में कथित कोयला घोटाला मामले में भी ईडी की विशेष कोर्ट ने वर्तमान कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

### मोदी की गारंटी थीम पर है सरकार का कैलेंडर



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को यहां राज्य अतिथि गृह (पहुना) में वर्ष 2024 के शासकीय कैलेंडर का विमोचन किया। सुशासन का सूर्योदय थीम पर आधारित इस कैलेंडर के मुख्य पृष्ठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की फोटो है। जनवरी माह में प्रभु श्रीराम के चित्र के साथ भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनः प्रतिष्ठा के संकल्पना लिए अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर को दर्शाया गया है। अप्रैल माह में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 18 लाख पात्र परिवारों को अपना घर दिलाने का संकल्प दर्शाया गया है।

### छत्तीसगढ़ के मंत्री करा रहे यूपीएससी की तैयारी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के मंत्री ओपी चौधरी अपने सकारात्मक कामों से लगातार चर्चित हो रहे हैं। वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्रालय का कामकाज संभालने के बाद मौका मिलते ही



मंत्री चौधरी संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी के अभ्यर्थियों को परीक्षा की तैयारी करवा रहे हैं। शनिवार की देर रात मंत्री चौधरी ने 75 ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए तैयार करने का काम किया, जो कि यूपीएससी की मुख्य परीक्षा में चयनित हो चुके हैं।

## शिप्रा नदी के संरक्षण और संवर्धन को लेकर हुई बैठक

मुख्यमंत्री यादव ने अफसरों से कार्रवाई के लिए कहा-

# सीएम डॉ. मोहन के निर्देश- उज्जैन शहर के नालों और सीवरेज का पानी शिप्रा में न मिले

- उज्जैन एवं इन्दौर के अधिकारी क्षिप्रा को स्वच्छ रखने प्लान तैयार करेंगे
- नदी संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए विशेषज्ञों की राय ली जाएगी
- सांवेर, रामवासा, पंथपिपलई, राघौपिपल्या में स्टॉपडैम बनेगा, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सीवरेज एवं नालों का गन्दा पानी शिप्रा नदी में न मिले, इसके लिए उज्जैन एवं इन्दौर के अधिकारी प्लान तैयार करें। उन्होंने कहा कि यह चिन्ता का विषय है कि सीवरेज एवं नालों का गन्दा पानी शिप्रा में मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए विशेषज्ञों की राय ली जाए। गन्दा पानी हम शिप्रा में जाने से कैसे रोके, इसका प्लान तैयार किया जाए। उक्त निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिप्रा नदी संरक्षण एवं संवर्द्धन की बैठक में दिए। उन्हें बताया गया कि कान्ह नदी पर पक्का स्टापडेम बनाने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्दे पानी के नाले एवं सीवरेज का पानी को रोकने के लिए सांवेर, रामवासा, पंथपिपलई, राघौपिपल्या में स्टापडैम बनाया जाए और यहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाए। उन्होंने कहा कि सदावल में पम्पिंग स्टेशन है। पानी को स्टापडैम की ओर डायवर्ट किया जाए। सांवेर पर ही गन्दे पानी को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं स्टापडैम बनाकर कंट्रोल कर लें, तो शिप्रा शुद्ध रहेगी। साफ हुए पानी का उपयोग किसान सिंचाई के लिए करें, इसके लिए किसानों को समझाईश भी दी जाए।

### अपशिष्ट पदार्थ एवं इण्डस्ट्री के गन्दे पानी को रोकने का प्लान तैयार करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में नगर निगम के अपशिष्ट पदार्थ एवं इण्डस्ट्री के गन्दे पानी को रोकने का प्लान तैयार करें। उन्होंने इन्दौर संभागायुक्त मालसिंह को निर्देश दिए कि कार्य-योजना तैयार करें। सांसद अनिल फिरोजिया ने रूद्र सागर में मिलने वाले नाले, नई कॉलोनियों में पानी निकासी की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि गन्दे नालों के पानी की रोकथाम के लिए छोटे-छोटे स्टापडेम बनाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में भी जानकारी ली। बैठक में विधायक सतीश मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, संभागायुक्त डॉ. संजय गोयल, इन्दौर कलेक्टर आशीष सिंह, उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, देवास कलेक्टर ऋषव गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### हर हाल में गन्दा पानी शिप्रा में जाने से रोकना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाल में गन्दा पानी शिप्रा में जाने से रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि साल दो साल में नई कॉलोनियां भी डेवलप होती हैं। वहां के सीवरेज के पानी की निकासी भी पर्याप्त व्यवस्था की जाए। वह पानी किसी भी स्थिति में शिप्रा नदी में न मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टापडैम का रख-रखाव, मरम्मत का कार्य, ऊंचाई बढ़ाने का काम प्राथमिकता से किया जाए।

### नृसिंह घाट में किसी भी स्थिति में गंदगी इकट्ठी न हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में टाटा प्रोजेक्ट अपना कार्य समय पर पूरा नहीं कर रही है। उनके कार्यों की पुनः समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि नृसिंह घाट में किसी भी स्थिति में गन्दगी इकट्ठी न हो, अन्यथा वह रामघाट तक प्रवाहित होती है। गोंदिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ही जगह कचरा डम्प होने से आसपास के पांच गांव में पेयजल पीने योग्य नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नई-नई टेक्नालॉजी आ गई है। आवश्यकता है कि नई टेक्नालॉजी से हम कचरा अपशिष्ट प्रबंधन करें।

### मुख्यमंत्री, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री उप मुख्यमंत्री ने भगवान महाकाल के दर्शन कर की पूजा-अर्चना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन पहुंचें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने श्री महाकालेश्वर मन्दिर में पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

### मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ का आकस्मिक भ्रमण किया

*मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ का आकस्मिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने जेल अस्पताल, पाकशाला, बन्दी आवास, सभा भवन आदि का भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बन्दियों से शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के सम्बन्ध में चर्चा की और केन्द्रीय जेल अधीक्षक से जेल की सुरक्षा व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।*

### आचार्यश्री प्रज्ञासागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इन्दौर रोड स्थित तपोभूमि पहुंचकर तपोभूमि प्रणेता आचार्य प्रज्ञासागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। मालवा गौरव से सम्मानित कर जैन समाज के पदाधिकारियों ने 58 प्रकार के विविध फलों से एवं मालाओं से मुख्यमंत्री का सम्मान किया।

## भाजपा की लोकसभा चुनाव की तैयारी 11 जनवरी को भोपाल में चिंतन बैठक

- लोस चुनाव को लेकर तैयार करेगी रणनीति

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद अब भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। इसी कड़ी में 11 जनवरी को भोपाल में पार्टी ने चिंतन बैठक रखी है। इसमें पार्टी आगामी चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करेगी। इस बैठक में पार्टी के शीर्ष दिग्गज नेता भाग लेंगे। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी बैठक में शामिल होंगे। यह डॉ. मोहन यादव के सीएम बनने के बाद पहली बैठक है। इसमें मोहन कैबिनेट के कुछ मंत्री भी शामिल हो सकते हैं। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी की जाएगी। इसमें रणनीति व क्रियान्वयन को लेकर चर्चा होगी। भाजपा ने 10 प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है, उसके फामूर्ले पर भी चर्चा की जाएगी। साल 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा को 58 प्रतिशत वोट मिले थे। बता दें मध्य प्रदेश में 29 लोकसभा सीटें हैं। इसमें भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, विदिशा, मुरैना, भिंड, गुना, सागर, टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, सीधी, शहडोल, मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा, होशंगाबाद, राजगढ़, देवास, मंदसौर, रतलाम, धार, खरगोन, खंडवा, बैतूल शामिल है। इसमें 28 सीट भाजपा के पास है।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

**टेंडर नोटिस सं. Inj. Medicines** **दिनांक 08.01.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82241208 | इंसुलिन ग्लार्गिन इंज पेन 100IU प्रति एमएल (लंबे समय तक काम करने वाला इंसुलिन) | 28809 Nos. | 01.02.2024 |
| 2. | 82241160 | लिनाग्लिप्टिन 5 एमजी टैब/कैप। | 693360 Nos. | 01.02.2024 |
| 3. | 82241193 | सीताग्लिप्टिन 50 मिलीग्राम और मेटफॉर्मिन 500 मिलीग्राम टैब./कैप। | 1287032 Nos. | 01.02.2024 |
| 4. | 82242450 | निलोटिनिब 200 मिलीग्राम टैब/कैप। | 6000 Nos. | 01.02.2024 |
| 5. | 82242397 | डेनोसुमैब इंजेक्शन 120 मिलीग्राम | 500 Nos | 01.02.2024 |

**निविदा शर्तें**–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
**67/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77235247A | डायमंड क्रॉसिंग एंड सीजर ओवर क्रॉसिंग्स | 91 सेट | 02.02.2024 |
| 02 | 09235015 | कास्ट स्टील कासनब | 787 नग | 05.02.2024 |
| 03 | 08235686A | प्रोक्योरमेंट ऑफ एच ए एस एस डी ए सी | 95 सेट /नग | 16.02.2024 |
| 04 | 15235265 | सी एन सी प्लाज्मा प्रोफाइल कटिंग मशीन | 01 नग | 19.02.2024 |
| 05 | 15235223 | हेवी ड्यूटी एक्सहॉस्ट फैन | 25 सेट | 20.02.2024 |
| 06 | 07231420A | रबर स्टॉपर पैड | 55675 नग | 01.03.2024 |
| 07 | 07230447A | सेट ऑफ साइड बफर असेंबली | 56 नग | 04.03.2024 |

**निविदा शर्तें:** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

**टेंडर नोटिस सं.: 82/2023-24 दिनांक: 08.01.2024** **76/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**गुमशुदा की तलाश**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (चित्र में दर्शायी गयी), जिसका नाम: चाहत, पुत्री: निहाल अहमद, पता: मकान सं0–एन, 17 बी/249, जेजे कॉलोनी वज़ीरपुर, दिल्ली. उम्र 15 वर्ष जो दिनांक. 03.01.2024 को उपरोक्त पते से गुमशुदा है। इस बाबत FIR No: 16/24 U/s 363 IPC दिनांक 04.01.2024 से थाना भारत नगर, दिल्ली में दर्ज है। लड़की का शारीरिक ब्योरा इस प्रकार है:



चाहत

कद: 5" फीट, रंग: गेहुँआ, चेहरा: गोल, शरीर: मध्यम, पहनावा: लाल रंग का स्वेटर और काला पैंट और पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए।

किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई भी जानकारी/सूचना मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित पर सूचित करने की कृपा करें ई–मेल: cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइट: http://cbi.nic.in फोन नम्बर: 011-23014046 (Direct), 23015229 एवं 23015218.

थानाध्यक्ष
थाना, भारत नगर, दिल्ली
फोन: 011-27301200, 27301800

DP/219/NW/2024

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **निवासी:** नामालूम, **उम्र:** लगभग 45 साल, **कद:** 5'6", **रंग:** सांवला, **चेहरा :** गोल, **कपड़े:** गुलाबी व नीले रंग की शर्ट और नीले रंग की जैकेट एवं नीले रंग की जींस पहने हुए है तथा नंगे पैर है, जो दिनांक 20.02.2022 को गुरूद्वारा के निकट, मजनू का टीला, बाहरी रिंग रोड, सिविल लाइन्स, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया था। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 144/22 धारा 279/304ए भा.द.सं. दिनांक 20.02.2022 थाना सिविल लाइन्स, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

थानाध्यक्ष :
थाना सिविल लाइन्स, दिल्ली
उत्तरी जिला, दिल्ली
दूरभाष सं. 011–23815444, 23810633, 8750870127

DP/311/N/2024


## भाजपा नेता की गोली मारकर की हत्या, पखांजूर में पसरा तनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर





छत्तीसगढ़ के कांकेर में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पखांजूर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा कांकेर के जिला उपाध्यक्ष असीम राय को अज्ञात लोगों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना पखांजूर के पुराना बाजार की है।

जानकारी अनुसार मृतक असीम राय अपनी स्कूटर से घर जा रहे थे तभी दो अज्ञात लोगों ने उन्हें गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। हत्या के विरोध में भाजपा ने नगर बंद का आह्वान किया है। जिसके बाद जिले के पंखाजूर के परलकोट क्षेत्र में तनाव के हालात हैं। क्षेत्र में पूरी बंद का व्यापाक असर दिख रहा है।

### फरवरी में चीतों के लिए अभयारण्य पूरी तरह तैयार हो जाएगा

# अब गांधी सागर अभयारण्य में विदेश से आएंगे चीते

- 28 किमी क्षेत्र में फेंसिंग का काम पूरा करने में जुटा वन विभाग
- जल्द निर्णय करेगी केंद्र सरकार लोग कर सकेंगे चीतों का दीदार
- 64 किमी का बाड़ा चीतों के लिए तैयार कर लिया गया
- प्रोजेक्ट की लागत 17 से 18 करोड़ रुपए के आसपास आने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गांधी सागर अभयारण्य में 64 किमी को बाड़ा तैयार कर लिया गया है। यहां पर करीब 28 किमी की फेंसिंग का काम करीब करीब पूरा हो गया है। इस प्रोजेक्ट की लागत करीब 17 से 18 करोड़ के आसपास है।

अगले माह यानी फरवरी में चीतों के लिए अभयारण्य पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इसके बाद चीतों को लाने का निर्णय होगा। केंद्र सरकार की किसी अफ्रीकी देश से चीते लाने को लेकर चर्चा चल रही है। गांधी सागर अभयारण्य का क्षेत्र छोटा है। इसलिए यहां पर 5 से 6 चीतों को ही लाकर रखा जाएगा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सबसे पहले 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से लाए गए आठ चीते श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए थे। इसके बाद 18 फरवरी को 2023 को दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते कूनो नेशनल पार्क में लाकर छोड़े गए। कूनो के जंगल में कुल 20 चीते लाए गए। इनमें से छह चीतों की मौत हो गई है। कूनो में अभी 14 बड़े चीते हैं और एक शावक है।

वहीं, तीन नए शावकों ने अभी जन्म लिया है। कूनो नेशनल पार्क में एक-एक कर चीतों को खुले जंगल में छोड़ा जा रहा है। अब तक दो को ही खुले में छोड़ा गया है। कूनो नेशनल पार्क में चीता सफारी की भी शुरूआत कर दी गई।

### कूनो से शिफ्ट नहीं होंगे चीते

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) असीम श्रीवास्तव ने बताया कि गांधी सागर अभयारण्य में कूना से चीते शिफ्ट नहीं किए जाएंगे। वहां विदेश से नए चीते लाए जाएंगे। इसका निर्णय केंद्र सरकार करेगी। अभयारण्य में तैयारी अंतिम दौर में है। चीतों के आने से लोग इनका दीदार कर सकेंगे।

### खाली खजाना मिला, फिर भी हम किसानों को 3100 की दर से करेंगे धान का भुगतान

**अंबिकापुर।** सरगुजा संभाग में भाजपा को मिली एकतरफा जीत का सारा श्रेय भाजपा ने कार्यकर्ताओं को दिया है। कार्यकर्ताओं के सम्मान में सोमवार को अंबिकापुर में अभिनंदन समारोह आयोजित किया था। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित मंत्रियों और सरगुजा संभाग के विधायकों ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

## चिंतन

# सरकार अपने फैसले में न्यायपूर्ण रवैया अपनाए

सरकार को हमेशा संवैधानिक दायरे में न्यायपूर्ण तरीके से काम करना चाहिए और कानून की गरिमा का पालन करना चाहिए। सरकार सभी नागरिकों को समान मानकर ही कोई फैसला करे, भारत जैसे विविध धर्म, संस्कृति, जाति, समुदाय वाले देश में तो सरकार की समदर्शी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। बिलकिस बानो केस में दोषियों की रिहाई के फैसले से गुजरात सरकार की किरकिरी हुई है। बिलकिस बानो केस में गुजरात सरकार ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर सजा काट रहे 11 दोषियों की जेल से रिहाई का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से इस बात के लिए गुजरात सरकार के निर्णय पर नाराजगी जाहिर की। उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को रद कर और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश देकर कड़ा संदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट का यह संदेश गुजरात सरकार ही नहीं, सभी उन सरकारों के लिए नजीर है, जो राजनीति से प्रेरित होकर न्यायपूर्ण व समदर्शी फैसले नहीं करती है। यह पहला मामला नहीं है जब सर्वोच्च अदालत में किसी राज्य की सरकार को अपने फैसले के लिए शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ा हो। पूर्व के कई मामलों में शीर्ष अदालत में सरकारों की किरकिरी हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या में शामिल 11 दोषियों को राज्य सरकार की ओर से दी गई छूट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दो टूक कहा कि गुजरात सरकार को सजा माफी पर फैसले का अधिकार ही नहीं था। शीर्ष कोर्ट ने कहा, 'हर महिला सम्मान की हक़दार है, बिलकिस बानो केस का ट्रायल महाराष्ट्र में चला था, ऐसे में समय पूर्व रिहाई का फ़ैसला महाराष्ट्र सरकार ले सकती थी, बेशक दोषी गुजरात की जेल में सजा काट रहे थे, लेकिन गुजरात सरकार को सजा में छूट देने का अधिकार ही नहीं था'। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, 'राज्य, जहां अपराधी पर ट्रायल चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, वही दोषियों की माफी याचिका पर फैसला करने में सक्षम है। सक्षमता की कमी के कारण गुजरात सरकार द्वारा छूट के आदेश को रद किया गया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने 11 दिन की सुनवाई के बाद दोषियों की सजा में छूट को चुनौती देने संबंधी याचिकाओं पर पिछले साल 12 अक्टूबर को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए केंद्र और गुजरात सरकार को 16 अक्टूबर तक 11 दोषियों की सजा में छूट संबंधी मूल रिकॉर्ड जमा करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल सितंबर में मामले की सुनवाई करते हुए पूछा था कि 'क्या दोषियों को माफी मांगने का मौलिक अधिकार है?' किसी भी राज्य सरकार को दोषियों को सजा में छूट देने में 'चयनात्मक (सिलेक्टिव) रवैया' नहीं अपनाना चाहिए और प्रत्येक कैदी को सुधार तथा समाज के साथ फिर से जुड़ने का समान अवसर दिया जाना चाहिए। सरकारें अपनी जन विश्वसनीयता की रक्षा करें।



बांग्लादेश
डॉ. रमेश ठाकुर

# हसीना सरकार की वापसी सुखद

बांग्लादेश में रविवार को हुए आम चुनाव में निवर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी ने 300 सदस्यीय संसद में 223 सीटें जीती हैं। हसीना की पार्टी को लगातार चौथी बार और कुल मिलाकर पांचवीं बार जीत मिली है। बांग्लादेश का मुख्य विपक्षी दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' यानी 'बीएनपी' के चुनाव बहिष्कार के बाद अवामी लीग का रास्ता साफ हो गया था। 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' ने देश के लोगों को भारत के खिलाफ इस चुनाव में खूब भड़काया। चीन और पाकिस्तान की इस चुनाव में शुरू से दखल रही। चुनाव के एकाध दिन पहले तक ऐसा प्रतीत हुआ कि शायद चुनाव रद ही हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शेख हसीना सरकार की वापसी हो गई है।

बांग्लादेशी संसदीय चुनाव को प्रभावित करने में वहां के विपक्षी दलों ने जमकर राजनैतिक पैंतरेबाजियां के अलावा मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना पर चुनाव में धांधली करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना और भारत के साथ बेवजह दोस्ती बढाने वाले गैर-जरूरी आरोप लगाए गए, पर, चुनाव के दिन जनता ने सभी आरोपों को नकार दिया। औसत चुनाव मतदान ने संकेत दे दिए हैं कि हसीना फिर सत्ता में आएंगी। रविवार को छिटपुट घटनाओं के साथ बेगम खालिदा जिया की पार्टी बीएनलपी के बहिष्कार के बीच आम चुनाव संपन्न हो गया। हालांकि, बांग्ला चुनाव आयोग के उम्मीद से कहीं कम मतदान हुआ। समूचे बांग्लादेश में तकरीबन चालीस फीसदी वोटिंग रही। कई संसदीय क्षेत्रों में तो मात्र 30-32 प्रतिशत ही हुआ। इसे मतदाताओं की उदासीनता कहें, या मौजूदा सरकार के प्रति संतुष्टि या विपक्ष के हिंसक तेवर से डरे लोग? फिलहाल जो नतीजे आए हैं, उसमें शेख हसीना की हुकूमत फिर से बन गई है। हसीना की पार्टी को लगातार चौथी बार और कुल मिलाकर पांचवीं बार जीत मिली है। हसीना के भारत से मधुर रिश्ते रहे हैं। दोनों देशों की कूटनीति सियासी केमिस्ट्री दोनों मुल्कों के हितों में हैं।

बांग्लादेश का मुख्य विपक्षी दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' यानी 'बीएनपी' के चुनाव बहिष्कार के बाद अवामी लीग का और रास्ता साफ हो गया था। बांग्लादेश में कुछ 300 संसदीय सीटें हैं जिनमें 299 सीट पर फिलहाल चुनाव संपन्न हुआ है। एक सीट पर चुनाव इसलिए निरस्त किया गया, क्योंकि वहां ऐन वक्त पर एक उम्मीदवार की मृत्यु हो गई। रिजल्ट के बाद वहां चुनाव करवाया जाएगा। इसके पांच-सात संसदीय सीटों पर बहिष्कार के चलते भी चुनाव रोका गया, जहां रिजल्ट से पूर्व ही चुनाव करवाया जाएगा। बांग्लादेश चुनाव को संपन्न करवाने के लिए भारत से एक तीन सदस्यीय चुनाव पर्यवेक्षकों का दल भी पहुंचा था। उन पर भी पाकिस्तानी की सहयोगी मानी जाने वाली पार्टी 'बीएनपी' ने गड़बड़ी करवाने के आरोप लगाए। बीएनपी शुरू से नहीं चाहती थी कि भारत की दखल इस बार के चुनावों में हो, जबकि, भारतीय चुनाव पर्यवेक्षक शेख हसीना के आमंत्रण पर गए थे।

दरअसल, हसीना भारत से विशेष स्नेह रखने के साथ-साथ उसे अपना दूसरा घर भी मानती हैं। भारत एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना भरोसेमंद मित्र कहती हैं। यही, बात वहां के मुख्य विपक्षी दल को अखरती हैं। इस चुनाव में शेख हसीना ने मतदाताओं से चुनाव कैंपेन के दौरान कई मर्तबा अपने पुराने जख्मों को कुरेदा भी। उन्होंने 1975 का ज्रिक किया। बताया कि जब वह छोटी थीं, तब उनके पिता शेख मुजीबुर रहतान के अलावा मां और तीन भाइयों की घर में ही निर्मम हत्या कर दी गई थी। उस वक्त शेख हसीना अपनी छोटी बहन रिहाना के साथ विदेश में पढ़ाई कर रही थीं। होती तो उनके साथ भी हादसा हो सकता था। शेख हसीना ने बांग्लादेश की जनता को बताया कि उस मुसीबत की घड़ी में उन्हें भारत ने ही शरण दी थी।



'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' ने देश के लोगों को भारत के खिलाफ इस चुनाव में खूब भड़काया। दरअसल, भड़काने का ये काम उन्होंने खुद से नहीं किया, बल्कि उन्हें पाकिस्तान से आईएसआई ने करवाया। भारत के सहयोग से इस वक्त बांग्लादेश विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट हैं जिन्हें भारत अपने प्रयास से करवा रहा है। चुनाव कैसे करवाने हैं इसको लेकर भी उन्होंने भारतीय चुनाव आयोग से रायशुमारी की। तभी भारत के एक चुनाव दल ने वहां पहुंचकर अच्छे से चुनाव संपन्न करवाया।

बांग्लादेश और भारत की सीमाएं आपस में साझा होती हैं, कमोबेश दोनों मुल्कों की संस्कृति भी आपस में मेल खाती है। पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के रीति-रिवाज एक जैसे ही हैं। भारत की हुकूमत इस पड़ोसी मुल्क की तरक्की में सहयोग करने से कभी पीछे नहीं हटती। हालांकि, खुरापाती चीन और पाकिस्तान नहीं चाहते थे कि शेख हसीना की वापसी हो। दोनों चाहते थे कि उनकी मनमाफिक 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' देश में हुकूमत करे, जिसके जरिए वह भारत को परेशान करे। लेकिन शायद उनकी नापाक कोशिशों पर इस बार भी शेख हसीना ने पानी फेर दिया है।

गैरतलब है कि शेख हसीना 2009 से सत्ता पर काबिज हैं। उन्होंने भारत के सहयोग से अपने यहां बहुत कुछ किया। जनता भी यही चाहती है कि भारत का सहयोग उन्हें सदैव मिले, इसलिए वो शेख हसीना को ही बार-बार चुनते हैं। चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के अलावा 26 अन्य सियासी दल भी मैदान में उतरे हैं। करीब 1500 सौ उम्मीदवारों के अलावा 436 निर्दलीय कैंडिडेट भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लेकिन हवा शेख हसीना के पक्ष में रही। बांग्लादेश में रविवार को हुए आम चुनाव में निवर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी ने 300 सदस्यीय संसद में 223 सीटें जीतीं। चुनाव के दौरान बहिष्कार करने वाले हजारों विपक्षी नेताओं-कार्यकर्ताओं को अरेस्ट किया, जो इस समय विभिन्न जेलों में बंद हैं। इस पर हालांकि मानवाधिकार समूहों ने आपत्ति दर्ज करते हुए सभी गिरफ्तार लोगों को रिहा करने की अपील हसीना सरकार से की है।

चुनाव के दौरान बांग्लादेशी खुफिया एजेंसियों को निपुट मिल गए थे, कि विपक्षी नेता-समर्थक पाकिस्तान की आईएसआई के कहने पर गड़बड़ी कर सकते हैं। कमोबेश, वैसा हुआ भी, इसलिए कोई बड़ी अप्रिय घटना न घटे, तभी उन्होंने एक साथ हजारों लोगों को गिरफतार किया और इतने ही लोगों को उनके घरों में नजरबंद भी करना पड़ा। इस कदम को समझदारी ही कहेंगे, खुदा न खास्ता अगर ऐसा नहीं किया जाता तो चट्टोग्राम जैसी खूनी घटनाए अन्य जगहों पर भी हो सकती थी। पूरे देश का माहौल बिगड़ सकता था। जैसे चट्टोग्राम में चुनावी झड़प हुई, जमकर गोलीबाजी हुई, जिसमें तीन लोगों की सरेआम हत्या कर दी गईं, जिनकी हत्या हुई उनको 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' के लोग अपने पक्ष में वोट करने का दबाव डाल रहे थे। नहीं माने तो उन्हें गोलियों से भून डाला। वहीं, शरीरबाड़ी में भी बीएनपी के नेता आवामी लीग के जिला अध्यक्षे मोहम्मद आसीम को चुनाव बूथ पर ही चाकूओं से घोप डाला, जिनका इलाज मीरपुर के जिला अस्पताल में जारी है। चीन और पाकिस्तान की इस चुनाव में शुरू से दखल रही। चुनाव के एकाध दिन पहले तक ऐसा प्रतीत हुआ कि शायद चुनाव रद ही हो जाएंगे। लेकिन बहरहाल, जो तस्वीर उभरी है वो भारत-बांग्लादेश दोनों के लिए सुखद है। हसीना एक मर्तबा फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रही हैं। भारत ने हसीना को बधाई दी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

प्रवासी भारतीय दिवस
अरविंद जयतिलक



# विदेश में बसे भारतवंशी भारत की बड़ी ताकत

आज प्रवासी भारतीय दिवस है। यह दिवस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश लौटने की तिथि 9 जनवरी 1915 के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की शुरुआत वर्ष 2003 से हुई। इस अवसर पर प्रायः अपने क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले भारतवंशियों का सम्मान किया जाता है तथा उन्हें प्रवासी भारतीय सम्मान प्रदान किया जाता है। यह आयोजन भारतवंशियों से संबंधित विषयों और उनकी समस्याओं के चर्चा का मंच भी है। प्रवासी भारतीय दुनिया भर में अपनी दक्षता और क्षमता का लोहा मनवा देश की प्रतिष्ठा को गौरान्वित कर रहे हैं। प्रवासी भारतीयों का अपनी मिट्टी से भावनात्मक लगाव तो है ही, साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को गतिमान करने में भी उनका सराहनीय योगदान है। विश्व बैंक की रिपोर्ट पर नजर दौड़ाएं तो वर्ष 2022 में ही प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजा गया रकम 100 अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। यह रकम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि सबसे ज्यादा भेजा जाने वाला धन हासिल करने वाले देशों में दूसरे नंबर के देश मोरक्को के 60 अरब डॉलर और तीसरे नंबर के देश चीन के 51 अरब डॉलर से कहीं ज्यादा अधिक है। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक प्रवासी भारतीयों ने 2016 में 62.70 अरब डॉलर, 2017 में 65.30 अरब डॉलर, 2018 में 80 अरब डॉलर भेजा। देखें तो आज की तारीख में प्रवासी भारतीय जितना धन भेज रहे हैं, वह भारत में कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लगभग बराबर है। अतीत में जाएं तो प्रवासी भारतीय समुदाय सैकड़ों वर्ष में हुए उत्प्रवास का परिणाम है और इसके पीछे ढ़ेर कारण रहे हैं। उनमें वाणिज्यवाद, उपनिवेशवाद और वैश्वीकरण अहम कारण हैं। आज की तारीख में प्रवासी भारतीय समुदाय एक विविध विजातीय और मिलनसार वैश्विक समुदाय के रुप में तब्दील हो चुके हैं, जो कि विश्व के अनेक देशों में अपनी भाषा, संस्कृति और मान्यताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे वहां की आर्थिक व राजनीतिक दिशा तो तय करते ही हैं, साथ ही कमाए गए धन को देश भेजकर भारतीय अर्थव्यवस्था को गति भी देते हैं। याद होगा डा. लक्ष्मीमल सिंघवी की अध्यक्षता में गठित एक कमेटी ने प्रवासी भारतीयों पर 18 अगस्त 2000 को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। इस रिपोर्ट पर अमल करते हुए तत्कालीन सरकार ने प्रवासी भारतीय दिवस मनाना शुरू किया। ऐसा माना जाता है कि ज्यादतर लोग उन्नीसवीं शताब्दी में आर्थिक कारणों की वजह से भारत छोड़कर दुनिया के अन्य देशों में गए। इसकी शुरुआत अफ्रीका, दक्षिण-पूर्व एशिया, फिजी और कैरेबियाई देशों से जहां अंग्रेजों को अपने उपनिवेशों में सस्ते मजदूरों की जरूरत थी। बीसवीं शताब्दी के दौरान भारतीयों ने पश्चिमी देशों और खाड़ी के देशों का रुख किया। आज की तारीख में दुनिया का शायद ही कोई देश बचा हो जहां भारतीय न हों। दुनिया भर में पसरे प्रवासी भारतीयों पर नजर दौड़ाएं तो दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं। इनमें से लगभग 40 प्रतिशत अकेले केरल से आते हैं। एक आंकड़े के मुताबिक खाड़ी के देशों में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों में 70 प्रतिशत मेहनतकश लोग हैं। इसके अलावा डॉक्टर, बैंकर, चार्टर्ड अकाउंटेट और शिक्षक जैसे पेशों से भी जुड़े हैं। यूएई की ही बात करें तो यहां तकरीबन पच्चीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं जो न सिर्फ रोजी-रोटी कमा रहे हैं बल्कि अपनी गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा भारत भेजकर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। एक आंकड़ें के मुताबिक संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, ओमान, कुवैत और सउदी अरब में तकरीबन तीन करोड़ भारतीय विभिन्न तरह के काम कर रहे हैं जो दुनिया भर में पसरे तकरीबन सवा सात करोड़ भारतीयों का चैथाई हिस्सा है। अकेले संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे प्रवासी भारतीयों द्वारा 12 अरब डॉलर भारत आता है। अच्छी बात यह है कि भारत व संयुक्त अरब अमीरात समेत दुनिया के सभी देश भारतीय कामगारों के लिए मुफीद वातावरण निर्मित करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। यूएई के अलावा खाड़ी के अन्य देशों मसलन ईरान, इराक, कतर में भी प्रवासी भारतीयों की बड़ी तादाद है जो अपने परिश्रम से धन कमाकर अपने घर भारत भेजते हैं। खाड़ी देशों एवं पश्चिम एशिया के अलावा यूरोप और अमेरिकी महाद्वीप में भी बड़ी तादाद में प्रवासी भारतीय रहते हैं।




(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है



संकलित
**दर्शन**

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

## जीवन का, जीवन बीमा



संकलित
**प्रेरणा**

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊँची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' में चुनौतियां

देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव की प्रक्रिया के लिए समय-समय पर आवाज उठाई जाती है। इसके लिए केंद्र सरकार ने एक कमेटी का गठन भी किया है। इसका नेतृत्व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। कमेटी ने आम लोगों से विभिन्न प्लेटफार्म पर एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए राय देने के लिए कहा है ताकि इस प्रक्रिया के लिए आमजन के मन की बात को भी समझा जाए। एक साथ चुनाव ऐसे लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरेगा जो हर चुनाव में केंद्र और राज्य सरकार की अच्छी-बुरी नीतियों का विश्लेषण कर अपने कीमती वोट का प्रयोग करते हैं। क्या इससे भ्रष्ट और आमजन को अनदेखा करने वालों की नीयत बदलेगी? क्या धर्म, संप्रदाय और जातिवाद-परिवारवाद की राजनीति का दौर समाप्त होगा? *- मोहन शिंदे, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### इजराइल ने हिज्बुल्ला के साथ युद्ध की चेतावनी दी


इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि हिज्बुल्ला ने उत्तरी इजइराल में एक हवाई यातायात नियंत्रण अड्डे पर हमला किया और इसके साथ ही इजराइली सेना ने ईरान समर्थित चरमपंथी समूह के साथ 'एक और युद्ध' शुरू होने की चेतावनी दी। लेबनान के साथ लगती सीमा पर लड़ाई ऐसे वक्त में बढ़ गयी है जब इजराइल गाजा में हमास चरमपंथियों से लोहा ले रहा है। इस स्थिति को देखते हुए अमेरिका द्वारा तत्काल कूटनीतिक कदम उठाए जाने की आवश्यकता बढ़ गयी है और वह भी ऐसे वक्त में जब विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा पर इजराइल आने की तैयारी कर रहे हैं। ब्लिंकन ने कतर में वार्ता के बाद संवाददाताओं से कहा, 'यह ऐसा संघर्ष है जो आसानी से बढ़ सकता है जिससे और अधिक असुरक्षा और पीड़ा पैदा हो सकती है।' इजराइल और हिज्बुल्ला के बीच सीमा पार लड़ाई ने क्षेत्रीय संघर्ष रोकने के अमेरिका के प्रयास को जटिल बना दिया है। इजराइली सेना ने बताया कि हिज्बुल्ला ने शनिवार को माउंट मेरोन पर एक संवेदनशील हवाई यातायात नियंत्रण अड्डे पर हमला किया लेकिन हवाई रक्षा प्रणालियों पर कोई असर नहीं पड़ा। उसने बताया कि कोई भी सैनिक घायल नहीं हुआ और सभी क्षतिग्रस्त चीजों की मरम्मत की जाएगी।



## ऑफ बीट

### मांसपेशियों में व्यायाम के बाद हल्का दर्द क्यों होता है

जब हममें से कई लोग इस खराब मौसम से उबरने के लिए जिम जाते हैं या दौड़ने जाते हैं, तो उन्हें मांसपेशियों में थोड़ा अतिरिक्त दर्द महसूस हो सकता है। ऐसा खास तौर से तब होता है जब कसरत किए कुछ समय हो गया हो। एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि ऐसा दर्द मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड के निर्माण के कारण होता है। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि लैक्टिक एसिड का इससे कोई लेना-देना नहीं है। सच्चाई कहीं अधिक दिलचस्प है, लेकिन थोड़ी अधिक जटिल भी है। यह लैक्टिक एसिड नहीं है। हम दशकों से जानते हैं कि लैक्टिक एसिड का व्यायाम के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। वास्तव में, जैसा कि हम में से एक (रॉबर्ट एंड्रयू रॉबर्ट्स) ने लंबे समय से तर्क दिया है, कोशिकाएं लैक्टेट का उत्पादन करती हैं, लैक्टिक एसिड का नहीं। यह प्रक्रिया वास्तव में मांसपेशियों और रक्तप्रवाह में एसिड के निर्माण का विरोध नहीं करती है। दुर्भाग्य से, लोग अभी भी व्यायाम के संबंध में 'लैक्टिक एसिड' शब्द का उपयोग करते हैं। जब आप व्यायाम करते हैं तो लैक्टेट उन मांसपेशियों के लिए बड़ी समस्या पैदा नहीं करता है जिनका उपयोग आप करते हैं। आपकी कार्यशील मांसपेशियों को होने वाले अन्य लाभों के कारण संभवतः इसके बिना आपकी स्थिति और भी खराब हो जाएगी।



## ट्रेंड

### पहले दिन की याद

न्यूज़ीलैंड में पहली बार सदन में आई युवा सांसद माओरी मुझे संसद में मेरे पहले दिन की याद दिलाती है। हमें आधुनिक शिक्षा और ज्ञान सीखने के साथ-साथ अपनी पहचान और परंपरा को हमेशा महत्व देना चाहिए।
-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री



### भारत मां का आंचल

रत्नगर्भा भारत माता के ममतामय आंचल के रंग जब इतने मनहर, चटख और दैवीय हों तो किसी अशालीन आंटी के लॉन में भटकने क्या जाना? अगली सपरिवार यात्रा लक्ष्यद्वीप की तय की है। जल्द ही जाना होगा।
-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि



### शानदार पर्यटन स्थल

हमारे देश में अकल्पनीय संभावनाओं वाले बहुत सारे शानदार पर्यटन स्थल हैं। अभी भी पूरी तरह से खोजा जाना बाकी है। क्या आप में से कोई मेरे द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरों से भारतीय पर्यटक स्वर्ग का अनुमान लगा सकता है?
-अदार पूनावाला, उद्योगपति



### शानदार अनुभव

लक्षद्वीप की अद्वितीय सुंदरता ने मेरी मनपसंद यात्रा सूची में शीर्ष स्थान अर्जित किया है। यहां का बिल्कुल साफ पानी और शांत समुद्र के किनारे आपका इंतजार कर रहे हैं, जो एक अविस्मरणीय पलायन का वादा करते हैं।
-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पुरी का जगन्नाथ मंदिर

# श्रद्धालुओं के लिए दर्शन करना हो जाएगा आसान

पुरी में जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना के तहत जगन्नाथ मंदिर के पास पुनर्विकास कार्य चल रहा है

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

महामारी के बाद जगन्नाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की औसत संख्या बढ़ गई है। सामान्य दिनों में यह एक से दो लाख होती है और त्योहारों के दौरान यह 10 लाख तक पहुंच जाती है। सरकार ने पवित्र शहर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर प्राचीन पुरी मंदिर के आसपास की बस्तियों का पुनर्विकास किया है और मंदिर के चारों ओर 1.5 किलोमीटर का पथ 'श्रीमंदिर परिक्रमा' बनाया है। पूरे साल दर्शन के लिए तीर्थस्थल आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि ओडिशा के पहले 'ट्रम्पेट ब्रिज' 'श्री सेतु' के माध्यम से वे जल्दी ही मंदिर तक पहुंच सकेंगे। ये काम जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना के तहत जगन्नाथ मंदिर के पास पुनर्विकास के तहत चल रहा है।

### बैठने के लिए वातानुकूलित सुरंग

लोहे के बैरिकेड से जुड़ी बेंच के साथ एक अस्थायी वातानुकूलित सुरंग बनाई है, जो लगभग 10 पंक्तियों को अलग करती है, जिसमें एक समय में 3,000 श्रद्धालु बैठ सकते हैं। नवनिर्मित जगन्नाथ बल्लभ पार्किंग कॉम्प्लेक्स और मंदिर को जोड़ने वाले 'श्री सेतु' के लिए लगभग 3 एकड़ जमीन को साफ किया गया।

### 17 से पहले काम पूरा

आगामी 17 जनवरी को 2,700 करोड़ रुपए की लागत वाली जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना के उद्घाटन से पहले 'श्री सेतु' पुरी में ओडिशा सरकार द्वारा कार्यान्वित विभिन्न बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं में से एक है।

**3** हजार भक्तों के बैठने की सुविधा **2.8** किलोमीटर लंबे नवनिर्मित बाईपास मार्ग तैयार **27** सौ करोड़ की है परियोजना **17** जनवरी तक होगा उद्घाटन



## खबर संक्षेप

### खरगे व सोनिया को निमंत्रण पर नाराजगी



**अयोध्या।** रामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा है कि जो राम को नहीं मानते हैं। उन्हें समारोह का निमंत्रण नहीं दिया जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व सोनिया गांधी को निमंत्रण पर मुख्य अर्चक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ये वहीं लोग हैं जिन्होंने कभी राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। ऐसे सनातन विरोधियों को आमंत्रण देने की जरूरत नहीं है, ऐसे लोगों को आने की जरूरत नहीं है।

### सलमान खान के फार्म में घुसे दो संदिग्ध



**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को पिछले कुछ समय से जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। इसकी वजह से उनकी सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। इस बीच, सलमान खान के पनवेल के वाजे स्थित अर्पिता फार्म हाउस में दो संदिग्धों ने जबरन घुसने की कोशिश की। हालांकि, दोनों आरोपी फार्म हाउस में घुस पाते उससे पहले ही सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया।

### आप के संजय सिंह ने भरा नामांकन



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद उम्मीदवारी के लिए नामांकन करने के बाद फिर से जेल चले गए हैं। उन्हें कोर्ट ने केवल नामांकन करने के लिए जेल से बाहर आने की छूट दी थी। जिसके बाद उन्हें सोमवार सुबह जेल से सीधे सिविल लाइन्स ले जाया गया था। यहां उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया और इसके बाद उन्हें वापस जेल ले जाया गया।नामांकन करने के बाद कार्यालय से बाहर आए समर्थकों नारेबाजी भी की।

## आईएनडीआईए के दलों में तनाव!



# एमवीए की बैठक में दिल्ली नहीं आएंगे उद्धव और शरद पवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए के बीच में तनाव को लेकर लगातार खबरें सामने आ रही हैं। कभी उद्धव गुट तो कभी ममता बेनर्जी, चारों ओर से सीट शेयरिंग को लेकर लगातार बहस जारी है। उद्धव गुट ने तो महाराष्ट्र की 48 में से 23 लोकसभा सीटों पर अकेले ही दावा कर दिया है। इस बीच 9 जनवरी से राजधानी दिल्ली में महाविकास अघाड़ी (कांग्रेस, शिवसेना उद्धव गुट, एनसीपी शरद गुट) की बैठक है। इस बैठक से पहले ही अपडेट आया है कि उद्धव ठाकरे और शरद पवार दोनों ही बैठक में शामिल नहीं होंगे। सूत्रों के मुताबिक, अकोला की सीट प्रकाश अंबेडकर की पार्टी वीबीए को देने पर एमवीए में एकमत हो चुका है।

### बिहार सीट शेयरिंग का फार्मूला लगभग तय

बिहार में इंडिया गठबंधन ने सीट बंटवारे कां अंतिम रुप दे दिया है। राज्य की 40 लोकसभा सीटों के लिए 17+17+4+2 का फॉर्मूला तय किया गया है। कांग्रेस और आरजेडी के बीच हुई बैठक में यह फॉर्मूला तय बताया गया है। जेडीयू और आरजेडी 17-17 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस चार लोकसभा सीटों और एक राज्यसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी।

**कांग्रेस और आप में खींचतान**

ऐसे संकेत मिले हैं कि आम आदमी पार्टी गुजरात, गोवा, मध्य प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों में भी कांग्रेस से सीटें मांग सकती है। दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने 7 जनवरी को गुजरात दौरे के दौरान एक सीट पर उम्मीदवार का ऐलान किया।

## देश में 2 लाख प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) बनाने की दिशा में हो रहा काम

# पैक्स के माध्यम से गांव के लोगों को भी मिलेंगी सस्ती दवाएं: अमित शाह

पीएम जन औषधि केंद्रों के माध्यम से लोगों को रियायती दरों पर जेनेरिक दवा उपलब्ध कराई जा रही हैं। जन औषधि केंद्र की वजह से अभी तक लोगों की 26 हजार करोड़ रुपए की बचत हो चुकी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी सस्ती दवा उपलब्ध कराई जाएगी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने पैक्स के माध्यम से प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र खोलने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण भारत को भी सस्ती दवा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

**28** हजार सेंटर देशभर में तैयार **300** से अधिक पहुंचाईं जा रही सेवाएं

### केंद्रीय मंत्री शाह ने बताई पूरी योजना

सस्ती दवाओं के लिए केंद्र सरकार कर रही है बड़ा काम

पैक्स के जरिए पेट्रोल से लेकर रेल टिकट और राशन वितरित



### जन औषधि केंद्र से हजारों करोड़ की बचत

दरअसल, सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित 'राष्ट्रीय पैक्स महासंगोष्ठी' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से लोगों को रियायती दरों पर जेनेरिक दवा उपलब्ध कराई जा रही हैं। जन औषधि केन्द्र की वजह से अभी तक लोगों की 26 हजार करोड़ रुपये बचत हो चुकी है।

### पैक्स सहकारिता आंदोलन की रीढ़ की तरह

अमित शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय आने वाले समय में 2 लाख पैक्स बनाने की दिशा में काम कर रहा है। पैक्स सहकारिता आंदोलन की रीढ़ की तरह है। पैक्स के माध्यम से पेट्रोल पंप खोलने से लेकर रेलवे की टिकट करने तक और राशन की दुकान से लेकर रासायनिक खाद बेचने का कार्य किया जा रहा है। पैक्स को अभी तक कुल 22 सेवाओं के लिए चुना गया है। पैक्स अनाज भंडारण से लेकर किसानों को रासायनिक खाद छिड़काव के लिए ड्रोन उपलब्ध कराने का कार्य भी करेंगे। देशभर में 28 हजार पैक्स कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) बन चुकी हैं। ये पैक्स राज्य और केन्द्र की लगभग 300 से अधिक सेवाओं को लोगों तक पहुंचा रही हैं।

### 2 हजार से अधिक जेनेरिक दवाइयां दीं

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देशभर से 4400 से अधिक पैक्स की तरफ से भारत सरकार की औषधि विभाग के पोर्टल पर जन औषधि केंद्र खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया है। जिनमें से 2300 से अधिक समितियों को प्राथमिक अनुमोदन प्राप्त हो चुके हैं और 146 पैक्स/सहकारी समितियां जन औषधि केन्द्रों के रूप में कार्य करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार भी हो चुकी हैं। गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां आम नागरिकों तक पहुंचाई जाती हैं, जो खुले बाजार की ब्रांडेड दवाइयों के मुकाबले 50-90 फीसदी तक सस्ती होती हैं। इन केंद्रों पर 2000 से अधिक प्रकार की जेनेरिक दवाइयां व लगभग 300 सर्जिकल उपकरण उचित मूल्य पर आम जनता के लिए उपलब्ध हैं।

## अयोध्या में शुरु हुआ रामोत्सव

# देश-दुनिया के 35 हजार से ज्यादा कलाकार होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस मौके पर पूरे देश में उत्सव का माहौल है। आज से अयोध्या में रामोत्सव शुरू होने जा रहा है। 24 मार्च तक चलने वाले रामोत्सव में देश और दुनिया के 35 हजार कलाकार शामिल होंगे। वहीं आज से रामकथा पार्क में राम कथा शुरू होने जा रही है। गौरतलब है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में अब 2 हफ्ते से भी कम का वक्त बचा है। अभी से ही पूरी अयोध्या में उत्सव का माहौल है। देश के कोने-कोने से राम धुन सुनाई दे रही है।

### सोमवार से पहली कथा की शुरुआत हुई



22 जनवरी को देशभर में उत्सव होगा। सोमवार से पहली कथा की शुरुआत होने जा रही है, जो 14 जनवरी तक चलेगी। रामकथा पार्क के कागभुसुंडि मंच पर चिन्मयानंद बापू की कथा होगी। वहीं देश के दूसरे हिस्सों में भी लोग भगवान राम की भक्ति में डूबे हुए हैं। अहमदाबाद में इस साल काइट फेस्टिवल में भी भगवान रामलला छाए हुए हैं। यहां भी रामलला सबसे ऊपर हैं। लोग रामलला की पतंग उड़ा रहे हैं।

### 24 मार्च तक चलेगा रामोत्सव

आज से 24 मार्च तक अयोध्या में रामोत्सव का आयोजन होगा। आज से वाराणसी की तरह अयोध्या में भी सरयू तट पर आरती का आयोजन होगा। इस दौरान देश-विदेश के कलाकार अपनी-अपनी कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। रामोत्सव के दौरान 35 हजार कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। चिन्मयानंद बापू देवकीनंदन ठाकुर, साध्वी ऋतंभरा राम कथा का गुणगान करेंगे।

# बिहार के शिक्षा मंत्री के बिगड़े बोल कहा मंदिर गुलामी का रास्ता



**पटना।** बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने आरजेडी विधायक फतेह बहादुर के मंदिर वाले पोस्टर का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी नहीं बल्कि हमारी मां सावित्री बाई फुले की बात को दोहराया है। रोहतास के डेहरी में एक कार्यक्रम में पहुंचे चंद्रशेखर ने कहा कि मंदिर का रास्ता गुलामी का रास्ता है, जबकि स्कूल का रास्ता प्रकाश का रास्ता है। शिक्षामंत्री ने कहा, फतेह बहादुर ने तो हमारी माता सावित्री बाई फुले जो देश की पहली महिला शिक्षिका थी, उन्हीं की बात को दोहराया है।

# कई नेताओं ने बताई 'न्याय की जीत'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिलकिस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिए अपने फैसले में गुजरात सरकार के फैसले को पलटते हुए 11 दोषियों की रिहाई रद्द कर दी। जिसके बाद दोषियों को फिर से जेल जाना होगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। सीपीआई(एम) नेता बृंदा करात ने फैसले पर राहत जताते हुए कहा कि कम से कम, अभी कुछ न्याय की उम्मीद बची हुई है। वहीं प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा।

बिलकिस को दी बधाई



### प्रियंका ने कहा- महिला विरोधी नीति से पर्दा हटा

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि 'अंततः न्याय की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप की शिकार बिलकिस बानो के आरोपियों की रिहाई रद्द कर दी है। इस आदेश से भारतीय जनता पार्टी की महिला विरोधी नीतियों पर पड़ा पर्दा हट गया है। इस आदेश के बाद जनता का न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत होगा।

### ओवैसी बोले ये दुष्कर्मियों को संदेश

एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कहा कि 'बिलकिस बानो ने अपने दम पर न्याय की लड़ाई लड़ी। यह बिलकिस बानो है, जिसने बहादुरी से यह लड़ाई लड़ी और इसके लिए अपनी जान की बाजी लगा दी। सभी दुष्कर्मियों को कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए फिर चाहे वो किसी भी राजनीतिक पार्टी या विचारधारा से संबंधित हों।

## इस तरह तोड़ दिया बीस साल का पुराना रिकॉर्ड

# पीएम मोदी की विजिट के बाद गूगल पर खूब सर्च हो रहा लक्षद्वीप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यात्रा संबंधी सेवाएं देने वाले मंच मेकमाईट्रिप ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप जाने के बाद से उसके मंच पर द्वीप के बारे में सर्च या खोज 3,400 प्रतिशत बढ़ गई है। मेकमाईट्रिप ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हमने प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद से लक्षद्वीप के लिए मंच पर 'सर्च' में 3,400 प्रतिशत की वृद्धि देखी है। मोदी के दौरे के बाद लक्षद्वीप पसंदीदा पर्यटन स्थल बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद 'लक्षद्वीप कीवर्ड' ने गूगल सर्च में 20 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 20 साल में पहली बार ऐसा हो रहा है जब गूगल में पूरी दुनिया में लक्षद्वीप को सर्च किया जा रहा है। बता दें कि हाल ही में पीएम मोदी ने लक्षद्वीप का दौरा किया था और शानदार वीडियोज अपने सोशल हैंडल पर शेयर किए थे।

यात्रा संबंधी सेवाएं देने वाले मंच मेकमाईट्रिप ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप जाने के बाद से उसके मंच पर द्वीप के बारे में सर्च या खोज 3,400 प्रतिशत बढ़ गई है।

**34** सौ प्रतिशत बढ़ी खोज

लक्षद्वीप को जानने की बढ़ी चाहत

### घरेलू पर्यटन को प्राथमिकता

बता दें कि भारत में मालदीव के हाईकमीशन को सोमवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और मालदीव के कई मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई टिप्पणियों को लेकर कड़ी आपत्ति जताई गई। मालदीव सरकार ने मोदी के खिलाफ अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए रविवार को तीन उप मंत्रियों को निलंबित कर दिया है। मंत्रियों की टिप्पणियों की भारत में आलोचना हुई है कई मशहूर हस्तियों ने 'एक्स' पर लोगों से मालदीव के बजाय घरेलू पर्यटन में जानने का आग्रह किया है।



### एक लाख लोग हर रोज कर रहे हैं सर्च

पीएम की इस ट्रिप के बाद गूगल पर लोग अंडमान और निकोबार आईलैंड की आबादी, कल्चर और रेस्टोरेंट, होटल को लेकर भी सर्च कर रहे हैं। गूगल पर लक्षद्वीप को लेकर हर रोज एक लाख से अधिक सर्चेज हो रहे हैं। मालदीव के मंत्रियों के ट्वीट के बाद शुरू विवाद के बाद हजारों लोगों ने अपनी मालदीव की ट्रिप को कैंसिल किए हैं। कई बुकिंग साइट पर लगातार कैंसिल हो रही बुकिंग से परेशान हैं। कई लोगों ने भारतीय द्वीप की तुलना मालदीव और सेशेल्स जैसे विश्वस्तर पर मांग वाले समुद्र तट स्थलों से करना शुरू कर दिया है। मालदीव के मंत्रियों द्वारा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणियों के बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद शुरू हो गया है।

## कानूनी लड़ाई लड़ेगा परिवार

# पांच दिन चली रेड के बाद ईडी ने पूर्व विधायक दिलबाग को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा के यमुनानगर में पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के आवास पर 5 दिन से चल रही ईडी की रेड के बाद दिलबाग सिंह की गिरफ्तारी हो गई। दिलबाग सिंह के बड़े भाई राजेंद्र सिंह ने बताया कि दिलबाग सिंह का व्यापार से कोई लेना-देना नहीं है। वह राजनीति करते हैं और उनके घर से न ही कैश और न ही गोल्ड बरामद हुआ है। दिलबाग सिंह के लिए हम आगे कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। दिलबाग सिंह के बड़े भाई राजेंद्र सिंह ने कुछ देर बाद पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उनका व्यापार से कोई लेना-देना नहीं है।

### टीमों ने खंगाले सबूत

हरियाणा के अलग-अलग ठिकाने में 4 जनवरी की सुबह ईडी की अलग-अलग टीमों ने करनाल, सोनीपत और यमुनानगर में दबिश दी। करनाल और सोनीपत में तो ईडी की कार्रवाई खत्म हो गई थी, लेकिन यमुनानगर में पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के घर 5 दिन चली ईडी की करवाई दिलबाग सिंह की गिरफ्तारी के साथ खत्म हुई। दोपहर करीब 1 बजे उनके आवास से ईडी के अधिकारी उन्हें गाड़ी में बैठाकर दिल्ली ले गए। इसके बाद उनके समर्थकों और परिवार में मायूसी छा गई।

## दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी खाद्य व पेय प्रदर्शनी में बोले वाणिज्य सचिव

# देश का कृषि निर्यात वर्ष 2030 तक दोगुना होकर होगा 100 अरब डॉलर

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

देश का 50 अरब डॉलर का मौजूदा कृषि निर्यात वर्ष 2030 तक दोगुना होकर 100 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को वर्ष 2030 तक 2,000 अरब डॉलर पर पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

बर्थवाल ने यहां 'इंडसफूड मेला-2024' में कहा, 'मुझे पूरा भरोसा है कि आज भारत का 50 अरब डॉलर का निर्यात वर्ष 2030 तक दोगुना होकर लगभग 100 अरब डॉलर हो जाएगा। यह दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी खाद्य और पेय प्रदर्शनी है।

### रेडी-टू-ईट क्षेत्र में काफी संभावनाएं

सचिव ने कहा कि 'रेडी-टू-ईट' खाद्य खंड जैसे क्षेत्रों में बढ़ने की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने उद्योग जगत से आयातक देशों की तकनीकी मानक जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

### चावल, गेहूं व चीनी पर लगा है अंकुश

मेले का उद्घाटन करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि चावल, गेहूं और चीनी सहित कुछ प्रमुख वस्तुओं की खेप पर लगाए गए अंकुशों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में देश का कृषि निर्यात पिछले साल के 53 अरब डॉलर के स्तर से अधिक रहेगा।

**वर्तमान में देश का कृषि निर्यात 50 अरब डॉलर**

**वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 2000 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य**

**'रेडी-टू-ईट' खाद्य खंड जैसे क्षेत्रों में बढ़ने की काफी संभावनाएं**

### प्रतिबंधों की वजह से निर्यात प्रभावित

इससे पहले एक अधिकारी ने कहा था कि निर्यात प्रतिबंध और अंकुशों की वजह से इस वित्त वर्ष में लगभग चार से पांच अरब डॉलर का निर्यात प्रभावित होगा। सरकार ने गेहूं और गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर रोक लगा दी है और चीनी निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।



### 7500 से अधिक खरीदार भाग ले रहे

कार्यक्रम में भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद के अध्यक्ष मोहित सिंगला ने कहा कि दुनिया भर से लगभग 90 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 1,200 से अधिक प्रदर्शक और 7,500 से अधिक खरीदार तीन दिवसीय शो में भाग ले रहे हैं।

### 80 से अधिक खुदरा श्रृंखलाएं भाग ले रही

सिंगला ने कहा, इसमें कैरेफोर, खिमजी रामदास, ग्रैंड हाइपरमार्केट, नेस्टो, मुस्तफा, एक्स5, लुलु, अल्माया ग्रुप और स्पार जैसी 80 से अधिक खुदरा श्रृंखलाएं भी भाग ले रही हैं। गोयल ने यह भी कहा कि किसानों को बेहतर मूल्य प्रदान करने, रोजगार पैदा करने और देश की कमाई बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर खाद्य प्रसंस्करण, उत्पाद ब्रांडिंग और निर्यात पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है।

### ओडीओपी के तहत 708 खाद्य पदार्थों की पहचान

संवर्धन परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि 158 खाद्य और कृषि उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) के दर्जे दिए गए हैं, और उनके प्रचार के लिए एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल के तहत 708 खाद्य पदार्थों की पहचान की गई है।

### स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने का आग्रह

गोयल ने उद्योग से फ्रोजन, डिब्बा बंद और खाने के लिए तैयार खाद्य पदार्थों पर ध्यान केंद्रित करने, कौशल विकास, विश्वविद्यालय विनिमय कार्यक्रमों और क्षेत्र में स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। मंत्री ने कहा कि उद्योग को खाद्य पोषण को महत्व देते हुए गुणवत्ता, पोषण, जैविक सामग्री और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग को भी प्राथमिकता देनी चाहिए।

# होंडा मोटरसाइकिल ने जोड़ी अतिरिक्त उत्पादन क्षमता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- गुजरात संयंत्र में 6.5 लाख इकाई की उत्पादन क्षमता जोड़ी
- कारखाने की कुल क्षमता 19.7 लाख इकाई सालाना हो जाएगी

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के गुजरात में विट्ठलपुर स्थित विनिर्माण संयंत्र में तीसरी असेंबली लाइन शुरू हो गई है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

तीसरी लाइन शुरू होने से 6.5 लाख स्कूटर इकाइयों का अतिरिक्त उत्पादन होगा, जिससे इस कारखाने की कुल क्षमता 19.7 लाख इकाई सालाना हो जाएगी। एचएमएसआई के अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुत्सुमु ओटानी ने बयान में कहा, 'ग्राहकों को गति के साथ अधिक कुशलता से सेवा देने के लिए उत्पादन क्षमता विस्तार से एचएमएसआई की कुल वार्षिक मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।' ओटानी ने कहा कि विट्ठलपुर संयंत्र घरेलू और निर्यात बाजारों के लिए स्कूटर मॉडल का उत्पादन करता है। एचएमएसआई डियो, एक्टिवा 125 और डियो 125 जैसे स्कूटर मॉडल विट्ठलपुर संयंत्र में ही बनाती है। संयंत्र में एक समर्पित इंजन लाइन भी है जो थाइलैंड, अमेरिका, यूरोप और जापान जैसे बाजारों के लिए वैश्विक इंजन (250 सीसी और उससे ऊपर की श्रेणी के दोपहिया वाहनों) के निर्माण के लिए आधार के तौर पर कम करती है।

### कंपनी के इस समय चार विनिर्माण संयंत्र


एचएमएसआई के भारत में इस समय चार विनिर्माण संयंत्र- हरियाणा के मानेसर, राजस्थान के टपूकड़ा, कर्नाटक के नरसापुरा और गुजरात के विट्ठलपुर में हैं।

## बीते साल वाहनों की खुदरा बिक्री 11 % बढ़ी : फाडा

**नई दिल्ली।** देश में वाहनों की खुदरा बिक्री बीते कैलेंडर साल यानी 23 में 11 प्रतिशत बढ़ी है। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने कहा कि 2023 के कैलेंडर साल में घरेलू बाजार में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 2,38,67,990 इकाई रही, जबकि 2022 में 2,14,92,324 वाहन बेचे गए थे। यात्री वाहनों की बिक्री पिछले साल 38,60,268 इकाई रही, जो 2022 के 34,89,953 इकाई के आंकड़े से 11 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले साल नौ प्रतिशत बढ़कर 1,70,61,112 इकाई हो गई, जो 2022 में 1,55,88,352 इकाई थी।

# बिकवाली दबाव से बीएसई सेंसेक्स 671 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- शेयर बाजार ने शुरुआती लाभ गंवाया
- बैंक, धातु व एफएमसीजी शेयरों में रही बिकवाली

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रह पायी और बीएसई सेंसेक्स 671 अंक लुढ़क कर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच निवेशकों की बैंक, धातु तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 670.93 अंक यानी 0.93 प्रतिशत का गोता लगाकर 71,355.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 725.11 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 197.80 अंक यानी 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,513 अंक पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, ''निफ्टी में दो दिन से जारी तेजी पर आज विराम लगा। हालांकि, शुरुआत बढ़त के साथ हुई, लेकिन तेजी कायम नहीं रह पायी। अमेरिका में नौकरी के बेहतर आंकड़ों के साथ नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद कम होने के बीच मुद्रास्फीति और अन्य आर्थिक आंकड़ें आने से पहले वैश्विक शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, नेस्ले, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। एशियाई बाजार में रही गिरावट एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। जापान का बाजार आज अवकाश के कारण बंद रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा।

## सोने में 250 रुपए की गिरावट चांदी 400 रुपए फिसली



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में नरमी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 250 रुपये की गिरावट के साथ 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 400 रुपये लुढ़ककर 76,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 76,700 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। सोने का 355 रुपये गिरकर 62,202 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। इसके अलावा, चांदी का मार्च अनुबंध का भाव 415 रुपये गिरकर 72,172 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,029 डॉलर प्रति औंस और चांदी नुकसान के साथ 22.95 डॉलर प्रति औंस रही।


## म्यूचुअल फंड उद्योग की परिसंपत्तियां बढ़ी

**नई दिल्ली।** औसत प्रदर्शन से उबरते हुए म्यूचुअल फंड उद्योग ने वर्ष 2023 में पर्याप्त तेजी देखी और इसका परिसंपत्ति आधार लगभग 11 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इस विस्तार के पीछे शेयर बाजार में तेजी के दौर, स्थिर ब्याज दरों और एक मजबूत आर्थिक वृद्धि की अहम भूमिका रही है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2023 में फंड योजनाओं में समग्र निवेश में खासी तेजी दर्ज की गई है। इस दौरान म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन-अधीन संपत्तियां (एयूएम) 2023 में 10.9 लाख करोड़ रुपये यानी 27 प्रतिशत बढ़ गई। यह एक साल पहले 2022 में म्यूचुअल फंड के एयूएम में 2.65 लाख करोड़ रुपये यानी 5.7 प्रतिशत की वृद्धि से काफी अधिक है। इसके पहले वर्ष 2021 में परिसंपत्ति आधार सात लाख करोड़ रुपये के साथ लगभग 22 प्रतिशत बढ़ा था। एम्फी के आंकड़ों से पता चलता है कि संपत्ति का आधार 2022 में 39.88 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 में 50.78 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। संबर, 2021 के अंत में परिसंपत्ति आधार 37.72 लाख करोड़ रुपये और दिसंबर, 2020 में 31 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह 2023 में उद्योग के परिसंपत्ति आधार में लगातार 11वें साल बढ़ोतरी हुई। इस वर्ष उद्योग में वृद्धि को इक्विटी योजनाओं, खासकर व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के जरिये निवेश से समर्थन मिला। उद्योग विशेषज्ञों ने परिसंपत्ति आधार में भारी वृद्धि का श्रेय बढ़ते हुए इक्विटी बाजार, स्थिर ब्याज दरों और बढ़ती आर्थिक वृद्धि को दिया है।

# मर्सिडीज बेंज इस साल भारत में करेगी 200 करोड़ रुपए का निवेश

- पेश करेगी 12 नए मॉडल
- तीन इलेक्ट्रिक वाहन उतारेगी बाजार में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज बेंज नए उत्पाद पेश करने, विनिर्माण परिचालन और डिजिटलीकरण पर इस साल 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पिछले साल भारत में उसने रिकॉर्ड 17,408 गाड़ियां बेची हैं। मर्सिडीज बेंज इंडिया 2024 में तीन इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) समेत 12 से ज्यादा नए वाहन बाजार में उतारेगी। इनमें से आधे मॉडल शीर्ष वाहन खंड (टीईवी) होंगे, जिनकी कीमत 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा होगी। मर्सिडीज बेंज इंडिया के एमडी और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह साल विशेष है क्योंकि हम भारत में मर्सिडीज बेंज के 30 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। हम पुणे में अपने कारखाने में 200 करोड़ रुपये और निवेश करने जा रहे हैं। इससे अब भारत में हमारा कुल निवेश 3,000 करोड़ रुपये हो जाएगा। ये निवेश विनिर्माण कार्यों, नए उत्पाद स्टार्टअप और विनिर्माण प्रक्रिया के डिजिटलीकरण की दिशा में होंगे। अय्यर ने कहा कि पिछले साल कंपनी ने 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ भारत में अपनी अबतक की सर्वाधिक 17,408 गाड़ी बिक्री का रिकॉर्ड बनाया। मर्सिडीज बेंज की इससे पहले सर्वाधिक बिक्री 2022 में 15,822 इकाई रही थी इस साल को लेकर अय्यर ने कहा कि कंपनी आपूर्ति और मांग में अस्थिरता के बावजूद दहाई अंक में वृद्धि की उम्मीद कर रही है।

## कंपनी के केजी बेसिन परियोजना से तेल उत्पादन में हुआ विलंब

# ओएनजीसी का गहरे समंदर से तेल उत्पादन शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोदावरी बेसिन में अपनी बहुप्रतीक्षित प्रमुख गहरे समुद्र परियोजना से तेल उत्पादन शुरू कर दिया है।

कंपनी को अपनी इस प्रमुख परियोजना से उत्पादन शुरू करने में काफी देरी हुई है। कंपनी ने कहा कि इससे उसे कई साल के उत्पादन में गिरावट के रुख को पलटने में मदद मिलेगी। कंपनी ने बयान में कहा कि बंगाल की खाड़ी में गहरे पानी के केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक से पहला तेल सात जनवरी को निकला है।

### परियोजना से ओएनजीसी की क्षमता 15 फीसदी बढ़ेगी

ओएनजीसी ने बयान में कहा कि 98/2 परियोजना से उसकी कुल तेल और गैस उत्पादन क्षमता में क्रमशः 11 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1.84 करोड़ टन कच्चे तेल और 20 अरब घनमीटर प्रतिदिन गैस का उत्पादन किया था।

### सबसे पहले क्लस्टर-2 में उत्पादन शुरू

केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक केजी बेसिन में रिलायंस इंडस्ट्रीज के केजी-डी6 ब्लॉक के पास है। आंध्र प्रदेश तट से 35 किलोमीटर दूर यह ब्लॉक 300-3200 मीटर गहरे पानी में स्थित है। इस ब्लॉक की खोजों को क्लस्टर-1, 2 और 3 में बांटा गया है। सबसे पहले क्लस्टर-2 में उत्पादन शुरू हुआ है।

**सूचना**

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **सूरज उर्फ विक्की**, पुत्र रमेश कुमार, निवासी डी–1494, टीसी कैंप, रघुबीर नगर, दिल्ली, ने **एफआईआर नंबर 671/2023, दिनांक 27.08.2023, धारा 307/34 आईपीसी, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सूरज उर्फ विक्की**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सूरज उर्फ विक्की**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **सूरज उर्फ विक्की**, केस **एफआईआर नंबर 671/2023, दिनांक 27.08.2023, धारा 307/34 आईपीसी, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.02.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**मिलन गोयल,**
महानगर दण्डाधिकारी, पश्चिम,
तीस हजारी कोर्ट,
दिल्ली

**DP/231/WD/2024**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr. P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्रम खत्री, निवासी** प्लॉट नंबर 22,23,24 खसरा नंबर 35/2, 26, राणाजी एन्क्लेव, पार्ट-I नजफगढ़, दिल्ली ने **सिटी केस संख्या 42/2017 धारा 135 इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, पुलिस थाना नजफगढ़, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विक्रम खत्री** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विक्रम खत्री** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती हैं कि **सिटी केस संख्या 42/2017 धारा 135 इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, पुलिस थाना नजफगढ़, दिल्ली** के अभियुक्त **विक्रम खत्री** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.02.2024** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार मीना
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (विद्युत)
कमरा नंबर 609,
द्वारका कोर्ट, दिल्ली


**DP/92/DW/2024(Court Matter)**

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | सुनारियां कलां, वार्ड नं. 22, एम.सी. रोहतक में संत कबीर दादा कोसला लाइब्रेरी के निर्माण कार्य को पूरा करना | 04.01.2024 16.01.2024 | 11.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 13, एम.सी. रोहतक में पोटहोल्स की मरम्मत, रखरखाव और विविध सिविल कार्य। | 02.01.2024 15.01.2024 | 22.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/24006/I/88/7 दि. 08.01.24

## शब्द पहेली - 5389



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम–3,2
4.उदारता,बडप्पन–4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ–2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला–3
9.अपशिष्ट पदार्थ–2
10.कामदेव,चंद्रमा–4
11.नाड़ी,नस–2
13.जबरन,जबरदस्ती–3
14.वायदा,वचन–2
15.भवन,आलय–3
17.आर्ट,हुनर–2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा–5
22.उद्देश्यहीनता–5
25.परिणाम–2
26.अंजन,नेत्रांजन–3
28.सांझ,संध्या–2
29.अधीन–3
30.निश्चित–2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ–4
34.बेइमान,सेंधमार–2
36.दाम,मूल्य–3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी–2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना–4
39.अश्रु,आंसू–5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक–2
2.गुजर करना–3
3.धैर्यवान–3,2
4.राशिचक्र की एक राशि–3
5.आंशिक भीगा हुआ–2
6.सामंजस्य–4
7.यायावर,बंजारा–5
10.चुनाव,वोटिंग–4
12.दुख,कष्ट–2
16.यज्ञ,होम–3
17.कमरा,रूम–2
18.उम्मीद,आस–2
20.जुड़वा–3
21.प्याला–2
22.हृदय,हार्ट–2
23.निकृष्टतर–4
24.बलवान,दमदार–5
25.स्वदेशवासी–5
26.आलसी,निठल्ली–4
27.बुरी आदत–2
31.भरोसा,विश्वास–3
33.आंचल,पल्लू–3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार–2
37.समय, वक्त–2

### शब्द पहेली -5388 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | भ | स्मा | सु | र | ■ | दा | न | वी | र | ■ |
| नौ | ■ | ■ | ब | स | ■ | न | ग | ■ | ■ | म |
| ज | प | ■ | ह | म | ला | व | र | ■ | म | ल |
| वा | र | ■ | ■ | ■ | न | ■ | ■ | ■ | न | म |
| न | व | जा | त | ■ | त | ■ | अ | न | मो | ल |
| ■ | र | ■ | ह | रा | म | खो | र | ■ | ह | ■ |
| अ | दि | क्षी | त | ■ | ला | ■ | ज | मा | न | त |
| स | गा | ■ | ■ | ■ | म | ■ | ■ | ■ | सिं | ह |
| मा | र | ■ | क | म | त | र | ता | ■ | ह | ल |
| न | ■ | ■ | मा | ही | ■ | ज | ड़ | ■ | ■ | का |
| ■ | म | स | ल | न | ■ | क | ना | ग | त | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5399

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5398 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# लिवरपूल ने आर्सेनल को हराया, सिटी की 5-0 से धमाकेदार जीत

एजेंसी ▸▸| लंदन

आर्सेनल को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दौर में लिवरपूल के खिलाफ रविवार को यहां 0-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी। आर्सेनल की टीम खराब फॉर्म से जूझ रही है और सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले सात मैच में से चार मैच गंवा चुकी है। टीम ने लगातार तीन मैच गंवाए हैं। रविवार को लिवरपूल के खिलाफ आर्सेनल के डिफेंडर याकुब किवियोर ने 80वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जबकि लुई डियाज ने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की।



## फिल फोडेन ने 33वें और 65वें मिनट में दागे गोल

*मैनचेस्टर सिटी ने एक अन्य मैच में दूसरे टीयर की टीम हडर्सफील्ड पर 5-0 की आसान जीत दर्ज की। सिटी के केविन डीब्रून ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण लगभग पांच महीने के बाद इस मुकाबले के साथ वापसी की। मैनचेस्टर सिटी की ओर से फिल फोडेन (33वें और 65वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि जूलियन अल्वारेज (37वें मिनट) और जेरेमी डोकु (74वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। हडर्सफील्ड के बेन जैकसन ने आत्मघाती गोल भी किया। रेक्सहैम ने जीत दर्ज की जबकि प्रीमियर लीग टीम वेस्टहैम, नॉटिंघम फॉरेस्ट और ल्युटन के मुकाबले ड्रॉ रहे। रेक्सहैम ने श्रुसबरी के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। वेस्टहैम को दूसरे टीयर की टीम ब्रिस्टल सिटी ने 1-1, नॉटिंघम फॉरेस्ट को तीसरे टीयर की टीम ब्लैकपूल ने 2-2 जबकि ल्युटन को तीसरे टीयर की टीम बोल्टन ने गोल रहित बराबरी पर रोका।*



## खबर संक्षेप



### मुंबई मैराथन के ब्रांड दूत बने केफलेजिगी

**मुंबई।** एथेंस ओलंपिक 2004 के रजत पदक विजेता और लंबी दूरी के जाने माने धावक मेब केफलेजिगी को रविवार को 19वीं टाटा मुंबई मैराथन का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। यह विश्व एथलेटिक्स की 'गोल्ड लेबल' की रेस है और प्रोकैम इंटरनेशनल इसका प्रमोटर है। एरीट्रिया में जन्में अमेरिकी केफलेजिगी ने उस समय इतिहास रचा था जब वह ओलंपिक पदक (2004), न्यूयॉर्क सिटी मैराथन (2009) और बोस्टन मैराथन (2014) जीतने वाले पहले धावक बने थे। वह 2009 में 1982 के बाद न्यूयॉर्क मैराथन जीतने वाले पहले अमेरिकी भी बने। वह अपने करियर में कुल आठ बार न्यूयॉर्क मैराथन में शीर्ष 10 में शामिल रहे।

### यूबैंक्स और मोनफिल्स पहले दौर में हारे



**ऑकलैंड।** अमेरिका के क्रिस यूबैंक्स और फ्रांस के दिग्गज गेल मोनफिल्स को एटीपी ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में सोमवार को यहां हार का सामना करना पड़ा। पांचवीं वरीयता प्राप्त यूबैंक्स मांसपेशियों में चोट के बाद बोटिक वैन डेर जैडस्चुल्प की चुनौती से पार नहीं पा सके। उन्होंने मैच के बीच में इलाज के बाद अपना खेल जारी रखा लेकिन 6-7, 2-6 से हार गये। फ्रांस के 37 साल के मोनफिल्स के खेल पर भी उम्र हावी दिखी। हंगरी के फैबियन मरोज्सन के खिलाफ वह तीन सेट के संघर्षपूर्ण मुकाबले को 2-6, 7-6, 6-7 से गंवा बैठे।

### तीसरी बार ओलंपिक में जगह बनाने का भरोसा



**रांची।** अटैकिंग मिडफील्डर नवनीत कौर ने सोमवार को कहा कि भारतीय महिला टीम लगातार तीसरी बार ओलंपिक कोटा हासिल करने को लेकर आश्वस्त है और यहां की परिस्थितियों की जानकारी आठ टीम के हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर से पहले मेजबान टीम को अच्छी स्थिति में रखेगी। सविता पूनिया के नेतृत्व में भारतीय टीम ने पिछले साल नवंबर में यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंधा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। मेजबान टीम ने फाइनल में जापान को 4-0 से हराकर प्रतियोगिता में अपना लगातार दूसरा खिताब जीता था।

## एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर : पहले दिन जीते छह पदक

# तोमर और ईशा ने स्वर्ण पदक के साथ हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▸▸| जकार्ता

भारत के युवा निशानेबाजों वरुण तोमर और ईशा सिंह ने सोमवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर की क्रमशः पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दो ओलंपिक कोटा हासिल किए। इन दोनों के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के साथ भारत के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के 15 कोटा हासिल कर लिए हैं और इसके साथ ही टोक्यो खेलों में सबसे अधिक निशानेबाज उतारने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी कर ली। भारतीय निशानेबाजों के पास बाकी क्वालीफायर स्पर्धाओं के जरिए भी इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले खेलों में जगह बनाने का मौका होगा।

भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पहले दिन दो टीम स्वर्ण सहित कुल छह पदक के साथ अपने अभियान का आगाज किया। बीस साल के तोमर ने फाइनल में 239.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि उनके हमवतन अर्जुन चीमा ने 237.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। मंगोलिया के देवाखु एंखताइवान (217.2) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले तोमर (586), अर्जुन (579) और उज्जवल मलिक (575) की भारतीय टीम कुल 1740 अंक के साथ टीम स्पर्धा में शीर्ष पर रही थी। ईरान और कोरिया ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।



### 16 कोटा स्थान दांव पर

*इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पेरिस ओलंपिक के लिए कुल 16 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। पुरुषों और महिलाओं के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में चार कोटा हैं जिसमें से अधिकतम तीन भारतीय निशानेबाजों को मिल सकते हैं। इस प्रतियोगिता में 26 देशों के लगभग 385 निशानेबाज पेरिस कोटा हासिल करने के अलावा 256 पदक (84 स्वर्ण, 84 रजत और 88 कांस्य पदक) जीतने के लिए जकार्ता की सेनायन निशानेबाजी रेंज में चुनौती पेश करेंगे।*



### ईशा के फाइनल में 243.1 अंक

*महिला वर्ग में 18 साल की ईशा ने फाइनल में 243.1 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पाकिस्तान की किशमाला तलत (236.3) ने रजत जबकि ईशा की हमवतन रिदम सांगवान (214.5) ने कांस्य पदक जीता। ईशा, रिदम और सुरभि राव की भारतीय तिकड़ी ने कुल 1736 अंक के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीता। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और 25 मीटर पिस्टल टीम के साथ विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।*

## अनाहत 2024 ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में रहीं उपविजेता



एजेंसी ▸▸| बर्मिंघम

भारत की उभरती हुई स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह यहां ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के लड़कियों के अंडर-17 वर्ग में उपविजेता रहीं। अनाहत को रविवार को बर्मिंघम विश्वविद्यालय में 68 मिनट चले कड़े फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीय नादीन अलहमामी के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

भारत की 15 साल की अनाहत ने पहला गेम 11-7 से जीत लिया था लेकिन इसके बाद नादीन ने जोरदार वापसी करते हुए अगले दो गेम टाईब्रेक में 13-11 और 12-10 से जीतकर 2-1 की बढ़त बना ली। अनाहत ने चौथा गेम 11-5 से जीतकर स्कोर 2-2 किया लेकिन मिस्र की खिलाड़ी ने पांचवां और निर्णायक गेम 11-9 से जीतकर खिताब अपने नाम किया। पिछले महीने अनाहत ने स्कॉटिश जूनियर ओपन के अंडर-19 वर्ग का खिताब जीता था। इस बीच अमेरिकी जूनियर ओपन के लड़कों के अंडर-15 वर्ग के गत चैंपिन आर्यवीर दीवान लड़कों के अंडर-15 वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे।

### भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 जंग आज

**नवी मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम लंबे और मिश्रित सफलता वाले घरेलू सत्र का अंत मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम मुकाबले में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर करना चाहेगी। तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर चल रही है और हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के साल की शुरुआत इस प्रारूप में जीत के साथ करने का मौका है।

## क्रेसिकोवा और माइया एडीलेड इंटरनेशनल के पहले दौर में हारे

एजेंसी ▸▸| एडीलेड

फ्रेंच ओपन की पूर्व चैंपियन बारबरा क्रेसिकोवा और बीट्रिज हदाद माइया को सोमवार को यहां एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर अन्ना केलिन्सकाया ने 2021 की फ्रेंच ओपन विजेता और चौथी वरीय क्रेसिकोवा को 7-5, 3-6, 7-5 से शिकस्त दी।

केलिन्सकाया तीसरे और निर्णायक सेट में जब 6-5 से आगे थी तो उन्हें क्रेसिकोवा की सर्विस पर तीन मैच प्वाइंट मिले जिसमें से तीसरे पर अंक जुटाकर उन्होंने मैच अपने नाम किया। पूर्व में फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बना चुकी पावलुचेनकोवा ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए मुख्य वर्ग में जगह बनाते हुए पांचवीं वरीय हदाद माइया को 6-3, 6-4 से हराया। पहले दौर में एक अन्य मुकाबले में एना बोगडन ने केटी बोल्टर को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। दूसरी तरफ होबार्ट इंटरनेशनल डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय एलिस मर्टेन्स ने डेनियल कोलिन्स को 6-2, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।



### देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात

**नई दिल्ली।** अमेच्योर गोल्फ की विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल इकलौती भारतीय अवनि प्रशांत के लिए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। सत्रह साल की अवनि इस महीने दो अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत की अगुवाई करेंगी। वह नौ से 12 जनवरी तक तक दक्षिणी गोल्फ क्लब में वार्षिक ऑस्ट्रेलियाई मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैम्पियनशिप में भाग लेंगी। इसमें चार सदस्यीय भारतीय टीम में दो पुरुष और दो महिला खिलाड़ी शामिल हैं। इसके बाद चारों खिलाड़ी 16 से 19 जनवरी 2024 तक ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर चैंपियनशिप में खेलेंगे।



## हेनरिक क्लासेन ने की टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा

एजेंसी ▸▸| प्रिटोरिया

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है जिससे लाल गेंद के प्रारूप में उनका संक्षिप्त कॅरियर खत्म हो गया। रांची में 2019 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 32 साल के क्लासेन ने अपने संक्षिप्त टेस्ट कॅरियर में चार मैच खेले। वह अपना आखिरी टेस्ट पिछले साल जोहानिसबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले थे। क्लासेन ने अपने टेस्ट कॅरियर में 13.00 के औसत से 104 रन बनाए और सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 35 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही। क्लासेन हालांकि सफेद गेंद के प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध रहेंगे।



## मलेशिया ओपन आज से, ओलंपिक कोटा पर निगाह

# पदक से शुरुआत करना चाहेंगे बैडमिंटन खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸| कुआलालंपुर

पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन पर नजरें टिकाए बैठे एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जैसे भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रहे मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के साथ नए सत्र की प्रभावी शुरुआत करने की उम्मीद होगी।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए अगले चार महीने में काफी कुछ दांव पर लगा होगा। इस दौरान उनकी नजरें व्यस्त कार्यक्रम के बीच अप्रैल के अंत तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाकर पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी। ओलंपिक में जगह बनने की दौड़ में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय आगे चल रहे हैं। यह आठवीं वरीयता प्राप्त 31 वर्षीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन के खिलाफ करेगा और उन्हें अपनी शानदार फॉर्म जारी रखने की उम्मीद होगी। सभी की निगाहें लक्ष्य और किदांबी श्रीकांत पर भी होंगी जो शीर्ष 16 में आने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पिछले साल कनाडा ओपन सुपर 500 का खिताब जीता लेकिन इसके बाद अपनी फॉर्म गंवा दी। श्रीकांत की विश्व रैंकिंग 24वीं है और वह 2023 में सिर्फ चार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। सेन और श्रीकांत के लिए चीजें आसान नहीं होने वाली हैं क्योंकि उन्हें यहां शुरुआती दौर में क्रमशः चीन के वेंग होंग यैंग और इंडोनेशिया के छठी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना है।



### सात्विक-चिराग दिलाएंगे पदक

पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शानदार फॉर्म में दिख रहे हैं। वे 2023 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रहे। दिसंबर में तीन फाइनल में जगह बनाने के बाद आत्मविश्वास से भरी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल जोड़ी अब इस सत्र में विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाने की कोशिश करेगी। यह जोड़ी अभी ओलंपिक खेलों की क्वालीफिकेशन रैंकिंग में 21वें स्थान पर है। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी 27वें स्थान पर है। मलेशिया ओपन चार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट में से एक है। उसे पिछले साल यह दर्जा मिला था। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप, चीन ओपन और इंडोनेशियाई ओपन विश्व सर्किट में अन्य तीन सुपर 1000 टूर्नामेंट है।

## बीएआई 28 खिलाड़ियों के अनुभव का खर्च उठाएगा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन संघ इस साल सीनियर राष्ट्रीय पुरुष और महिला चैंपियन क्रमशः चिराग सेन और अनमोल खर्ब सहित 28 खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने का खर्च उठाएगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ की रैंकिंग में 26वें से 75वें स्थान पर मौजूद भारतीय खिलाड़ियों के अलावा सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले ऐसे खिलाड़ी जो राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं हैं, उन्हें इससे फायदा मिलेगा। इसके लिए पैसा बीएआई और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की साझेदारी से आएगा।

अबु धाबी मास्टर्स चैंपियन उन्नति हुड्डा और 2023 बैडमिंटन एशिया अंडर-17 जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा भी एकल और युगल वर्ग के उन 28 खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें कई प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है। बीएआई के सचिव संजय मिश्रा ने सोमवार को कहा, 'बीएआई यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि होनहार प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने के लिए जरूरी समर्थन मिले, भले ही वे राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं हों।'




## खबर संक्षेप

### खैबर पख्तूनख्वाः हमले में 5 पुलिसकर्मियों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में 5 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। धमाके में 20 से ज्यादा लोगों के घायल हो गए। हमला उस वक्त किया गया, जब बाजौर जिले में एंटी पोलियो अभियान में ड्यूटी पर लगी पुलिस टीम को ट्रक में ले जाया जा रहा था। इसी दौरान आईईडी धमाके हुए थे।

### 50 साल बाद फिर अमेरिका ने लॉन्च किया मिशन 'मून'



**केप कैनावेरल।** बीते 50 साल बाद फिर अमेरिका का स्पेसक्राफ्ट सोमवार तड़के रवाना हो गया है। यह फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से सुबह 2:18 बजे रवाना हुआ है। इससे पहले चंद्रयान-3 मिशन के साथ भारत ने 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में 'सॉफ्ट लैंडिंग' कर इतिहास रच दिया था।

## अभिनंदन को छोड़ने की कहानी

# पाक को बर्बाद करने के लिए तैयार थीं 9 मिसाइलें



एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रहे अजय बिसारिया ने अपनी नई किताब (एंगर मैनेजमेंटः द ट्रूब्ल्ड डिप्लोमेटिक रिलेशनशिप विटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान) में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने पुलवामा हमले के बाद भारत की आक्रामक कूटनीति से पाक डर गया था और अपनी जिद से पीछे हट गया था, ऐसे कुछ किस्सों का जिक्र किया है। यह मामला भारत की उन 9 मिसाइलों से जुड़ा था जिनका रुख पाक की ओर कर दिया गया था और इससे इमरान घबरा गए थे। उस रात इमरान खान पीएम मोदी से बात करना चाहते थे, लेकिन उन्हें बताया गया कि पीएम मोदी उस वक़्त उपलब्ध नहीं हैं।

### ...जब आधी रात को आया फोन

अजय बिसारिया ने खुलासा किया कि आधी रात को उन्हें इस्लामाबाद में भारत में पाकिस्तान के तत्कालीन उच्चायुक्त सोहेल महमूद का फोन आया, जिन्होंने कहा कि इमरान खान पीएम मोदी से बात करना चाहते हैं। बिसारिया ने दिल्ली में लोगों से पूछताछ की और वापस महमूद से बात की और कहा कि मोदी उस समय उपलब्ध नहीं हैं और कोई भी जरूरी संदेश खुद उच्चायुक्त को दे सकते हैं।

### पाक जानता था कि भारत को चोट पहुंचाना...

बिसारिया ने लिखा कि पाक ने कमांडर की रिहाई को 'शांति' बढ़ाने के तहत कहा था लेकिन पाक यह बात जानता था कि भारत के जवान को चोट पहुंचाना उन्हें कितना भारी पड़ सकता था। बिसारिया ने किताब में इस तरह के ओर भी कई दिलचस्प किस्सों को बयान किया है।

## पीएम मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी पर मालदीव के हाईकमिश्नर तलब

# हमसे रिश्ते सुधारने की जिम्मेदारी मुइज्जू की, तीन मंत्री बर्खास्त हों

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी मामला बढ़ता जा रहा है। मालदीव की राजधानी माले में मौजूद भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने आनन-फानन में अधिकारियों के साथ बैठक की है। बैठक में मालदीव के हाई कमिश्नर को तलब किया गया। इसके बाद हाई कमिश्नर इब्राहिम शाहीब सुबह साउथ ब्लॉक स्थित विदेश मंत्रालय पहुंचे। इस दौरान उसने सिर्फ 4 मिनट बात हुई। उनसे कहा कि इस मामले से दोनों देशों के रिश्ते बिगड़े हैं। इन्हें सुधारने की जिम्मेदारी राष्ट्रपति मुइज्जू की है। भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने कहा कि मालदीव सरकार पीएम मोदी और भारतीयों पर टिप्पणी करने वाले तीनों मंत्रियों को बर्खास्त करें। इनकी सस्पेंशन काफी नहीं है।

मालदीव सरकार के 3 मंत्रियों माल्शा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्लाह महजूम माजिद ने पीएम मोदी और भारत के खिलाफ टिप्पणी की थी। भारत की टूरिज्म सेक्टर में फेसेलिटीज को लेकर भी कमेंट्स किए थे। 7 जनवरी को इन्हें सस्पेंड कर दिया गया था।

### खास बातें

- मालदीव के हाई कमिश्नर इब्राहिम विदेश मंत्रालय पहुंचे, 4 मिनट दोनों के बीच चर्चा
- बैठक में भारतीय उच्चायुक्त ने पीएम पर टिप्पणी मुद्दे पर जताई कड़ी नाराजगी

### तकरार के बीच उच्चायुक्त मुनु महावर ने की बैठक

*मालदीव के कुछ मंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के बाद आपत्तिजनक बयान दिए थे। जिसके बाद विवाद गहरा गया है।*



### यह विवाद क्यों बढ़ा?

*पीएम मोदी ने लक्षद्वीप दौरे का एक वीडियो शेयर किया था। इसमें खूबसूरती के लिहाज से लक्षद्वीप अब मालदीव को टक्कर देता नजर आया। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोग कहने लगे कि लाखों रुपए खर्च कर मालदीव जाने से बेहतर है कि लक्षद्वीप जाएं। इससे मालदीव के मंत्री और नेता नाराज नजर आए। उनके आपत्तिजनक पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर भारतीयों और मालदीव के नागरिकों के बीच जंग छिड़ गई। लोगों का कहना है कि पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे से मालदीव के टूरिज्म को तगड़ा झटका जरूर लगने वाला है।*

### राष्ट्रपति मुइज्जू ने 'इंडिया आउट' का दिया था नारा

मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद भारत के साथ रिश्तों में खटास आई है। मुइज्जू चीन समर्थक माने जाते है। वो अपने देश से भारतीय सैनिकों को निकालने के लिए तैयार हैं। उन्होंने मालदीव में भारतीय सेना की मौजूदगी के खिलाफ 'इंडिया आउट' का नारा दिया था। नई सरकार को लगता है कि भारतीय सैनिकों की मौजूदगी संप्रभुता के लिए खतरा है।

### प्रवक्ता बोले- हमारा रुख साफ

*मालदीव सरकार के प्रवक्ता इब्राहिम खलील ने कहा था कि भारत के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट के हवाले से जो कुछ चल रहा है, उसके बारे में हमारी सरकार रुख साफ कर चुकी है। फॉरेन मिनिस्ट्री ने भी बयान जारी किया है। भारत के बारे में कमेंट्स करने वाले सभी सरकारी अफसरों को फौरन सस्पेंड किया जा रहा है।*

### भारत को मिला इजराइल का साथ

*लक्षद्वीप बनाम मालदीव विवाद के बीच इजराइल ने लक्षद्वीप से जुड़ा एक पोस्ट साझा किया। जिसमें उन्होंने लक्षद्वीप की प्राकृतिक सुंदरता की तस्वीरों को साझा किया हैं। साथ ही कहा कि अलवणीयकरण से जुड़ी परियोजना पर इजराइल 9 जनवरी से काम शुरू करने के लिए तैयार हैं। हम कुछ लक्षद्वीप से जुड़ी तस्वीरों को आपके साथ साझा कर रहे हैं। यह लक्षद्वीप की प्राचीन सुंदरता को नहीं देख पाएं हैं।*

## पीएम हसीना ने भारत को बताया अच्छा और सच्चा दोस्त

# पीएम मोदी ने शेख हसीना को किया फोन,जीत पर दी बधाई



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को शेख हसीना से फोन पर बातचीत की। मैं बांग्लादेश के लोगों को भी सफल चुनाव के लिए बधाई देता हूं। हम बांग्लादेश के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इधर, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भी शेख हसीना को जीत की बधाई दी।

### 1971 से हमारे संबंध

इससे पहले शेख हसीना ने बांग्लादेश के राष्ट्रीय चुनावों में अपनी पार्टी आवामी लीग की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत को सच्चा दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि भारत बांग्लादेश का बहुत अच्छा और सच्चा दोस्त है। उन्होंने 1971 और 1975 में हमारा समर्थन किया। हम भारत को अपना पड़ोसी मानते हैं। मैं वास्तव में इस बात की सराहना करती हूं कि भारत के साथ हमारे अद्भुत संबंध हैं।

### 300 में से 223 सीटें जीतीं

बांग्लादेश की 300 सीटों वाली संसद में से कुल 299 सीटों के लिए चुनाव हुआ था। हसीना की पार्टी आवामी लीग ने 223 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया। एक सीट पर उम्मीदवार की मौत के कारण चुनाव नहीं हुआ। उस सीट पर बाद में उपचुनाव होगा। पूर्व पीएम खालिदा जिया के नेतृत्व वाले मुख्य विपक्षी दल बीएनपी और उसके सहयोगियों ने आम चुनावों का बहिष्कार किया।

## चुनाव जीते क्रिकेटर हसन ने फैन को जड़ा थप्पड़



**ढाका।** बांग्लादेश के स्टार क्रिकेटर और कप्तान शाकिब अल हसन ने चुनावी मैदान में भी जीत का परचम लहरा दिया। बांग्लादेश में चुनाव जीतने के तुरंत बाद ही उनका एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काफी तेजी से वायरल हो रहा, जिसमें उन्होंने अपने एक फैन को चांटा रसीद कर दिया। हसन अपने चुनावी क्षेत्र में गए थे, जहां पर सैकड़ों की संख्या में उनके चाहने वालों ने चारों तरफ से घेर लिया।

## एनआईए की कार्रवाई

# 5 लाख का इनामी मोस्ट वांटेड आतंकी शाहनवाज गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस और एनआईए के सामने 5 लाख के इनामी मोस्ट वांटेड आतंकी शाहनवाज आलम ने कई बड़े सनसनीखेज खुलासे किए हैं।



उसे दिल्ली से एनआईए की टीम ने गिरफ्तार किया है। उसने कुबूल किया है कि पुणे-महाराष्ट्र मॉड्यूल के निशाने पर आरएसएस, वीएचपी और बीजेपी के नेता थे। इतना ही नहीं गुजरात और मुंबई में सीरियल ब्लास्ट कराने की साजिश रची गई थी। आईएसआईएस पूरे गुजरात को बम धमाकों से दहलाना चाहती थी।

**शाहनवाज ने की इंजीनियरिंग की पढ़ाईः** सूत्रों के मुताबिक, आतंकी शाहनवाज आलम महाराष्ट्र के नागपुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका है। उसके मोबाइल से पता चला है कि वो घर में ही आईडी बना रहा था। एनआईए को कई तस्वीरें उसके मोबाइल में मिली हैं।

## सिंगापुर में मंत्री का छलका दर्द

# भारतीय मूल के कैबिनेट मंत्री के खिलाफ जांच चिंताजनक

एजेंसी ⏭ सिंगापुर

सिंगापुर के एक वरिष्ठ मंत्री ने भारतीय मूल के कैबिनेट सहयोगी के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच होना चिंताजनक बताया।



इसका असर निर्वाचन क्षेत्र पर पड़ा है। बता दें, भारतीय मूल के परिवहन मंत्री एस. ईश्वरन को पिछले साल 11 जुलाई को गिरफ्तार किया था।

### जुलाई में हुए गिरफ्तार

गौरतलब है, भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो ने पिछले साल 11 जुलाई ईश्वरन को गिरफ्तार किया था और फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं। उनके खिलाफ यह जांच पहले से ही किसी अन्य मामले से संबंधित है। हालांकि, ईश्वरन के खिलाफ जांच किस मामले में की जा रही है, इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं सामने आई है। ईश्वरन को छुट्टी पर भेज दिया गया है और अगले आदेश तक उनका मासिक वेतन घटाकर 8,500 डॉलर कर दिया गया है।

# अमेरिका में इंडियन कॉन्सुलेट का रोका रास्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका दौरे पर गई एनआईए की टीम को चुनौती देते हुए, खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के प्रतिबंधित एसएफजे ने सैन फ्रांसिस्को में इंडियन कॉन्सुलेट का रास्ता रोक दिया है।

उसने एक झांकी का इस्तेमाल किया जिसमें पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या का चित्रण किया गया है। पन्नू ने कहा कि निज्जर की हत्या की साजिश रचकर हिंसा का चक्र शुरू करने वाले पीएम मोदी को 31 अक्टूबर, 1984 को नहीं भूलना चाहिए। सिखों ने हमेशा भारत को हिंसा का जवाब दिया है।



### विवाद की जड़ बना आतंकी खालिस्तानी निज्जर की हत्या

हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून 2023 को कनाडा के सरे शहर में एक गुरुद्वारे के बाहर अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी थी। वह प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स का प्रमुख था और 2020 में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत भारत सरकार द्वारा आतंकवादी नामित किया गया था. इस घटना के बाद से आतंकी पन्नू मामले को उठा रहा है।

# इजराइली हमले में हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडर विसाम हसन की मौत

एजेंसी ⏭ तेल अवीव

इजराइल ने दक्षिण लेबनान पर हमले में हिजबुल्लाह समूह के एक शीर्ष कमांडर विसाम हसन ताविल को मार डाला। इज़राइली हमला लेबनान सीमा पर बढ़ते हमलों के बीच हुआ है।

इससे पहले हिज़्बुल्लाह ने उत्तरी इज़राइल में एक संवेदनशील हवाई यातायात अड्डे पर रॉकेट से हमला किया था। जो तीन महीनों में सबसे बड़े हमलों में से एक था। पिछले सप्ताह बेरूत में हमास के एक वरिष्ठ नेता की हत्या के बाद से जवाबी हमले तेज हो गए हैं।



## चीन पहुंचते ही मालदीव के राष्ट्रपति की लगी क्लास

# ड्रैगन ने कहा- हम इंडिया और मालदीव का करते हैं सम्मान

एजेंसी ⏭ बीजिंग

चीन पहुंचे मालदीव के राष्ट्रपति को चीनी मीडिया का भी सामना करना पड़ा। उनके दौरे पर चीन के सरकारी अखबार ने एक संपादकीय में मालदीव के साथ भारत के राजनयिक विवाद का जिक्र किया गया है। इसके अलावा मीडिया में भारत को साउथ एशियाई मुद्दों पर 'खुले दिमाग' वाले नीति के साथ अमल करने की बात कही गई। मालूम हो कि देश के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन के प्रति काफी झुकाव वाले नेता माने जाते हैं। चीनी मीडिया के लेख में कहा गया है कि वह (चीन) भारत मालदीव और चीन के बीच त्रिपक्षीय सहयोग करने का भी इच्छुक है।

### भारत संग विवाद पर चीनी मीडिया ने क्या कहा?



मुइज्जू चीन की यात्रा के लिए बीजिंग पहुंच चुके हैं। इसी दौरान चीनी सरकारी मीडिया में मालदीव के भारत संबंध के बारे लेख छपी है। मीडिया ने लिखा चीन मालदीव और भारत के बीच मैत्रीपूर्ण और सहयोगात्मक संबंधों का सम्मान करता है। वह नई दिल्ली के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए माले के महत्व को पूरी तरह से जानता है। बीजिंग ने कभी भी माले को चीन और भारत के बीच संघर्ष के कारण नई दिल्ली से संबंध खराब करने की कोई शर्त नहीं रखी और ना ही कभी सलाह दी। न ही वह मालदीव और भारत के बीच सहयोग को अपने लिए खतरे के रूप में देखता है।

### अमेरिका में पाक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के बाहर बलूचिस्तान प्रवासी सदस्यों ने पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में से एक, बलूचिस्तान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, वहीद बलूच ने बताया कि वह लोग पिछले 75 सालों में बलूचिस्तान में हुए अत्याचारों के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## भारत से 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली का निर्यात बढ़ेगा

# तीन और अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइनों का प्रस्ताव तैयार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में आगामी 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। इसके लिए तीन और अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइनें बनाने का प्रस्ताव किया गया है। बीते शनिवार को चितवन में संपन्न नेपाल-भारत ऊर्जा सचिव स्तरीय 11वीं बैठक में इस पर प्रारंभिक सहमति बनी है। बैठक में भारत की तरफ से नेपाल में निजगढ़-मोतिहारी, अनारमनी-किसनगंज और लमही-लखनऊ पॉइंट पर 400 केवी क्षमता की ट्रांसमिशन लाइन बनाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी है।



### संयुक्त सचिव संदीप को समन्वय की जिम्मेदारी

भारतीय दूतावास की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि एक संयुक्त तकनीकी दल को इसका अध्ययन करने के लिए निर्देश दिया गया है। इस तकनीकी दल में भारत के ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव संदीप कुमार देव को समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें नेपाल विद्युत प्राधिकरण और भारत के पावर ग्रिड के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है।

### अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइन बनाने भी सहमति

400 केवी की नई बुटवल-गोरखपुर ट्रांसमिशन लाइन का भी निर्माण होने जा रहा है। इसी तरह इनरवा-पूर्णिया में निर्माणाधीन ट्रांसमिशन लाइन को 2027/28 में और न्यू लमकी-बरेली के निर्माणाधीन ट्रांसमिशन लाइन को सन 2028/29 में पूरा करने का लक्ष्य लेकर काम किए जाने की जानकारी दूतावास की तरफ से जारी बयान में है। इसके अलावा कुछ और अधिक अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइन बनाने को लेकर अध्ययन करने पर भी सहमति बनी है।

### यहां हैं ट्रांसमिशन लाइनें

वर्तमान में नेपाल और भारत के बीच 132 केवी क्षमता की पांच ट्रांसमिशन लाइनें और 400 केवी क्षमता की ट्रांसमिशन लाइन है। ढल्केवर-मुजफ्फरपुर ट्रांसमिशन लाइन के तहत 2000 मेगावाट की पांच लाइनों से 720 मेगावाट बिजली प्रसारित की जा सकती है। सतलुज जलविद्युत निगम ढल्केवर-सीतामढ़ी में 400 केवी क्षमता का ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण कर रहा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109